सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 28.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.1 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79212.53 |
| निफ्टी | 24039.35 |
| सोना | 98,340 |
| चांदी | 1,00, 900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर तुली सुक्खू सरकार: जयराम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 28 अप्रैल 2025 | 16 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 119, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs गुजरात टाइंटस

समयः रात 7:30 बजे (जयपुर)

## न्यूज शॉर्ट्स

### अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें केंद्र को 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। याचिका में आग्रह किया है कि इन मंचों पर अश्लील सामग्री का प्रसारण प्रतिबंधित करने के लिए राष्ट्रीय सामग्री नियंत्रण प्राधिकरण का गठन करने के दिशा-निर्देश दिए जाने चाहिए। इस याचिका पर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ सुनवाई करेगी। (अनंत ज्ञान)

### अमृतसर में हथियारों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से कथित संबंध रखने वाले एक हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और अमृतसर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से सात पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस और 1.50 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर से अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया, उसके कब्जे से हथियार और नकदी बरामद की है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया निवासी जस्सा, जो पाकिस्तान स्थित तस्करों के साथ घनिष्ठ सहयोग से अपने स्थानीय सहयोगियों जोधबीर सिंह उर्फ जोधा और अभिषेक कुमार की मदद से भारत-पाक सीमा पर अवैध हथियारों/गोला-बारूद की तस्करी का काम करता है। (अनंत ज्ञान)

### मध्य प्रदेश में कुएं में गिरी वैन, 11 की मौत

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार को तेज रफ्तार एक वैन, मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार सहित 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक स्थानीय व्यक्ति भी शामिल है, जो लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरा था। यह हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। वैन में 13 लोग सवार थे और चार लोगों को बचा लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को रविवार को बम की धमकी मिली है। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के पीआरओ ने बतायास कि हवाई अड्डे को ई-मेल के जरिए धमकी मिली। बम निरोधक दस्ते ने टर्मिनलों की जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। बम की धमकी झूठी निकली है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्राकृतिक सुंदरता से है परिपूर्ण गुम्मा गांव -पेज 3
- सेफ्टी टैंकों की लीकेज पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सख्त -पेज 6
- हाशिम बाबा गैंग के दो बदमाश हथियारों के साथ गिरफ्तार -पेज 13
- धर्मशाला स्टेडियम के बाहर आईपीएल की टिकटों के लिए उमड़ी भीड़ -पेज 14


# बांदीपोरा और वंडिना में आतंकियों के घर ध्वस्त

# दहशतगर्दों ने कुपवाड़ा में व्यक्ति को गोली से उड़ाया

## किश्तवाड़ में सेना की वर्दी की बिक्री, सिलाई और भंडारण पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी, श्रीनगर**

**पहलगाम** में हुए आतंकी हमले के बाद से आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार सुबह बांदीपोरा की नाज कॉलोनी में आतंकी जमील अहमद शीर गोजरी पुत्र अब्दुल अहद शीर गोजरी के दो मंजिला मकान को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जमील 2016 से सक्रिय है। उधर, वंडिना, जैनापोरा निवासी आतंकी अदनान शफी का भी घर ध्वस्त कर दिया है। एक साल पहले आतंकवादी संगठन में शामिल हुआ था।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मारा गया व्यक्ति एक आम नागरिक था, जिसका भाई कुछ साल पहले पाकिस्तान चला गया था और लश्कर में शामिल है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने रविवार सुबह कंडी खास स्थित 45 वर्षीय गुलाम रसूल मगरे पर गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मगरे को तुरंत एक चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया, जहां से श्रीनगर के एक अस्पताल में रेफर किया, जहां उसकी मौत हो गई।

उधर, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में राष्ट्र विरोधी तत्वों की ओर से सेना की वर्दी का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रशासन ने सैन्य कपड़ों की बिक्री, सिलाई और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। किश्तवाड़ के उपायुक्त राजेश कुमार शवन ने यह आदेश जारी किया। उन्होंने आदेश में कहा कि सभी अधिकृत दुकानें और कंपनियां, जो सैन्य कपड़े बेचती हैं, उन्हें तुरंत अपने इस व्यवसाय को जारी रखने की अनुमति के बारे में नजदीकी पुलिस थाने को लिखित रूप में सूचित करना होगा। सभी अधिकृत व्यक्ति, निजी कंपनियां और दुकानें, जो सैन्य/खादी कपड़े बेचती हैं, उन्हें हर दो हफ्ते में अपनी बिक्री की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी कि कौन से सेना/पैरा मिलिट्री/पुलिसकर्मियों को कपड़े बेचे गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### एनआईए ने अपने हाथ ली जांच मामला किया दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है और आतंकी साजिश का पता लगाने के लिए सबूतों की तलाश तेज कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद रविवार को जम्मू में मामला दर्ज किया और कई टीमें जांच में जुटी हैं।

### दिल्ली में रह रहे पांच हजार पाकिस्तानी

**आईबी ने पुलिस को सौंपी सूची**

**पहलगाम** में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकारें प्रदेश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है, तीन इन लोगों को वापस भेजा जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने यह सूची दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के साथ साझा की है और आगे सत्यापन और पहचान के लिए इसे संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।

### तीन बैठकों के बाद भी बीएसएफ जवान की रिहाई नहीं

90 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका है और सैन्य स्तर पर तीन बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक गलती से सीमापार गए बीएसएफ जवान की वापसी नहीं हो सकी है। सीमापार गए बीएसएफ जवान को वापस स्वदेश लाने के लिए बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच तीन राउंड की बैठक हो चुकी है, लेकिन अभी तक जवान की रिहाई नहीं है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने जवान के बारे में जानकारी न होने की बात कही है।

### उड़ी में पाक सेना की फायरिंग, भारतीय सेना का कड़ा जवाब

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सैनिकों ने शनिवार देर रता को जम्मू-कश्मीर में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी कर नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। भारतीय सेना के जवानों ने इसका कड़ा जवाब दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार तीसरी रात शनिवार को पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। कुपवाड़ा जिले के उड़ी में तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत इलाकों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

**पाक मंत्री की गीदड़भभकी**

### हमने 130 परमाणु हथियार प्रदर्शन के लिए नहीं रखे : हनीफ

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत की सख्ती और प्रतिबंध के चलते पाकिस्तान की घबराहट बढ़ी हुई है। पाकिस्तान के मंत्री और नेता भारत को गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने शस्त्रागार में 130 परमाणु हथियार केवल भारत के लिए रखे हैं। अब्बासी ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान की जल आपूर्ति को रोकने की हिम्मत करना है, तो उसे पूर्ण युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान के 130 परमाणु हथियार प्रदर्शन के लिए नहीं हैं।

## हिमाचल में 3 डीसी सहित 17 आईएएस अधिकारी बदले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रियंका वर्मा सिरमौर, किरण लाहौल-स्पीति और राहुल बिलासपुर के डीसी**


**प्रदेश** सरकार ने रविवार को कई आईएएस और एचएएस अधिकारियों के तबादले और तैनातियां की हैं। लाहौल-स्पीति, सिरमौर और बिलासपुर जिले के डीसी बदले गए हैं। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार को बिलासपुर का उपायुक्त लगाया है। बिलासपुर के डीसी आबिद हुसैन सादिक अब हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के एमडी होंगे। इस पद का अतिरिक्त जिम्मा संभाल रहे राकेश कुमार प्रजापति को भारमुक्त कर दिया गया है।

वहीं, किरण भड़ाना को लाहौल-स्पीति का डीसी बनाया है। डीसी के तौर पर उनकी यह पहली तैनाती है। नेशनल हेल्थ मिशन की निदेशक प्रियंका वर्मा सिरमौर की नई डीसी होंगी। रीमा कश्यप (बैच 2015) को निदेशक भाषा व संस्कृति लगाया गया है। इसके अलावा उन्हें सचिव अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

इसके अलावा सुमित खिमटा जो सिरमौर के डीसी थे, उनको एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक सशक्तिकरण विभाग का निदेशक बनाया गया है। जफ्फर इकबाल को धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीईओ-कम-एमडी से बदलकर कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक धर्मशाला का एमडी लगाया है। इस पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे आदित्य नेगी को भारमुक्त कर दिया है।

### ओमकांत बिलासपुर अभिषेक मंडी के एडीसी

**डॉ.** पंकज ललित (बैच 2018) को निदेशक भाषा कला व संस्कृति से बदलकर महिला एवं बाल विकास विभाग का निदेशक नियुक्त किया है। रितिका को निदेशक लैंड रिकॉर्ड से बदलकर धर्मशाला नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उन्हें स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के प्रमुख के तौर पर अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। नवीन आईएएस अधिकारियों में ओमकांत ठाकुर को एडीसी बिलासपुर और अभिषेक कुमार गर्ग को एडीसी मंडी नियुक्त किया है। तैनाती का इंतजार कर रहे विजय वार्धन को सचिव हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला, रुपिंदर कौर को एसडीएम मंडी और राजदीप सिंह को एसडीएम बिलासपुर लगाया गया है। आईएएस डॉ. निपुण जिंदल (बैच 2014), जो वर्तमान में आयुष निदेशक का कार्यभार संभाल रहे हैं, को डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस निदेशक लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार जारी रखने का आदेश दिया है। रोहित जम्वाल को पब्लिक फाइनेंस और पब्लिक इंटरप्राइजेज विभाग में विशेष सचिव (वित्त) और निदेशक ट्रेजरी, लॉटरी और एचपी फाइनेंशियल कॉरपोरेशन से बदलकर निदेशक आयुष लगाया है। शिमला डिवीजन के सेटलमेंट अधिकारी प्रदीप कुमार ठाकुर को नेशनल हेल्थ मिशन, हिमाचल प्रदेश में मिशन निदेशक बनाया गया है।



# हिमाचल में तीन पुश्तों से वन भूमि पर किए गए कब्जे होंगे नियमित

- ग्राम सभा में होगी जरूरी जांच पड़ताल
- आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज करने होंगे पेश

एफआरए को लेकर कोई गलतफहमी नहीं है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अधिनियम में पात्र लोगों को लाभ होगा, जो तीन पुश्तों से वन भूमि पर जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसे पात्र लोगों की भूमि को ही नियमित किया जाएगा। बागवानी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसके लिए 500 करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारा है। इन्हीं सब बातों को लेकर बागवानी, राजस्व, जनजातीय एवं जन शिकायत निवारण मंत्री **जगत सिंह नेगी** ने अपने बेबाक व साफ लहजे वाले अंदाज में अनंत ज्ञान के ब्यूरो चीफ **सत्यदेव भारद्वाज** से एक्सक्लूसिव बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश-



जगत सिंह नेगी, राजस्व मंत्री

अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

**एफआरए को लेकर काफी हो-हल्ला मचा है। इसको लेकर सरकार का क्या स्टैंड है?**

**इस** अधिनियम का उद्देश्य लंबे समय से वन भूमि पर जीवन यापन करने वालों को भूमि का मालिकाना हक देना है। प्रदेशभर में वन अधिकार अधिनियम लागू किया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों को लाभ मिल सके। लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि इसे राज्य के अंदर इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। पंचायत स्तर में वन अधिकार समिति का गठित किया जाएगा। इस अधिनियम के तहत आने वाले मामलों को ग्रामसभा सत्यापन के लिए उपमंडल स्तरीय समिति को भेजेगा। उपमंडल स्तरीय समिति उन मामलों को सत्यापन कर जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेगी। इसके बाद उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति मामलों का निपटारा और दस्तावेजीकरण कर, उन मामलों में अपनी स्वीकृति देगी। दावेदार को वन अधिकार का मान्यता पत्र कागज प्रदान किए जाएंगे। वन भूमि पर कानूनी अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावेदार भूमि पर 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व लगातार तीन पुश्तों से खेती कर रहा हो और उस भूमि से घास ले रहा हो या फिर भेड़-बकरी का पालन कर रहा हो। तभी वह मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकता है।

**वन अधिकार अधिनियम कब तक लागू होगा?**

**जल्द** ही लागू कर दिया जाएगा। आगामी अगस्त माह से वन अधिकार पट्टे जारी किए जाएंगे। एफआरए 2006 के तहत अनुसूचित जनजाति व अन्य श्रेणियां के सदस्य जो 13 दिसंबर 2005 से पहले तीन पीढ़ियों से वन भूमि में निवास कर रहे हैं और अपनी आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं, उन्हें भूमि के अधिकार देने में तेजी लाई जाएगी। एफआरए का कैलेंडर 2025-26 में वर्षभर, मतलब अप्रैल से दिसंबर तक इसकी तमाम प्रक्रियाओं के चरण चलेंगे। एफआरए के तहत एफआरए ऐप और एफआरए हेल्पलाइन नंबर भी जल्द ही जारी किए जाएंगे। एफआरए सप्ताह को विशिष्ट माह घोषित किया जाएगा, ताकि सत्यापन या दावा प्रसंस्करण में तेजी लाई जा सके।

**बागवानों के हित में अच्छे काम किए हैं, अब नई तकनीक आधारित सेब की खेती के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?**

**कांग्रेस** सरकार शुरू से ही बागवानों की शुभचिंतक रही है। हमने यूनिवर्सल कार्टून लागू किया, जिससे बागवानों को अतिरिक्त सेब के वजन से छुटकारा मिला। ढाई सालों में कई कदम उठाए गए हैं, जिससे बागवान को फायदा पहुंचा है। अब परंपरागत सेब की खेती में विपरीत मौसम के चलते दिक्कत आ रही है, इसलिए प्रदेश में सेब बागवानी को पुनर्जिवित करने को 500 करोड़ की योजना चलाई जा रही है, जो आधुनिक बागवानी के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ा रही है। उन्नत बागवानी तकनीक की खेती समय की मांग है। इसके लिए बाहर के देशों से नर्सरियां मंगवाई जा रही हैं, जिन्हें जरूरत के अनुसार बागवानों को आवंटित किया जा रहा है।

# पहलगाम हमले के दोषियों को नहीं बख्शेंगे पीड़ित परिजनों को मिलेगा न्याय: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- कहा- हर भारतीय गुस्से से उबल रहा
- एकजुटता के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे लड़ाई





**पीएम** मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश का नागरिक गुस्से से उबल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हमले में दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही मोदी ने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स का लांच करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। पूर्व ईसरा चीफ डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा की बात करते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में गर्मी ने छुड़ाए पसीने, ऊना में पारा 42 डिग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कांगड़ा में 37.0 डिग्री पहुंचा तापमान**

**हिमाचल** प्रदेश में गर्मी ने पसीने छुड़ाना शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 13 शहरों में पार तीस पार पहुंच गया है। सबसे अधिक पारा ऊना में दर्ज किया गया। दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऊना में अधिकतम तापमान 42.0, सुंदरनगर में 34.5, धर्मशाला में 33.0, नाहन में 35.8, सोलन में 33.0, कांगड़ा में 37.0, मंडी में 36.6, बिलासपुर में 37.9, हमीरपुर में 37.0, चंबा में 32.8, जुब्बड़हट्टी में 32.1, धौलाकुआं में 37.2, बंजौरा में 33.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, दो मई को पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। तब तक निचले व मध्य क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहेगा, जिससे लोगों की दिक्कतें बढ़ने वाली हैं।

**तैयारी** | सचिवालय में प्रशासनिक हलचल तेज, सुरक्षा व्यवस्था खंगाली जा रही, राष्ट्रपति 5 मई को पहुंचेंगी शिमला

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत को तैयार राजधानी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**राजधानी** शिमला में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन होने वाला है। राष्ट्रपति दौरे को लेकर पूरा शहर चाक-चौबंद हो रहा है। सचिवालय में हलचल तेज है और प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा संबंधी तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली है।

राष्ट्रपति मुर्मू 5 मई को शिमला पहुंचेंगी और 9 मई को उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। वहीं, छराबड़ा में राष्ट्रपति के निवास द रिट्रीट को नए रंग रूप में ढाला जा रहा है। यहां पर एसपीजी ने पहले ही डेरा डाल दिया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए छराबड़ा में द रिट्रीट के पूरे परिसर को आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। यह पाबंदी 28 अप्रैल से 12 मई तक रहेगी। इसके बाद आम लोगों के लिए खुल पाएगा। एसपीजी ने मशोबरा में राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। साथ ही आईआईटी मंडी और अटल टनल रोहतांग में भी एसपीजी सुरक्षा व्यवस्था खंगाल रहे हैं। इनके दौरे को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने भी चौकसी बढ़ा दी है। सचिवालय में सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ( अनंत ज्ञान )



### राष्ट्रपति छुट्टियां मनाने आ रहीं हिमाचल

राष्ट्रपति मुर्मू छुट्टियां मनाने शिमला आ रही हैं। परिवार के सदस्य भी उनके साथ होंगे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से सरकार को उनके प्रवास की आधिकारिक जानकारी दी है, जिसमें राष्ट्रपति छह मई को शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगी। सात मई को आईआईटी मंडी, आठ मई को अटल रोहतांग सुरंग का दौरा करने जाएंगी। इसके बाद शिमला लौट आएंगी और नौ मई को सुबह दिल्ली लौट जाएंगी।


### तकनीकी क्षेत्रों की दी जाएगी जानकारी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी अपने शैक्षणिक, अनुसंधान और नवाचार में 15 वर्षों की उत्कृष्ट यात्रा को भव्य आयोजन के साथ मनाएगा। संस्थान के इस भव्य आयोजन की थीम उपलब्धियों के 15 वर्ष-सीएफए 2025 रखी गई है। यह आयोजन आईआईटी मंडी के परिसर में सात और आठ मई को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी, उन्नत सामग्री और उद्यमिता जैसे उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन में विश्वभर के विचारशील नेताओं और शोधकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

- छराबड़ा द रिट्रीट में आम लोगों के आने-जाने पर पाबंदी
- 28 अप्रैल से 12 मई तक रहेगी रोक, एसपीजी ने संभाला मोर्चा

### अनाडेल व जुब्बड़हट्टी को रखा रिजर्व

**राष्ट्रपति** के दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हो चुकी है, जिसमें राष्ट्रपति सचिवालय, गृह मंत्रालय, प्रदेश सरकार के आला अधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अनाडेल व जुब्बड़हट्टी को भी रिजर्व रखा जाएगा।



# जनसमस्याओं के निवारण के लिए की जाएगी त्वरित कार्रवाई : सुनील



मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू जनसमस्याएं सुनते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार को अपने निजी आवास एवं कार्यालय में आम लोगों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर सुनील शर्मा बिट्टू के पास पहुंचे। सुनील शर्मा बिट्टू भी एक-एक व्यक्ति से बहुत ही आत्मीयता के साथ मिले और उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं सहानुभूतिपूर्वक ढंग से सुना। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार सभी जनसमस्याओं के निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार रविवार शाम को जाहू में मेवा उत्सव की चौथी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सोमवार सुबह वह शिमला रवाना हो जाएंगे।

# दिन-रात धधक रहे हमीरपुर के जंगल

## हमीरपुर में एक दिन में 6 जगहों पर लगी आग, अग्निशमन विभाग ने बुझाई





हीरानगर के साथ रात के समय लगी आग (दाएं) हीरानगर के जंगल में लगी आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे ही जंगल में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। हालांकि, जिला प्रशासन ने भी फायर सीजन के शुरू होते ही वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय निवासियों की जिम्मेदारी तय कर दी है, लेकिन कुछ बेपरवाह लोग इन सभी को नजरंदाज कर जंगल के किनारे जलती हुई सिगरेट और ज्वलनशील पदार्थ फेंक रहे हैं, जिसकी वजह से जंगल में आग लग रही है और लाखों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो रही है।

रविवार को भी हमीरपुर शहर और आसपास के क्षेत्र में 6 जगहों पर आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को भी दी गई। हीरानगर में 2 आग की घटनाएं, जिला कोर्ट परिसर के साथ, इसके अलावा खग्गल और खटवीं गांव के साथ भी आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इन सभी घटनाओं में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। वहीं, वन संपदा को भी नष्ट होने से बचाया। गर्मियों का सीजन शुरू हो गया है और आग लगने की घटनाएं भी होना शुरू हो गई हैं। अग्निशमन विभाग ने गर्मियों में आग की घटनाओं से किसी को नुकसान न हो, इसके लिए सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, अब कर्मचारियों को केवल आपात स्थिति में ही छुट्टी मिल पाएगी। जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में बहुमूल्य वन संपदा को आग की घटनाओं से बचाने के लिए स्थानीय निवासियों की जिम्मेदारी भी तय की है।

डीसी अमरजीत सिंह ने हालही में इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में वन संपदा की रक्षा के लिए सभी सक्षम पुरुष नागरिकों के माध्यम से रात्रि गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित करेंगे तथा वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग का सहयोग करेंगे। डीसी ने सभी एसडीएम को भी हिमाचल प्रदेश ग्राम एवं छोटे शहर गश्त अधिनियम-1964 की धारा 8 के तहत विशेष आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया है। जिलाधीश ने बताया कि ये आदेश इस वर्ष फायर सीजन की अवधि तक लागू रहेंगे। इस बारे में अग्निशमन विभाग के प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि हमीरपुर में 6 जगहों पर आग की घटनाएं हुई हैं। विभाग के कर्मचारियों ने आग को कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया। (अनंत ज्ञान)

# पदोन्नति के बिना 100 से अधिक मुख्याध्यापक हो गए सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हेडमास्टर ऑफिसर कैडर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि स्कूल प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची जल्द जारी की जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा, प्रदेश महासचिव केवल ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कहा कि गत वर्ष प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है, लेकिन स्कूल प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची दिसंबर 2023 के बाद नहीं निकाली गई है।

शिक्षा विभाग में एक टीजीटी लगभग 30 वर्ष के सेवाकाल के बाद प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नत होता है। गत वर्ष पदोन्नति न निकलने के कारण 100 से अधिक मुख्याध्यापक पदोन्नति के बिना ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि वर्तमान में स्कूल प्रधानाचार्य के 2000 पदों में से 765 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। इसके साथ ही संघ के पदाधिकारियों प्रदेश वित्त सचिव बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप धीमान, प्रवीण चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर जमवाल, दिलबाग सिंह राणा, रत्नेश्वर सालरिया, प्रधान जिला कांगड़ा हरबंत सिंह, प्रधान ऊना नरेश शर्मा, प्रधान मंडी नरेश महाजन, प्रधान सोलन देशराज शारदा, प्रधान बिलासपुर सुरेश ठाकुर, प्रधान शिमला संजीव शर्मा, कार्यकारी प्रधान जिला हमीरपुर रविदास, महासचिव जिला हमीरपुर संजीव ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम कौशल, सुरेश कुमार ने 2017 से 23 तक के स्कूल प्रधानाचार्य के नियमितीकरण के संदर्भ में डीपीसी का कार्य पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही यह भी आशा व्यक्त की कि इन सभी स्कूली प्रधानाचार्यों को जल्द नियमितीकरण का तोहफा मिलेगा। संघ के पदाधिकारियों ने मांग की है कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए और छात्र हित में स्कूल शिक्षा निदेशक एवं सभी उपशिक्षा निदेशक शिक्षा विद ही लगाए जाएं क्योंकि एक शिक्षाविद का इस क्षेत्र में लंबा अनुभव होता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा ने कहा है कि संघ जल्द ही अपनी मांगों के संदर्भ में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षक सचिव से मिलेगा।

# कबड्डी में ऊना ने बाड़ी को 41-23 से हराया



विधायक आशीष शर्मा कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ, युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधायक सदर आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोल में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रतियोगिता के आयोजनकर्ताओं ने विधायक का हार पहनाकर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में जिला और जिले से बाहर की करीब 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला ऊना और बाड़ी की टीमों के मध्य हुआ। इसमें ऊना ने 41-23 से मैच को अपने नाम किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रखते हैं। आजकल मोबाइल का प्रयोग बच्चे ज्यादा कर रहे हैं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह बच्चों को मोबाइल न देकर उन्हें आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी युवाओं से नशे से दूर रहकर खुद को फिट रखने और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ईनाम देकर सम्मानित किया।

# शिक्षा निदेशालय बनाने से पहले शिक्षक गैर- शिक्षक संघों से वार्ता करे सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में एक शिक्षा निदेशालय के गठन के उपरांत उपजे विवाद का जल्द समाधान किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री सहित शिक्षा सचिव समस्त शिक्षक संघों और शिक्षा विभाग के गैर शैक्षिक संघों की संयुक्त जेसीसी बुलाएं और एक शिक्षा निदेशालय की एसओपी फाइनल की जाए, जिसमें सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षक वर्ग कर्मियों के हितों की रक्षा करने का प्रयास किया जाए। उनके सुझावों को लिखित रूप से जमा करते समय सरकार द्वारा सभी शिक्षकों की जायज मांगों को स्वीकार किया जाए।

सरकार के खिलाफ रहे धरने-प्रदर्शन और सोशल मीडिया के ऊपर आ रहे पोस्ट्स ये दर्शाते हैं कि इस मामले में सबकी राय ले ली जाए और शंका निवारण किया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने राज्य सरकार से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज सहित अनेक सदस्यों ने कहा कि इस समय शिक्षक उपस्थिति व्यवस्था के नाम पर तीन तरह की हाजिरी लग रही है। इसमें बायोमीट्रिक, स्विफ्ट चैट और उपस्थिति रजिस्टर शामिल हैं, जबकि हर वक्त शिक्षकों की लोकेशन को ट्रैक करने के नाम पर तीन तरह की हाजरी एक साथ लगाना सही नहीं है। इसको केवल एक जगह लगाया जाए और शिक्षकों को आए दिन नए-नए आदेशों के चलते हो रही असुविधाओं की सुध भी ली जाए। एक निदेशालय में निदेशालय स्टाफ पर इतना बोझ पड़ गया है कि रविवार को भी निदेशालय खुला रखकर कर्मचारी काम कर रहे हैं। ऐसे में स्कूल कैडर के सभी शिक्षक संघों से सुझाव और मांगें सरकार एक बैठक में आमंत्रित करें, ताकि कोई भी वर्ग धरने प्रदर्शन की बजाय वार्ता से मामले हल कर सके। नॉन गैजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन (अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ) को अढ़ाई साल में मान्यता नहीं मिली है।



# बड़सर थाना परिसर के आसपास उगी चरस की फसल को उखाड़ा

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बड़सर पुलिस टीम ने एसएचओ गुरबख्श सिंह के नेतृत्व में नशे की खेती को नष्ट करना शुरू कर दिया है। रविवार को थाना बड़सर के आसपास उग रही चरस की खेती को नष्ट किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि कहीं भी अगर नशे की खेती दिखाई देती है, तो आम जनता पुलिस को सूचित कर सकती है। उस खेती को नष्ट करने के लिए पुलिस टीम को भेजकर उखाड़ दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए नशे के खिलाफ जीरो टारगेट नीति के तहत यह कार्य शुरू हुआ है। नशा बेचने वालों को पकड़ने के लिए बड़सर पुलिस ने लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया है।

**कहीं भी अगर नशे की खेती दिखाई दे, तो आम जनता पुलिस को सूचित करें : एसएचओ**

# अक्षय तृतीया महोत्सव गसोता मंदिर में 30 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल के तत्वावधान में गीता प्रचार-प्रसार संस्थान हमीरपुर की ओर से अक्षय तृतीया महोत्सव गसोता महादेव मंदिर के प्रांगण में मनाया जाएगा।

इस अवसर पर स्नान, भजन-कीर्तन, विष्णु सहस्रनामों का पाठ, शिव चालिसा वाचन, हवन आदि के साथ-साथ पांच विद्वान ब्राह्मणों का पूजा-अर्चना व धोती, गढ़वी, मिठाई और छातों का दान भी भक्तों द्वारा किया जाएगा। जो सज्जन पति-पत्नी सहित भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान अस्पताल परिसर में 30 अप्रैल को प्रात: 10 पहुंचे। गाड़ियों का प्रबंध कर लिया गया है। यह कार्यक्रम 11 से 2 बजे तक चलेगा। उसके बाद प्रीतिभोज में सभी सम्मिलित होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज होगी सांस्कृतिक संध्या : अनुराधा

अनंत ज्ञान, जाहू। उपमंडल भोरंज के जाहू खेल मैदान में चल रहे मेवा उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या को मेवा उत्सव कमेटी ने कश्मीर के पहलगाम में 26 हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में स्थगित किया था तथा इस घटना पर मेवा उत्सव कमेटी के सदस्यों ने शोक प्रकट किया। मेवा उत्सव कमेटी अध्यक्ष एवं जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने कहा कि शनिवार को पूरा देश पहलवान की घटना पर शोक प्रकट कर रहा है। इसमें जाहू पंचायत व मेवा उत्सव कमेटी के सदस्य भी शामिल हुए इसलिए कमेटी ने 26 अप्रैल की सांस्कृतिक रात्रि संध्या को स्थगित किया और इसे अब 28 अप्रैल को शाम 7 से 10 बजे तक करने का निर्णय लिया।

### बैडमिंटन के डब्बल में अमृत व सन्नी विजेता

**अंनत ज्ञान, हमीरपुर।** नशा मुक्त हमीरपुर को लेकर पट्टा बाजार में थर्ड मैगा बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में 35 प्लस आयु वर्ग के डब्बल मुकाबले शनिवार शाम पांच बजे से लेकर रविवार सुबह पांच बजे तक जारी रहे। रात भर बैडमिंटन के जबरदस्त मुकाबले खेले गए। बैडमिंटन के डब्बल मुकाबलों में नादौन के अमृत और सन्नी विजेता रहे, उन्हें 11 हजार रुपए व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि रनरअप में हमीरपुर के गौत्तम व सुशील रहे, उन्हें 7100 रुपए व ट्राफी देकर नवाजा गया। विजय व हर्ष की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही, उन्हें 3100 रुपए व ट्राफी और पंकज व सुरेंद्र की जोड़ी टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रही। उन्हें 2100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने विजेता व उपविजेता टीमों को नकद कैश व ट्राफी देकर सम्मानित किया। साईं इंडेन गैस सर्विसेज के मालिक एवं ग्राम पंचायत भगेटू के प्रधान अजय चंदेल ने बैडमिंटन क्लब पट्टा के सहयोग से मैगा बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया। इसमें हमीरपुर जिले के अलावा कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी जिला सहित करीब 32 टीमों ने भाग लिया।

# स्टूडेंट्स को समाचार प्रस्तुति के पहलुओं से अवगत कराया



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में न्यूज रीडिंग प्रेजेंटेशन में भाग लेते छात्र।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर, हमीरपुर द्वारा जूनियर बोर्ड्र्स के लिए न्यूज रीडिंग प्रेजेंटेशन पर एक प्रभावी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

इस सत्र में कक्षा 4 से 8 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को समाचार प्रस्तुति के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे-सटीकता, उच्चारण, आवाज की स्पष्टता और प्रस्तुति कौशल से अवगत कराया गया। सभी छात्रों ने बारी-बारी से समाचार पढ़े और अपने पसंदीदा समाचार एंकरों की नकल कर प्रस्तुति को रोचक बनाया। अशोक सिंह गुलेरिया ने समाचार वाचन के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए साथ ही संजय मनकोटिया, सुश्री रविष्का और सुश्री प्रतिक्षा ने भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस सत्र का अवलोकन विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर संजीव ठाकुर और डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर कमल कुमार ने किया तथा छात्रों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की।

# प्रतियोगी परीक्षा में 160 ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित समाजसेवी संस्था प्रयास की लंबलू इकाई द्वारा अपने स्वर्गीय सदस्य की याद में अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले 12 एक से श्रेष्ठ केंद्रों के नन्हे छात्रों की स्वर्गीय कर्म चंद पठानिया प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया।

इसमें 160 ने हिस्सा लिया। परीक्षा में प्रथम स्टेंडर्ड में शिवन्या शर्मा केंद्र चमनेड़ 5, रुद्राक्ष केंद्र ब्ल्यूट, मन्नत केंद्र डबरेडा सभी ने 100 प्रतिशत अंक ले कर प्रथम स्थान, अद्वैता केंद्र डबरे, तनवी शर्मा केंद्र चमनेड़-5, मनीषा केंद्र साईं ब्राह्मण, मताली केंद्र ठनकरी, अनवी पठानिया केंद्र कंगरू सभी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, वंश केंद्र चमनेड़-2 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्टेंडर्ड में अपूर्वा ठाकुर केंद्र कौहीं ने प्रथम और अर्णव ठाकुर केंद्र कौहीं ने दूसरा स्थान हासिल किया। तृतीय स्टेंडर्ड में हार्दिक गर्ग केंद्र चमनेड़-2, दिव्यांशी केंद्र साईं ब्रह्मणा, दोनों ने 85 प्रतशित अंक लेकर प्रथम और अनवी केंद्र साईं ब्रह्मणा, लक्ष केंद्र चमनेड़ 2, दोनों ने 82 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, अनवी शर्मा केंद्र धरोग गहलियां,पीयूष केंद्र चमनेड़-2, शिवांगी शर्मा केंद्र चमनेड़-2 के सभी ने 78 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ने सभी अव्वल रहे छात्रों को बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि इन छात्रों को जल्द समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# विधायक ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद



विधायक इंद्रदत लखनपाल बिझड़ी में आग की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल के पीड़ितों से दुख-दर्द साझा करते हुए।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बिझड़ी कस्बे में शरारती तत्वों द्वारा खेतों मे रखी गेहूं की फसल को आग के हवाले कर दिया था। इस भयंकर अग्निकांड में बिझड़ी के तीन किसानों प्यार चंद, जगतार सिंह और महेंद्र सिंह राणा की खेतों में रखी गेहूं की फसल जलकर स्वाह हो गई थी।

इसमें सबसे ज्यादा नुकसान प्यार चंद को हुआ था। इस घटनाक्रम का जैसे ही विधायक इंद्रदत लखनपाल को पता लगा, तो वह एकदम पीड़ित परिवार के घर पहुंचे तथा उन्हें 5000 के करीब आर्थिक सहायता प्रदान की।

इसी के साथ बिझड़ी क्षेत्र के कपड़ा व्यापारी एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार ने भी पीड़ित प्यार चंद को 3000 के करीब धनराशि भेंट की। विधायक लखनपाल ने आगजनी से प्रभावित परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इसी के साथ ही जहां पर यह अग्निकांड हुआ था, उस जगह का मुआयना किया तथा प्रदेश सरकार से भी जिन लोगों की गेहूं जलकर राख हुई है, उन्हें हर संभव सहायता करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान बिझड़ी संजय शर्मा, भाजपा नेता सुरेंद्र अग्निहोत्री, पूर्व मीडिया प्रवक्ता नानक चंद शर्मा तथा प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



उटांबर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भाग लेते श्रद्धालु व अन्य।

**अनंत ज्ञान, रंगस**

जब कृष्ण बहुत छोटे थे, तो मथुरा के राजा कंस द्वारा उन्हें मारने के लिए भेजी गई पूतना को यमलोक भेज दिया।

संकटासुर राक्षस को भेजने सहित कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए, लेकिन अंत में कृष्ण के हाथों कंस का अंत हुआ तथा धर्म की जीत हुई। यह बात टौणीदेवी के उटांबर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्य पंडित अमृत लाल शर्मा ने प्रवचन करते हुए कही। हेमराज चंदेल एव जगवीर चंदेल के घर के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्य ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वृत्तांत सुनाकर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया।

**विश्वास** एक दर्जन सभाएं जांच के शिकंजे में, ताल सभा घोटाले की हो गई सारी रिकवरी

# कौन फुला रहा सहकारी सभाओं की सांसें?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान विशेष**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव माने जाने वाली सहकारी सभाएं आखिर क्यों दम तोड़ रही हैं। लोगों का विश्वास इन सभाओं से क्यों उठने लगा है।

ताजा घटना में सहकारी सभा ताल में हुए घोटाले की रिकवरी तो हो गई, लेकिन यह गड़बड़ झाला आखिर हुआ क्यों? क्या इस सभा पर फिर से लोगों का विश्वास बरकरार हो जाएगा! क्या सरकार सहकारी सभाओं के लिए कोई ठोस कायदे कानून नहीं बन सकती? यह सारे सवाल चर्चा में हैं, लेकिन सभाओं की हालत में सुधार कब होगा? इस पर अभी भी संदेह है। हमीरपुर जिले में कुल 306 सभाएं और अन्य संस्थाएं हैं, जिनमें 226 सहकारी सभाएं हैं। इन तमाम सभाओं के ऑडिट में भी पिछले दो-तीन सालों से बदलाव हुआ है। पहले तो इनका ऑडिट विभाग ही अपने ऑडिटर्स से करवाता था, लेकिन अब चार्टर अकाउंटेंट यानी सीए और कुछ हायर किए गए दूसरे लोगों से भी इनका ऑडिट किया जाता है, लेकिन इसका सबसे प्रमुख कारण यह है कि अब इनका ऑडिट सभाओं की प्रबंध समिति पर निर्भर करता है। वह चाहे तो किसी एक से ही हर साल ऑडिट करवा सकते हैं, न चाहें तो इसमें बदलाव भी कर सकते हैं। अब इस सिस्टम का मतलब यही हुआ कि सब कुछ स्थानीय तौर पर प्रबंध समिति पर ही निर्भर है। वह इसकी व्यवस्था को कैसे बनाएं, ताकि सभा बेहतर तरीके से काम करे और लोगों का विश्वास भी बना रहे, लेकिन यदि प्रबंधन समितियों के नाक तले ही गड़बड़झाले हो जाएं, तो फिर जवाब देही किसकी है। जिले में अभी तक करीब एक दर्जन सहकारी सभाएं गड़बड़ झालाओं की जांच के शिकंजे में हैं कुछ पर प्रशासक तैनात किए हुए हैं। कुछ के मामले रिकवरी में फंसे हुए हैं। कुछ कोर्ट में जा चुके हैं। कुछ की जांच जारी है। मतलब साफ है कि टाइम बांड कुछ भी नहीं है।कुछ गड़बड़ झाले का शिकार हुई सभाओं के सचिव सुसाइड भी कर चुके हैं क्योंकि वहां रिकवरी का पैसा ज्यादा था और वह अभी भी अधर में फंसा हुआ है।

पंधेड़ सहकारी सभा हो या फिर कालेअंब, यही स्थिति बल्यूट सभा की है। करोड़ों की रिकवरी अभी भी इनमें फंसी हुई है। पंधेड़ में नीलामी नहीं हो पा रही। उसमें पेंच क्या फंसा है? जिनका पैसा डूबा हुआ है, उन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रहा। ऐसा नहीं है कि जिले में सारी सभाओं से लोगों का विश्वास उठ गया हो। ज्यादातर सभाएं अभी लोगों के विश्वास के बूते आगे बढ़ रही हैं। उनमें सचिव भी बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं। उनकी जमा पूंजी भी बढ़ रही है, लेकिन जहां-जहां गड़बड़ झाले हो रहे हैं, उसमें सख्ती बढ़ाने की जरूरत है और विभाग को ऐसे कायदे कानून बनाने चाहिए, जिसमें लोगों का विश्वास बना रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुछ की संपत्ति नीलाम की जानी : वीणा देवी

**उधर,** हमीरपुर स्थित सहायक पंजीयक वीणा देवी का कहना है कि सात सभाएं अभी जांच के शिकंजे में हैं, जिनमें घोटाले हुए थे और अब कुछ में रिकवरी हो रही है। कुछ की संपत्ति नीलाम की जानी है। उससे जो पैसा आएगा, उसी से सदस्यों की भरपाई होगी। उनका कहना है कि ताल सहकारी सभा में हुए घोटाले की रिकवरी हो गई है। विभाग ने एफआईआर भी दर्ज करवाई है।

**सरकार को उठाने चाहिए सख्त कदम, ताकि विश्वास बना रहे सहकारिता पर**

**ज्यादातर सभाएं अभी लोगों के विश्वास के बूते आगे बढ़ रही**

# सीनियर सिटीजन काउंसिल ने 17 गोशालाओं में दी 15 लाख की फीड



सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के सदस्य गोशालाओं में फीड वितरित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा गो ग्रास योजना के तहत जिले की 17 गोशालाओं को 15 लाख रुपए की 575 क्विंटल फीड वितरित की है। सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय पुरी ने बताया कि काउंसिल द्वारा हर वर्ष गोशालाओं को फीड उपलब्ध करवाई जाती है।

इस वर्ष भी 17 गोशालाओं में जाकर सीनियर सिटीजन के सदस्यों ने फीड पहुंचाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान गोशालाओं का निरीक्षण किया व गोधन की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में 17 पंजीकृत गोशालाओं में 1150 बैग फीड भेजी गई। संस्था पिछले कई वर्षों से मरीज व तीमारदारों को हमीरपुर अस्पताल में तीन समय का भोजन उपलब्ध करवा रही है। इसके साथ ही काउंसिल गरीब बच्चों की पढ़ाई में भी आर्थिक मदद कर रही है। इसके अलावा गरीब बेटियों की शादी में सहायता, कैंसर व डायलिसिस मरीजों की मदद, अग्निपीड़ित व अन्य कई प्रकार की सहायता करती आ रही है। जिले की कोई भी पंजीकृत संस्था चारा लेना चाहती है, तो गोशाला से कोई भी व्यक्ति सीनियर सिटीजन काउंसिल के कार्यालय में पत्र देकर चारे लेने के बारे में बता सकता है। संस्था के साथ उम्रदराज लोग जुड़े हुए हैं, जो निरंतर मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। आगामी समय में भी यह कार्य इसी प्रकार जारी रहेंगे।

# शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर तुली सुक्खू सरकार : जयराम

## तानाशाही से अपनी नाकामियां नहीं छुपा सकते मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर दौरे पर आए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नाहन में कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरीके से चौपट करना चाहती है। इसीलिए आए दिन कोई न कोई प्रयोग कर रही है। 2000 से ज्यादा स्कूल सरकार ने 2 साल में बंद कर दिए हैं। जिसका शिक्षा जगत से जुड़े लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

सरकार ने एक तरफ एनईपी का हवाला देते हुए पहली क्लास में एडमिशन की उम्र बढ़कर 5 से 6 साल कर दी, जिसकी वजह से स्वाभाविक रूप से पहली क्लास में बच्चों के एडमिशन कम हुई। इसका लाभ लेते हुए सरकार ने प्रदेश में सैकड़ों स्कूल मिड सेशन में बंद कर दिए। सरकार का यह रवैया और स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए बहुत नुकसानदायक है। एक तरफ सरकार स्कूल कॉलेज बंद करने के बहाने खोज रही है तो दूसरी तरफ ज्यादा से ज्यादा शराब के ठेके खोलने की तरकीब निकाल रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है, जो लोग आवाज उठाते हैं, उन्हें कार्रवाई की धमकी देकर डराया जाता है। मुख्यमंत्री को लोगों की बात सुननी चाहिए, जिससे उन्हें जमीनी हकीकत का पता लग सके।

सिरमौर यात्रा पर गए जयराम ने पत्रकारों द्वारा सिरमौर में बंद किए गए सैकड़ों संस्थानों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सुक्खू सरकार संस्थान बंद करने, जन सुविधाएं छीनने का रिकॉर्ड बनाने वाली सरकार है। सुक्खू जी इकलौते नेता हैं जो चाहते हैं कि उनका नाम सुविधा छीनने, संस्थान बंद करने, विकास के काम ठप करने के लिए जाना जाए। इसीलिए वह उल्टे रास्ते पर चल रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने पांवटा साहिब में भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक सुखराम चौधरी आदि उपस्थित थे।



नाहन पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का स्वागत करते पार्टी नेता।

### कांग्रेस ने बाबा साहेब का किया अपमान

**सिरमौर** में आयोजित बाबा साहेब सम्मान अभियान को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के बाद देश के सामने दो प्रमुख चुनौतियां थी। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबा साहेब का हमेशा अपमान किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता पूरे देश में घूम-घूम कर संविधान बचाओ यात्रा चला रहे हैं और संविधान में खतरे है का नारा दे रहे हैं। जबकि हकीकत है कि संविधान दुनिया के सबसे मजबूत नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्णतया सुरक्षित है और कांग्रेस पार्टी ही खतरे में है।

# चिकित्सा विशेषज्ञों के स्टाइपेंड में 170 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और विशेषज्ञ चिकित्सकों को लाभान्वित करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग और चिकित्सा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के साथ-साथ सरकार ने वरिष्ठ रेजिडेंट, विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की घोषणा की है। चिकित्सा विशेषज्ञों के मासिक स्टाइपंड में 50 से 170 प्रतिशत की वृद्धि की है।

वरिष्ठ रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है, जबकि सुपर स्पेशलिस्ट और वरिष्ठ रेजिडेंट (सुपर स्पेशलिस्ट) के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपए तक कर दिया गया है। हिमाचल में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं। आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा जैसे संस्थान पोस्ट-ग्रेजुएट सुपर स्पेशलिस्ट और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृत 751 पदों में से वर्तमान में केवल 375 ही भरे हुए हैं। 376 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं।

### अध्ययन अवकाश पर गए शिक्षकों को मिलेगा पूरा वेतन

**राज्य** में चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के एक अन्य कदम में अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन मिलेगा, जिससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा सरकार डॉक्टर-नर्स-रोगी अनुपात के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिए कार्य कर रही है और इन मानदंडों को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है, जिससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## रोहड़ू में नेपाली साथी का मर्डर कर फरार

**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहड़ू उपमंडल के चिल्लाला में अपने ही साथी का मर्डर करके नेपाली मौके से फरार हो गया। घटना चिड़गांव थाना के तहत पेश आई है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में तेश चौहान पुत्र केशव राम निवासी गांव बराल डाकघर झड़ग रोहड़ू ने बताया कि 16 अप्रैल को हरिद्वार से वह दो नेपाली कृष्ण एवं हरी मजदूरी व चौकीदारी के लिए अपने सेब के बागीचे चिल्लाला में लेकर आया और बागीचे में बने हुए ढारे में रखा।

26 अप्रैल को जब वह बागीचे में गया तो देखा कि ढारा बाहर से बंद पडा हुआ था। जब उसने ढारे का दरवाजा खोला तो उसके अंदर कृष्ण नेपाली की लाश पड़ी हुई थी और हरी वहां से फरार था। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर फरार नेपाली हरी की तलाश शुरू कर दी है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि फॉरेंसिक टीम घटनास्थल का जायजा लेकर साक्ष्य जुटाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### मायूसी के आलम में कार्यकर्ता, कांग्रेस में संगठनात्मक गतिविधियों पर विराम

# लंबे इंतजार का 'तमाशा' इधर भी और उधर भी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

संगठनात्मक ढांचे का 'तमाशा' इधर भी है और उधर भी। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों में लंबे इंतजार की घड़ियां पिछले काफी समय से खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। भाजपा में तो आधा-अधूरा ढांचा तैयार है, लेकिन कांग्रेस में मुकम्मल तौर पर ढांचा ध्वस्त है। इस पार्टी का ढांचा कब अस्तित्व में आएगा? इसका इंतजार लंबे समय से वर्कर्स कर रहे हैं, लेकिन उन्हें फिलहाल हर पल मायूसी ही मिल रही है।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस का लगभग आधा समय मुकम्मल भी हो चला है। ढांचे को भंग किए गए लगभग 6 महीने होने को हो गए हैं, न तो प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा हो रही और न ही जिलों के अध्यक्षों की। अब पार्टी की सत्ता के समय ही अगर इस तरह की व्यवस्था का दौर खत्म होने का नाम ही न ले, तो फिर कार्यकर्ताओं के पास सवालों के पिटारे का आकर भी बराबर अपना अंदाज बदलता रहेगा।

सवाल यही है कि कांग्रेस को इससे कितना फायदा होने वाला है। क्या सत्ता के समय संगठनात्मक ढांचे को और मजबूती देकर आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के ढांचे को मजबूत करने का यह सही समय नहीं था। क्या पार्टी हाई कमान सब जानते हुए भी आंखें मूंदकर कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने में बेवजह का संकोच कर रही है। या फिर प्रदेश के नेताओं की आपसी कलह है की वजह से पार्टी हाईकमान किसी अंजाम पर पहुंचने का दम नहीं भर पा रही?

प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दो ही दलों का अस्तित्व हमेशा राजनीति में चमकता आया है। इसमें अहम बात यह है कि कांग्रेस के मुकाबले भाजपा का संगठनात्मक ढांचा धरातल पर ज्यादा मजबूत है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का जो आधार भाजपा के पास है, वैसा कांग्रेस के पास दूर तक नहीं दिखता। यही उसकी सबसे कमजोरी है, लेकिन अहम बात यह है कि इस पर नेताओं की करनी और कथनी में भी बहुत अंतर रहा है। जिस कारण संगठन कभी भी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है।

प्रदेश में इस वक्त भाजपा में भी पिछले कुछ समय से अंदरूनी तौर पर जो हलचल है, उसकी वजह से इस पार्टी को भी गुटों में बंटने से इसके नेता नहीं रोक पाए हैं। केवल प्रदेशाध्यक्ष का ही ऐलान होना है। ऐसे में कांग्रेस की लेट लतीफी कार्यकर्ताओं के सत्ता के इस समय में कैसा असर डाल रही होगी? इसका पता नेताओं को भी है। इसके पीछे की असली वजह जो भी रही है, इसका असर जमीनी तौर पर निश्चित रूप में पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



### दोनों ही दलों के तमाशे में कार्यकर्ता मायूस

**भाजपा** के भीतर केंद्रीय नेतृत्व मजबूत है। शायद इसी वजह से पार्टी भले ही गुटों में बंटी हुई हो, लेकिन धरातल पर सभी नेता एकजुटता का परिचय देने में कोई कोर का असर नहीं छोड़ते, जो भी हो, दोनों ही दलों के इस तमाशे के बीच कार्यकर्ताओं की भीतरी सतह पर मायूसी का आलम है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### हाई कमान क्यों बनी है तमाशबीन

# प्राकृतिक खेती की राह पर पांगी घाटी के 1600 किसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कृषि हिमाचल की अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तंभ है। कृषि व अन्य संबद्ध क्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण से प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। इस दिशा में राज्य में प्राकृतिक खेती पद्धति को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पद्धति को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य खेती में आने वाली लागत और अन्य संसाधनों पर निर्भरता कम करना तथा किसानों की आमदनी में वृद्धि करना है।

हिमाचल के दूर-दराज चंबा जिला की मनोरम पांगी घाटी के किसानों ने प्राकृतिक खेती की सफल मिसाल पेश की है। हिमाचल के मानचित्र में पांगी घाटी का पुंटो गांव प्राकृतिक खेती के लिए आदर्श गांव के रूप में उभर रहा है। पुंटो गांव के कुल 62 किसान परिवारों में से 50 परिवार सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इस गांव को प्राकृतिक खेती के आदर्श गांव के रूप में उभारने में यहां की प्रगतिशील महिला किसान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गांव की कृषक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं



### पांगी बनेगा प्राकृतिक खेती वाला पहला उपमंडल

**क्षेत्र** में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने पांगी प्रवास के दौरान पांगी को हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल बनाने की घोषणा की। इसके लिए 5 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड प्रदान किया जाएगा। क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्राकृतिक रूप से उगाए गए जौ को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर आर्थिक समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

### प्राकृतिक खेती से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

प्राकृतिक खेती से राजमाह, आलू, जौ, बकव्हीट, प्रोसोमिलट और सेब आदि फसलें तैयार कर रही हैं। कृषक स्वयं सहायता समूह की 23 महिलाएं गांव की 25 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक विधि से खेती कर रही हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

शून्य बजट की खेती को अपनाकर आज प्रगतिशील महिला किसानों को सौ फीसदी मुनाफा मिल रहा है। क्षेत्र की 19 पंचायतों में प्राकृतिक खेती के एक-एक मॉडल गांव बनकर उभरे हैं। पांगी क्षेत्र के 1600 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। पुंटो गांव की तरह ही क्षेत्र के हिल्लू टवान गांव के 42 में से 32 किसान परिवार सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

कहानी-45

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# प्राकृतिक सुंदरता से है परिपूर्ण गुम्मा गांव





'अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की सीरीज 'हर गांव कुछ कहता है' के तहत हम आज बात करेंगे हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित गुम्मा गांव, न केवल प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है, बल्कि यह ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जोगिंद्रनगर से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गांव वर्षों पूर्व अपने नमक के पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध था। यहीं से गांव को 'गुम्मा' नाम मिला, क्योंकि लोग इन पहाड़ों से नमक निकाल कर स्थानीय क्षेत्रों में व्यापार करते थे। यह व्यवसाय उस समय के प्रमुख आजीविका साधनों में से एक था, जिसने गुम्मा को विशेष पहचान दिलाई।



अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर

### जीवनशैली और स्वरोजगार

**समय** के साथ-साथ गांव की अर्थव्यवस्था में बदलाव आया, लेकिन लोगों की मेहनत और आत्मनिर्भरता की भावना आज भी कायम है। यहां के लोग सरकारी सेवाओं, निजी व्यवसाय, पशुपालन और कृषि के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। महिलाओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर विभिन्न घरेलू उत्पाद जैसे अचार, मुरब्बा, बड़ियां, सिलाई-कढ़ाई से बनी वस्तुएं आदि तैयार करती हैं और स्थानीय मेलों व बाजारों में बेचती हैं। इससे वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही हैं।

### धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल

**गांव** धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। यहां का हिडिंबा माता मंदिर पांडवकाल से जुड़ा हुआ माना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना राजा जोगिंद्र सैन ने की थी। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और पूरी होने पर पुनः माता के दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा गांव में गौरी शंकर मंदिर, गुम्मा महादेव मंदिर, देवी दुर्गा मंदिर और समीपवर्ती क्षेत्र में स्थित झुनझुन महादेव मंदिर भी आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। धार्मिक पर्वों, मेलों और अन्य आयोजनों के दौरान यहां श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है, जिससे गांव में धार्मिक पर्यटन को भी बल मिल रहा है।



### ग्राम पंचायत ने करवाए विकास कार्य

**गांव** के सर्वांगीण विकास को लेकर गुम्मा पंचायत के प्रधान सुरेश कुमार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए हम विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। पंचायत द्वारा हाल ही में मुख्य संपर्क मार्गों की मरम्मत, पेयजल योजनाओं का विस्तार, सिंचाई के लिए नालियों का निर्माण, और हर घर तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने आगे कहा कि गांव में सौर ऊर्जा से चलने वाली स्ट्रीट लाइटों की स्थापना की गई है, जिससे रात के समय ग्रामीणों को सुविधा मिल रही है। स्थानीय स्कूलों के भवनों का जीर्णोद्धार और बच्चों के लिए खेल के मैदानों का निर्माण किया गया है। महिलाओं के लिए सिलाई-कुाई, फूड प्रोसेसिंग, और मार्केटिंग पर आधारित प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने उत्पादों को बड़े स्तर पर बेच सकें। धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष बजट स्वीकृत किया गया है जिससे गांव में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।



सुरेश कुमार, प्रधान

### गुम्मा-परंपरा और प्रगति का संगम

**गुम्मा** गांव एक ऐसा उदाहरण बन चुका है, जहां परंपरा और प्रगति का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। यह गांव न केवल अपने अतीत को सम्मानपूर्वक संजोए हुए है, बल्कि आधुनिक विकास की राह पर भी तेजी से अग्रसर है। प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक मंदिर, समर्पित जनप्रतिनिधि, और मेहनती जनता मिलकर इसे 'हर गांव कुछ कहता है' की सच्ची मिसाल बनाते हैं।




गुम्मा गांव के हिडिंबा माता मंदिर से जुड़ी एक और दिलचस्प कथा भी है, जो इसके धार्मिक महत्व को और भी बढ़ाती है। मान्यता है कि हिडिंबा माता ने अपने साथ पहाड़ी बजीर देव पशाकोट को मुंह में रखा था। यह कथा गुम्मा गांव की धार्मिक परंपरा में गहरी छाप छोड़ती है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर की ओर आकर्षित करती है। इस धार्मिक कथा के माध्यम से गुम्मा का संबंध न केवल पांडव काल से जुड़ा है, बल्कि यह स्थान अपने अद्वितीय धार्मिक महत्व और आस्था के केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध है।


यह कहानी मंदिर के प्राचीन इतिहास और स्थानीय संस्कृति के साथ गुम्मा की समृद्ध धार्मिक पहचान को और अधिक पुख्ता करती है, जिससे यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक बनता है।

# विधानसभा अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि पठानिया 27 अप्रैल से 4 मई तक चंबा प्रवास पर रहेंगे। 28 अप्रैल को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। वह 28 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे ढूंढियारा बंगला में ककिरा-समलेऊ सेक्टर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। 29 अप्रैल को रायपुर में परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात की ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। एक मई को नव स्तरोन्नत किए गए राजकीय उच्च विद्यालय सुमात्र का लोकार्पण करने के पश्चात जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

पठानिया अपने प्रवास की निरंतरता में 2 मई को चुवाड़ी सेक्टर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंढोर नाग मंदिर परिसर तथा 3 मई को जनजातीय भवन सिहुंता में सिहुंता सेक्टर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और 4 मई को सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।






अनंत आरोग्य

अनंत ज्ञान

# कई रोगों से बचाए अर्जुन की छाल



## औषधीय गुणों से भरपूर आयुर्वेद में कई उपयोग



### अर्जुन वृक्ष

**इसका वैज्ञानिक नाम Terminalia arjuna है, भारतीय उपमहाद्वीप का एक पवित्र और औषधीय वृक्ष माना जाता है। यह आमतौर पर नदियों के किनारे पाया जाता है और इसकी छाल का उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेद में विभिन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता रहा है। आयुर्वेद में अर्जुन की छाल को विशेष रूप से हृदय रोगों में चमत्कारी माना गया है। इसमें शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, कार्डियोप्रोटेक्टिव और एंटीहाइपरटेंसिव गुण पाए जाते हैं जो शरीर को संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।**

### हृदय रोगों में चमत्कारी लाभ

**अर्जुन** की छाल को आयुर्वेद में हृदय का रक्षक कहा गया है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करती है, हृदयगति को संतुलित करती है और रक्त प्रवाह को सुचारु बनाती है। जिन लोगों को उच्च रक्तचाप, हृदय की धड़कनों में अनियमितता या कोरोनरी आर्टरी डिजीज जैसी समस्याएं होती हैं, उनके लिए अर्जुन की छाल अत्यंत लाभकारी होती है। यह धमनियों में ब्लॉकेज की संभावना को भी कम करती है और हृदयाघात के खतरे को घटाती है।

### रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण

**अर्जुन** की छाल रक्त वाहिनियों को फैलाने में मदद करती है जिससे रक्तचाप नियंत्रित रहता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में सहायक होती है। नियमित सेवन से धमनियों में जमा फैटी पदार्थ घटने लगते हैं जिससे हृदय स्वस्थ बना रहता है।

### हड्डियों और जोड़ों के लिए लाभकारी

**अर्जुन** की छाल में कैल्शियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे खनिज तत्व पाए जाते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। यह जोड़ दर्द, ऑर्थराइटिस और अस्थि क्षय जैसी समस्याओं में राहत देती है। विशेषकर वृद्धावस्था में यह एक प्राकृतिक सप्लीमेंट के रूप में काम कर सकती है।

### त्वचा रोगों में उपयोगी

**अर्जुन** छाल के एंटीसेप्टिक गुण त्वचा के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इसका पेस्ट फोड़े-फुंसी, घाव और खुजली जैसे त्वचा रोगों में लगाया जाता है। इसके अलावा यह खून को शुद्ध करने में भी मदद करती है जिससे त्वचा पर निखार आता है और मुहांसों जैसी समस्याएं कम होती हैं।



डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर, मंडी

### मधुमेह में सहायक

**अर्जुन** की छाल रक्त में शर्करा के स्तर को संतुलित करने में भी सहायक होती है। इसके एंटी-डायबिटिक गुण पैंक्रियास को सक्रिय करते हैं जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है। यह धीरे-धीरे ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करती है और डायबिटिक मरीजों के लिए एक प्राकृतिक उपाय सिद्ध हो सकती है।

### कैसे करें इस्तेमाल ?

*__अर्जुन__ की छाल का सेवन विभिन्न रूपों में किया जा सकता है। सबसे सामान्य तरीका इसका काढ़ा बनाकर पीना है, जिसमें सूखी छाल को पानी में उबालकर छान लिया जाता है और इसे सुबह-शाम सेवन किया जाता है। इसके अलावा इसका चूर्ण शहद या गर्म पानी के साथ लिया जा सकता है। आजकल अर्जुन की छाल की कैप्सूल और टैबलेट भी बाजार में उपलब्ध हैं।*

### ज्यादा सेवन करनें से बचें

*__हालांकि__ अर्जुन की छाल प्राकृतिक और सुरक्षित मानी जाती है, फिर भी अत्यधिक मात्रा में सेवन से अपच या कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। हृदय रोग या मधुमेह की दवा ले रहे लोग अर्जुन छाल का सेवन करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं भी इसे आयुर्वेदाचार्य की देखरेख में ही लें।*

*__अर्जुन__ की छाल एक बहुउपयोगी आयुर्वेदिक औषधि है जो विशेषकर हृदय रोगों के लिए अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है। इसके अलावा यह त्वचा, हड्डियों, मधुमेह और रक्तचाप जैसे अनेक रोगों में भी लाभकारी सिद्ध होती है। यदि इसे उचित मात्रा और नियमितता के साथ प्रयोग किया जाए तो यह शरीर को भीतर से स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकती है।*

# धातकी : एक बहुमूल्य फूल

**प्रकृति** ने हमें असंख्य औषधीय पौधों से नवाजा है, जिनमें धातकी का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। संस्कृत में इसे धातकी कहा जाता है, जबकि लोकभाषा में इसे कहीं धानक, कहीं फुल्ली तो कहीं धाय भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Woodfordia fruticosa है। हिमाचल में अधिकतर इसे धावे नाम से जाना जाता है। हिमाचल में बसंत और गर्मियों के मौसम में जंगल धातकी के इन सुंदर फूलों से लदे रहते हैं। हर साल इसके लाल-लाल फूल वनों को सजाते हैं, लेकिन दुख की बात यह है कि ये बहुमूल्य फूल बिना किसी उपयोग के यूं ही बर्बाद हो जाते हैं। स्थानीय लोग इसके औषधीय महत्व से अभी भी अनजान हैं।



### धातकी (धाय) का वनस्पतिक परिचय

**धातकी** एक मध्यम आकार की, पतझड़ी झाड़ी होती है, जिसकी ऊंचाई सामान्यतः 1 से 3 मीटर तक होती है। इसकी टहनियां पतली, मुलायम और भूरे रंग की होती हैं। इसके छोटे-छोटे लाल या गहरे नारंगी रंग के फूल गुच्छों में खिलते हैं, जो देखने में अत्यंत सुंदर लगते हैं। फूलों का यही आकर्षक रंग इसकी पहचान का मुख्य आधार है। इसके पुष्प मुख्य रूप से वसंत और ग्रीष्म ऋतु में खिलते हैं। इसके सूखे फूलों का औषधीय दृष्टि से विशेष महत्व है। आयुर्वेद में धातकी को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसे मुख्य रूप से रसायन, संग्राही, रक्तवर्धक तथा प्रमेहहर के रूप में जाना जाता है।



डॉ. तारा देवी सेन
विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान
वल्लभ महाविद्यालय, मंडी

### महिलाओं के लिए बहुत ही लाभदायक

**धातकी** को महिलाओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने और गर्भाशय संबंधी समस्याओं में उपयोगी माना जाता है। आज के बदलते खानपान और फास्ट फूड संस्कृति के बीच, जब प्रजनन स्वास्थ्य एक गंभीर चिंता बन चुका है, ऐसे में धातकी जैसे प्राकृतिक वरदान की ओर लौटना बेहद जरूरी हो गया है। अगर इसके फूलों को सही तरीके से इकट्ठा कर और सुरक्षित तरीके से उपयोग में लाया जाए, तो धातकी से न केवल स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है, बल्कि स्वाद भी। धातकी के फूलों से स्वादिष्ट पकोड़े, चिल्ला, चटनी या जूस बनाए जा सकते हैं, जो खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ शरीर को भी संबल देंगे।

**खमीर का प्राकृतिक स्रोतः** धातकी के फूलों में प्राकृतिक खमीर पाया जाता है, जो आयुर्वेदिक द्रव्यों (अरिष्ट और आसव) के निर्माण में उपयोग होता है।

**सौंदर्य और औषधि का अद्भुत संगम :** लाल रंग के गुच्छेदार फूल न केवल आकर्षक दिखते हैं, बल्कि पाचन से लेकर त्वचा रोगों तक में औषधीय प्रभाव भी दिखाते हैं।

**रक्त शुद्धि में सहायक :** धातकी का सेवन रक्त को शुद्ध करता है और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।

**सूखे फूलों का जादू :** इके सूखे फूलों का औषधीय प्रभाव ताजे फूलों से अधिक माना जाता है। इन्हें संग्रह कर पूरे वर्ष उपयोग में लाया जाता है।

### पारंपरिक उपयोग

**ग्रामीण** समुदाय धातकी के फूलों का उपयोग पारंपरिक औषधि के रूप में करते आए हैं। किसी भी प्रकार के अतिसार या उल्टी दस्त में धातकी का काढ़ा एक घरेलू उपचार के रूप में आज भी लोकप्रिय है। महिलाएं प्रसव के बाद स्वस्थ होने के लिए भी धातकी का सेवन करती हैं।



# शिशुओं में किस उम्र में निकलते हैं दांत

## दांत निकलने के समय क्यों असहज महसूस करते हैं बच्चे

***दांत निकलना वह प्रक्रिया है जब आपके शिशु के दांत मसूड़ों से बाहर आने लगते हैं। इसे ओडोन्टायसिस भी कहा जाता है। जब शिशु के दांत उगने लगते हैं, तो यह उनके लिए असहज हो सकता है। अक्सर यह माना जाता है कि शिशु के दांत मसूड़ों को काटते हुए बाहर आते हैं, जिससे दर्द होता है, लेकिन वास्तव में, किसी दांत का सिरा (क्राउन) दिखाई देने से पहले, उस हिस्से के मसूड़े पहले ही हार्मोन की वजह से टूट चुके होते हैं।***

**अधिकांश** शिशुओं के दांत लगभग 6 महीने की उम्र में निकलने लगते हैं। कुछ शिशुओं के दांत इससे पहले भी आ सकते हैं, जबकि कुछ के बहुत बाद में। अगर आपके शिशु के दांत अलग समय पर निकलते हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है।

**दांत** निकलना कोई लगातार चलने वाली अवस्था नहीं है। यह तब होता है जब कोई दांत मसूड़ों से बाहर आने को तैयार होता है। अधिकतर शिशुओं के प्राथमिक (दूध) दांत लगभग 12 महीने तक आ जाते हैं और फिर 13 से 19 महीने की उम्र के बीच पीछे के दाढ़ निकलते हैं।

### दांत निकलने के लक्षण

***हर बच्चे में लक्षण अलग हो सकते हैं, लेकिन इनमें शामिल हैं:***

- सूजे हुए, कोमल मसूड़े
- चिड़चिड़ापन और रोना
- सामान्य से अधिक लार बहना
- चीजों को चबाने की आदत
- मसूड़ों में दर्द या कोमलता
- चेहरे पर रैश (लार के कारण)
- हल्का तापमान बढ़ना, लेकिन बुखार नहीं होना

### जब बच्चे के दांत निकल रहे हों, तो उसे कैसे आराम दें?

**दांत** निकलने के दौरान आपके शिशु को आराम देने के कई उपाय हैं। ध्यान रखें, आपका बच्चा यह नहीं बता सकता कि उसे कैसा महसूस हो रहा है, इसलिए आपको प्रयोग करके देखना होगा कि उसके लिए क्या सबसे बेहतर काम करता है।

### बच्चे को आराम देने के कुछ उपाय

**ठंडी चीजें दें :** ठंडा टीथर, ठंडी गीली कपड़ा या फ्रिज में रखा चम्मच मसूड़ों पर लगाने से राहत मिलती है।

**मालिश करें :** साफ हाथों से मसूड़ों की हल्की मसाज करें।

**टीथिंग टॉय दें :** चबाने के लिए टीथिंग रिंग या सिलिकॉन टॉय दें।

**अधिक प्यार और सहारा दें :** बच्चे को गोद में लेना, झुलाना, और प्यार से बात करना उसे आराम देता है।

### होम्योपैथिक दवाओं से मिलेगा आराम

***होम्योपैथिक दवा शिशु के दांत आने की प्रक्रिया को आसान बना सकती है। ये दवाई से शिशु को आराम मिलता है। कुछ दवाइयां नीचे दी गई हैं।***

**कैमोमिला :** यह होम्योपैथिक दवा उन बच्चों के लिए उपयोगी होती है जो दांत निकलते समय अत्यधिक चिड़चिड़े या गुस्सैल हो जाते हैं, और जिनका दर्द असहनीय लगता है। ऐसे शिशु बेचैन रहते हैं, चिल्लाते हैं, मारने की कोशिश करते हैं, और लगातार गोद में रहने या झुलाए जाने की इच्छा रखते हैं ताकि उनका ध्यान दर्द से हटाया जा सके।

**मैग्नेशिया फॉसफोरिका :** यह दवा उन शिशुओं के लिए फायदेमंद होती है जिन्हें दांत निकलते समय तेज़ दर्द होता है, जो दबाव देने या गर्माहट से राहत पाते हैं। ऐसा बच्चा तब शांत हो सकता है जब वह गर्म दूध या पानी कप या बोतल से पीता है, या जब वह किसी चीज़ को चबाता है।

**बेलाडोना :** अगर दांत निकलते समय मसूड़ों में तेज सूजन और दर्द होता है, चेहरा लाल हो जाता है और शरीर गर्म महसूस होता है, तो यह दवा सहायक हो सकती है। ऐसा बच्चा बेचैन होता है, थोड़ी-सी हलचल से चौंक जाता है, और नींद में भी रो सकता है।

**कैलकेरिया कार्बोनिका :** अगर दांत निकलने में देर होती है और यह प्रक्रिया धीमी और कठिन हो, तो यह दवा लाभकारी हो सकती है। बच्चा दर्द के कारण उदास या चिंतित दिखता है, बार-बार चबाने की हरकत करता है और सोते समय भी अपने मसूड़ों को दबाता है। ऐसे बच्चे सामान्यतः गोल-मटोल होते हैं, रेंगने या चलना सीखने में धीमे होते हैं, और उनके सिर पर झपकी या रात की नींद के दौरान पसीना आता है।






डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम,
कच्छ (गुजरात)

***नोटः यदि दांत निकलते समय शिशु को दर्द ज्यादा हो तो डॉक्टर से परामर्श लें, वे सुरक्षित दर्दनाशक या होम्योपैथिक उपाय बता सकते हैं।***

# मांसपेशियों की कमजोरी से होता है हर्निया

**हर्निया एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों से लेकर वृद्धजन तक किसी को भी हो सकती है। यह बीमारी ऑपरेशन से ही ठीक हो सकती है। एडब्ल्यूआर सर्जन डॉ. विवेक बिंदल के मुताबिक नाभि व जांघ सहित शरीर का कुछ हिस्सा जन्मजात कमजोर होता है। जहां हर्निया होने की संभावना अधिक रहती है। कई बार ऑपरेशन से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं और वहां हर्निया हो जाता है। शरीर के अंदर के अंग बाहर निकलने लगते हैं। पहले हर्निया की ओपन सर्जरी की जाती थी, परंतु अब लेप्रोस्कोपिक व रोबोटिक सर्जरी ने बीमारी का उपचार आसान कर दिया है। चिकित्सा की इस विधा की सहायता से ज्यादा बड़ी जाली हर्निया के ऑपरेशन में लगाना आसान हो जाता है, जिससे दोबारा यह बीमारी होने का खतरा नगण्य हो जाता है। डॉ. बिंदल कहते हैं कि ओपन सर्जरी से उपचार के बाद भी 5-7 प्रतिशत मरीजों में यह दोबारा हो जाता था। लेप्रोस्कोपिक व रोबोटिक सर्जरी से यह खतरा न के बराबर रह गया है, या यूं कह लें कि एक प्रतिशत से भी कम मरीजों में दोबारा हर्निया होने की आशंका रहती है। महिलाओं में सिजेरियन, बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन आदि कारणों से हर्निया होने की आशंका बढ़ जाती है। कम से कम रक्तस्राव व दर्दरहित सर्जरी की राह लेप्रोस्कोप व रोबोट से आसान हुई है। इस तरह के ऑपरेशन से मरीज जल्द स्वस्थ होकर कार्य पर लौट सकता है।**



### हर्निया के कारण

**मांसपेशियों** की कमजोरी हर्निया की मुख्य वजह है। मांसपेशियां कमजोर होने के कई कारण हैं- जैसे, चोट लगना, गर्भावस्था, मोटापा, उम्र बढ़ना, ज्यादा वजन उठाना, लंबे समय तक खांसी आना, पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाना, ज्यादा वजन उठाकर व्यायाम करना, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, जन्म के दौरान शिशु का वजन कम होना, धूमपान, सर्जरी के दौरान जटिलता होना, कब्ज, लगातार छींक आना आदि। यह बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है।

### प्रमुख लक्षण

**हर्निया** के कई लक्षण हैं। पुरुषों में दर्दसहित या दर्दरहित हर्निया प्रभावित हिस्से का उभरना, मल-मूत्र त्याग में समस्या, कमर व शरीर के अन्य भाग में सूजन, भारीपन महसूस होना, ज्यादा समय तक खड़े रहने में परेशानी, प्रभावित हिस्से में दर्द महसूस होना, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी होना, पेट साफ न होना, मल के साथ खून आना, सीने में दर्द रहना आदि शामिल हैं।



डॉ. विवेक बिंदल
एडब्ल्यूआर सर्जन

### हर्निया हो जाए तो न करें लापरवाही

**हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक हर्निया के उपचार में लापरवाही जानलेवा हो सकती है। कई बार आंत या वसायुक्त चर्बी का टुकड़ा हर्निया प्रभावित जगह पर फंस जाता है, जिससे ऊतक में खून की आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। खून की आपूर्ति के अभाव में ऊतक मरने लगते हैं जो मरीज की मौत का कारण बन सकता है। हर्निया का आकार बढ़ने पर यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। समय रहते इसका ऑपरेशन करवा लेना चाहिए, नहीं तो यह जानलेवा भी हो सकता है।**

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

### लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी है कारगर उपचार

**हर्निया** के ऑपरेशन के बाद डॉक्टर सलाह देते हैं कि ज्यादा वजन मत उठाना, वाहन मत चलाना, आराम करना...। परंतु यह सब अब बीते दिनों की बात हो गई है। ऑपरेशन से ही ठीक होने वाली इस बीमारी के उपचार में लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी ने क्रांति ला दी है। डे केयर सर्जरी की तर्ज पर हर्निया के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद अथवा अगले दिन मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है और चार-पांच दिन बाद वह अपने कार्य पर भी लौट जाता है। वजन उठाना, वाहन चलाना समेत अन्य परहेज से भी राहत मिल जाती है।

हर्निया एक ऐसी बीमारी है, जो बच्चों से लेकर वृद्धजन तक किसी को भी हो सकती है। ज्यादा वजन के मोटे व वयस्क लोगों में यह बीमारी ज्यादा पाई जाती है। इसका उपचार ऑपरेशन से ही संभव है। कुछ वर्ष पहले तक पेट में लंबा चीरा लगाकर हर्निया का ऑपरेशन किया जाता था। इससे मरीजों को अत्यंत पीड़ा होती थी, साथ ही कई जटिलताएं सामने आती थीं। लेप्रोस्कोपिक व रोबोटिक सर्जरी में छोटा सा चीरा लगाकर ऑपरेशन किया जाता है। दर्द रहित, चीरा रहित इस प्रक्रिया में मरीजों को रक्तस्राव से भी राहत मिलती है।

# क्यों हो जाते हैं बच्चों के पेट में कीड़े?

**बच्चों के पेट में कीड़े होना आम बात है, मगर इसे ठीक किया जा सकता है। ठीक करने से पहले क्या आप इसके पीछे का कारण जानते हैं कि छोटे बच्चों के पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? आज हम इसी सवाल का जवाब जानेंगे, जिसमें कारण और उपाय दोनों के इस परेशानी को कम करने में मदद कर सकेगा।**



### बच्चों के पेट में कीड़े होने का कारण

**उल्टा सीधा खान-पानः** छोटे बच्चे कुछ भी मुंह में डाल लेते हैं, जो पेट में जाकर चीज कीड़े पैदा कर सकती हैं। इसके अलावा बिना हाथ धोए खाना या किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा कुछ भी बच्चे को असमय खिलाना बच्चे के पेट में कीड़े पैदा करने का मुख्य कारणों में से एक है।

**दूषित पानी पीनाः** बच्चे खेलते खेलते कही भी मुंह लगाकर या तो चाटने लगते हैं या फिर कुछ भी, कैसा भी पानी पीने लगते हैं। हालांकि, इन तरीकों से बच्चे के अंदर इम्यूनिटी बढ़ती है, मगर इससे बच्चे बीमार भी पड़ते हैं। दूषित पानी अंदर जाने से पेट में कीड़े पनप सकते हैं।

**फर्श पर लेटनाः** बच्चे फर्श या बेड कहीं भी लोट-लोटकर खेलते हैं। दरअसल, वह अपने शरीर के सभी अंगों से चीजों का स्पर्श करके उसका अनुभव ले रहे होते हैं, जो उनके विकास का हिस्सा है, मगर इससे वह काफी सारी गंदी चीजें भी मुंह के अंदर डालते हैं, जो कि पेट में जाकर कीड़े पैदा होने की वजह बनता है।


**खुले में शौचः** बच्चों को शौच का ज्ञान काफी देर में हो पाता है। ऐसे में वह ज्यादातर कपड़ों में या खुले में शौच करते हैं। इससे कीड़े के अंडे वातावरण के द्वारा बच्चे के अंदर जाने की संभावना होती है, इसीलिए भी बच्चों के पेट में कीड़े हो जाते हैं।

### पेट में कीड़े होने के लक्षण

* पेट में दर्द होना * भूख कम लगना या बहुत ज्यादा लगना * वजन घटना * उल्टी या जी मिचलाना * गुदा के आसपास खुजली होना, खासकर रात में * मल में कीड़े दिखाई देना * नींद में परेशानी होना * शरीर में कमजोरी महसूस होना

### पेट के कीड़ों का सही इलाज

**अगर** आपको लगता है कि आपके बच्चे के पेट में कीड़े हैं, तो सबसे पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। डॉक्टर बच्चे की जांच करेंगे और बताएंगे कि कौन से कीड़े हैं और उनका इलाज कैसे करना है। आमतौर पर, पेट के कीड़ों का इलाज दवाइयों से किया जाता है. डॉक्टर बच्चे की उम्र और कीड़ों के प्रकार के अनुसार दवा देते हैं।



# पोटली थैरेपी

**आज** की तेज भागती और बिजी जिंदगी में जब दर्द, थकान और तनाव रोज-रोज के साथी बन गए हैं। हर किसी के पास इनसे निटपने का वक्त नहीं है, जिसकी वजह से पुराने, प्राकृतिक इलाज फिर से लौट रहे हैं। इन्हीं में से एक आयुर्वेदिक पोटली थैरेपी भी है। छोटे से कपड़े में बंधी जड़ी-बूटियों की यह पोटली गर्माहट और खुशबू के साथ न सिर्फ शरीर का दर्द मिटाती है, बल्कि मन को भी गहरी राहत देती है। इन दिनों सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा है। कई वेलनेस ब्रांड भी अपने खुद के आर्टिसन पोटली बैग्स मार्केट में उतार दिए हैं।

### थैरेपी के फायदे

**पोटली** थैरेपी एक पुरानी आयुर्वेदिक तकनीक है, जिसमें गर्मी, दबाव और औषधीय जड़ी-बूटियों का कमाल दिखता है। जब मालिश किया जाता है और जड़ी-बूटियों की महक हमारे शरीर में जाती है, तो यह नर्वस सिस्टम को शांत करती है। इससे तनाव कम होता है और मन को सुकून मिलता है।



### हजारों साल पुरानी

**पोटली** थैरेपी का इतिहास 3000 ईसा पूर्व से 1500 ईसा पूर्व के बीच का है। तब लोग औषधीय जड़ी-बूटियों या अनाज से भरी थैलियों को गर्म कर शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर लगाते थे ताकि ब्लड सर्कुलेशन बढ़े, सूजन कम हो और हीलिंग तेजी से हो। उन दिनों राजाओं का इलाज शाही वैद्य पोटली से ही करते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बढ़ोई मेले में विशेष समुदाय की एंट्री बंद

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मेला कमेटी के प्रधान और पदर पंचायत के उपप्रधान बॉबी गोस्वामी ने रविवार को सभी सदस्यों के साथ मिलकर यह फैसला लिया है कि बढ़ोई मेला ग्राउंड में 30 अप्रैल से लेकर 2 मई तक लगाए जाने वाले मेले में विशेष समुदाय के लोगों के लिए किसी भी प्रकार की एंट्री पूर्ण रूप सेबंद है। उन्हें यहां पर किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवसाय करने के लिए दुकान लगाने की भी अनुमति नहीं दी जाएगी। अभी पिछले हफ्ते जो हमारे हिंदुस्तानी भाइयों पर पाकिस्तान के आतंकवादियों के द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो हमारे 30 पर्यटक भारतीय साथियों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था, मेला कमेटी के द्वारा यह उन भारतीयों के लिए यह एक श्रद्धांजलि होगी। अगर विशेष समुदाय के लोग अपने नाम से दुकान न लेकर किसी और के नाम से दुकान ले भी लेते हैं और वे अगर जांच में गलत पाए जाते हैं तो उनसे मेले का जो किराया निर्धारित किया गया है उससे 10 गुना किराया जुर्माना के रूप में लिया जाएगा। मेले में किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार ये लोग स्वयं होंगे।

### विधायक से मिला बीड़ का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ग्रामीण किसान संघर्ष समिति मौजा बीड़ का प्रतिनिधिमंडल विधायक किशोरी लाल जी से मिला। 25 अप्रैल को गठित की गई ग्रामीण किसान संघर्ष समिति ने विधायक को ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि प्रस्तावित नगर पंचायत बीड़ नहीं बननी चाहिए क्योंकि गुनेहड़, चौगान एवं क्योर पंचायत के 70 प्रतिशत परिवार किसान पशु पालक और मजदूर वर्ग से संबंध रखते हैं। नगर पंचायत को घोषित करने के लिए पूर्व में जो भी प्रक्रिया की गई है उसको रद्द किया जाए। विधायक महोदय ने आश्वस्त किया कि जनता जनार्दन के विरोध में मेरी भी सहमति है। प्रतिनिधि मंडल को एसडीएम बैजनाथ से मिलने के लिए कहा एवं कार्यवाही को रोकने के लिए भी कहा गया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बैजनाथ से मिला और नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई रोकने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर ग्रामीण किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष देशराज, उपाध्यक्ष मोहर सिंह, कोषाध्यक्ष भाग सिंह, एवं सचिव विचित्र सिंह ठाकुर के अलावा क्योर ग्राम पंचायत के उप प्रधान श्री रोबिन लाल जी, प्रधान शिव कुमार, चौगान पंचायत के उप प्रधान श्री भूमि चंद जी, गुनेहड़ पंचायत के उप प्रधान श्री दुनी चंद जी के अलावा, सुरेंद्र, पिंकू राम, मीनाक्षी, सोनू, राजकुमारी, हरि राम, पिंकू उपस्थित रहे।

### निरंकार हर पल देख रहा : तिलक राज

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुड़की में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा है के आपके बीच आकर आप सब के दर्शन करके बहुत खुशी मिल रही है मिशन के पांच प्रणों में एक प्रण यह भी है कि किसी के खाने-पीने एवं रहन-सहन पर हमने नफरत नहीं करनी प्रभु परमात्मा ने तो इस संसार की रचना इतनी विभिन्नताओं के साथ बहुत ही खूबसूरती से की है। यदि इंसान शांतिपूर्वक रहते हुए एक एकत्व में सदभाव बनाए रखता है तो यह दुनिया बहुत ही खूबसूरत बन सकती है। इस अवसर पर महात्मा डोगरा जी ने निरंकार का आधार लेते हुए सेवा सत्संग अधिक से अधिक किया करें और सिमरन तो हर समय ही करें जैसे काम करते हुए हम बिना कोशिश के श्वास लेते हैं इसी तरह सुमिरन के लिए भी अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं है हर पल हर श्वास में सुमिरन हो। इस अवसर पर सत्संग में संयोजक महात्मा दीनानाथ,मदन नंदा, किशोरी लाल, मीडिया प्रभारी स्वरूप चंद, करतार नंदा और राजेश आदि सत्संग में उपस्थित थे।

# विदेशी मेहमानों ने निहारी पालमपुर की सुंदरता

## एफएनएफ दक्षिण एशिया के प्रतिनिधिमंडल ने पालमपुर में किया टी गार्डन और टी फैक्टरी का दौरा

**अजय पाल, पालमपुर**

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस (कैबिनेट रैंक) गोकुल बुटेल से फेडरिक नौमन फाउंडेशन फॉर फ्रीडम (एफएनएफ) दक्षिण एशिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

धर्मशाला स्टडी टूर पर फ्रेडरिक नौमन फाउंडेशन फॉर फ्रीडम (एफएनएफ) दक्षिण एशिया के प्रतिनिधिमंडल में फाउंडेशन सह संस्थापक और ऑस्ट्रिया के सांसद वीट डेंगलर, क्रोएशिया गणराज्य के हॉनरेरी काउंसिल विक्टर पाइल, दक्षिण एशिया संवाददाता एंड्रियास फ्रांज, जेना के नगर परिषद सदस्य स्टीफन बेयर सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। इस प्रतिनिधिमंडल ने गोकुल बुटेल के मार्गदर्शन में पालमपुर के टी गार्डन और टी फैक्टरी का दौरा भी किया। इस दौरान गोकुल बुटेल चाय नगरी पालमपुर के बारे में प्रतिनिधिमंडल को अवगत करवाया। उन्होंने यहां पर उपस्थित चाय के बागानों में किस प्रकार से चाय की खेती और चाय के दौरान से लेकर फैक्टरी तक पहुंचाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने पालमपुर के पारंपरिक व्यंजनों के बारे में भी प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी।



दक्षिण एशिया की फेडरिक नौमन फाउंडेशन फॉर फ्रीडम के प्रतिनिधियों को टी गार्डन और फैक्टरी के बारे में जानकारी देते सीएम के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल।

प्रतिनिधिमंडल ने भी पालमपुर की सुंदरता को निहारा। गोकुल बुटेल ने इससे पहले प्रतिनिधिमंडल को पालमपुर की कांगड़ा चाय और पारंपरिक कांगड़ी धाम भी खिलाई। इस दौरान बुटेल ने पालमपुर के पर्यटन स्थलों के बारे में भी बताया और पर्यटन गतिविधियों को और अधिक विकसित करने के लिए भी चर्चा भी की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार का पालमपुर के बारे में जानकारी देने और स्वागत करने पर आभार भी व्यक्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल के माता-पिता ने भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



जसाना (ऊना) की आशिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह! आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित होगा धर्मशाला : बाली

## मेजर दुर्गा मल-कैप्टन दल बहादुर फुटबाल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि धर्मशाला को अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में सिंथैटिक टैक, इंडोर स्टेडियम तथा साई हॉस्टल, क्रिकेट स्टेडियम सहित खेलों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही धर्मशाला के सकोह में आईस स्केटिंग तथा रोलर स्केटिंग रिंक का निर्माण प्रस्तावित है। 45 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए 65 कनाल भूमि पर्यटन विभाग के नाम हस्तांतरित की जा चुकी है।

धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में शहीद मेजर दुर्गा मल और कैप्टन दल बहादुर की पुण्य स्मृति में नेशनल फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि जिला कांगड़ा का बीड़ बिलिंग एक



पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली का स्वागत करते फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजक।

अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग साइट के रूप में उभरा है। इसको विकसित करने और यहां पैराग्लाइडिंग के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। पौंग क्षेत्र में पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स व साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नशे का फैलता जाल और इसके बढ़ते दुष्प्रभाव से बचाने के लिए खेल, व्यायाम और योग जैसी गतिविधियां ही युवाओं की सर्वाधिक सहायक हैं। इससे पहले आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुरंग ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए खेल आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आकृति, कबड्डी में अंशुल, शैक्षणिक क्षेत्र में रणदीप, रक्त करने वाले रक्तदाता सोनु कुमार को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने खेल आयोजन के लिए अपनी तरफ से 50 हजार भी स्वीकृत किए गए।

### जंगल में आग बुझाते समय व्यक्ति झुलसा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे की वन बीट धमेटा के दियाल के जंगल रविवार को आग की भेंट चढ़ गए हैं। बताया जा रहा है आग की इस घटना से लाखों रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गई है। वन कर्मियों व दमकल विभाग के साथ आग पर काबू पाने के दौरान एक स्थानीय निवासी आग की चपेट में आ गया है। स्थानीय निवासी वलवीर सिंह निवासी अनोह धमेटा की बाजू व सिर का पिछला हिस्सा आग से झुलस गया। बताया जा रहा है कि अचानक तेज हवा चलने से आग ने अपने रुख बदला और बाकी व्यक्ति तो बच गए, मगर यह व्यक्ति आग की चपेट में आ गया। घायल बलवीर सिंह निवासी अनोह धमेटा ने कहा कि वह टीम के साथ आग बुझाने में सहायता कर रहा था। अचानक हवा ने रुख बदला और आग की लपटें उसकी तरफ जोर से आईं, जिस कारण वह आग की चपेट में आ गया। जानकारी देते हुए वन विभाग के डिप्टी रेंजर कीकर सिंह व होमगार्ड कृष्ण चंद ने बताया कि धमेटा बीट के अनोह दियाल के जंगलों में लगी आग को बुझाते समय यह घटना घटी है।

# सरकार को सीएम सुक्खू नहीं आला अधिकारी चला रहे : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु ने धर्मशाला के पूर्व एसडीएम संजीव भोट द्वारा दिए गए इस बयान को लेकर कि मुझे दूसरा नेगी नहीं बनना है को लेकर प्रदेश सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की मौत में यह बात सामने आई है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। भाजपा लगातार इस मामले में सीबीआई की जांच की मांग करती आ रही है, परंतु प्रदेश की सुक्खू सरकार इस मामले में पर्दा डालने में लगी हुई है। विश्व चक्षु ने कहा कि अब पूर्व एसडीएम संजीव भोट द्वारा दिए गए बयानों से स्पष्ट हो गया है प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू नहीं सरकार के आला अधिकारी सरकार को चला रहे हैं। इन अधिकारियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारी निचले तबके के अधिकारियों को मानसिक दबाव में कार्य करने को मजबूर कर रहे हैं। बार-बार तबादला कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। यही कारण है कि धर्मशाला के पूर्व एसडीएम संजीव भोट को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर मजबूर होना



पड़ा है। उन्होंने साफ शब्दों में सरकार को यह भी संदेश दिया है कि उन्हें दूसरा विमल नेगी नहीं बनना है। विश्व चक्षु ने कहा कि पूर्व एसडीएम संजीव भोट के बयानों के बाद न तो मुख्य सचिव और न हो सरकार के किसी मंत्री का बयान सामने आ पाया है, जबकि खुद मुख्यमंत्री भी आंखें व कानों को बंद किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को चलाने में पूरी तरह से असफल हुए हैं। जो मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा हो वह अन्य व्यवस्थाओं पर क्या नियंत्रण रख पाएगा। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की व्यवस्थाओं के कारण पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा हो चुका है।

# हाई स्कूल मुंगल को न किया जाए मर्ज

## क्षेत्र की जनता के हित में प्रदेश सरकार वापस ले अधिसूचना

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

पूर्व जिला पार्षद एवं पूर्व प्रधान जसवंत राणा तथा उपप्रधान मिलाप चंद राणा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गवर्नमेंट हाई स्कूल मुंगल को चढ़ियार स्कूल में मर्ज करने का फैसला लेकर इस अति पिछड़े इलाके के लोगों पर गहरा आघात किया है। उन्होंने कहा कि इस दुर्गम पंचायत में और कोई भी उच्च शैक्षणिक संस्थान नहीं है । सरकार



के इस फैसले से अब बच्चों विशेषकर लड़कियों को 8 से 20 किलोमीटर तक घने एवं एकांत जंगलों से होकर पैदल स्कूल पहुंचाना पड़ेगा, क्योंकि इस क्षेत्र में यातायात की सुविधा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत में प्राइमरी स्कूल राणानगर और लाडीधार एक दशक पहले ही बंद कर दिए गए थे और अब इस हाई स्कूल को भी मर्ज करने की अधिसूचना सरकार ने जारी कर इस क्षेत्र की जनता पर तीखा प्रहार किया है। इलाके को यह स्कूल पूर्व सीएम स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने दिया था जिसे वर्तमान विधायक के कार्यकाल में अपग्रेड किया गया था, लेकिन अब बंद करने का श्रेय भी निश्चित रूप से विधायक को ही जाएगा। इसलिए सरकार और विधायक से हमारी मांग है कि वह इस स्कूल को मर्ज करने की अधिसूचना वापस ले अन्यथा स्थानीय जनता संघर्ष का रास्ता अपनाने पर मजबूर होगी।

# देश ने खोया एक और वीर सपूत, नहीं रहे कैप्टन रूप सिंह

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

देश ने एक और वीर सपूत को खो दिया। कांगड़ा जिले की तहसील ज्वालामुखी के गांव रकवाल लहर अप्पर घल्लौर निवासी कैप्टन रूप सिंह का करीब 97 साल की उम्र में गत 18 अप्रैल को देहांत हो गया। कैप्टन रूप सिंह का जन्म 24 जून 1928 को हुआ था। उन्होंने 26 जून 1946 को 13 डोगरा रेजिमेंट में शामिल होकर अपने सैन्य जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने न केवल तीन दशकों तक भारतीय सेना की सेवा की, बल्कि 1962-1965-1971 के युद्ध में अद्वितीय साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। 30 जून 1975 को वह ऑनरेरी कैप्टन (JC 4602) के पद से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुए। सेना से सेवानिवृत्ति



के बाद कैप्टन रूप सिंह ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। वे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे और राजा वीरभद्र सिंह के समय से ही पार्टी से जुड़े थे। दोनों में गहरी मित्रता थी और वे एक-दूसरे के करीबी सहयोगी माने जाते थे। उन्होंने जनता की सेवा को अपना धर्म माना और हमेशा गरीबों, किसानों और जवानों की आवाज बनकर खड़े रहे।

कैप्टन रूप सिंह सिर्फ एक सैनिक नहीं थे, बल्कि एक सच्चे देशभक्त, जननेता, अनुशासन के प्रतीक और निर्मल आत्मा के धनी व्यक्ति थे। उनका जीवन नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनका जाना एक युग का अंत है, लेकिन उनकी वीरगाथा और समाज के प्रति सेवा की भावना सदा अमर रहेगी।

# खेलों से मिलती है जीतने की प्रेरणा : मोंगरा

## खोली में कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत



खोली में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के खोली में रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया, जिसमें कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर चुस्त, फुर्तीला एवं बलिष्ठ होता है। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है।

हार-जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। खेलकूद के जरिये खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हर किसी के अंदर कोई न कोई टैलेंट जरूर होता है, चाहे वह पढ़ाई में हो या फिर खेल में। खेलों में अवसर असीमित और ब्राइट फ्यूचर है। इसमें ढेर सारे करियर विकल्प भी हैं। युवा मैदान में एक पेशेवर खिलाड़ी या कोच बनकर या फिर मैदान से बाहर खिलाड़ियों के सहयोगी या खेल प्रबंधन क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल के मैदान में ही हम हार-जीत का सबक लेकर स्वस्थ मानसिकता का विकास कर सकते हैं। हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने योगासनों के महत्व को समझा तथा उसे जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक भी मानते हैं कि खुले मैदानों में खेलने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे मानवीय मूल्यों का विकास होता है। साथ ही, खेलों द्वारा सामूहिक चेतना का भी विकास होता है, इसलिए कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस मौके पर पंचायत प्रधान केवल चैधरी, राम सिंह, प्रद्युमन, अश्वनी डोगरा, प्रिंस, अक्षय, अमित रोहित, सागर, हर्ष, आदित्य, अंकित, गुलशन, साहिल सैनी, विकास, अजय, लक्की, रजत, शुभम सतीश आदि उपस्थित रहे।

### झिकली इच्छी में घर में लगी आग, भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, गगल**

ग्राम पंचायत झिकली इच्छी के वार्ड नंबर दस में शनिवार को मकान के एक कमरे में आग लग गई। मकान मालिक सुरिंद्र कुमार के घर में जैराम किराएदार रहता है। आग लगने से किराएदार जैराम का लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के समय घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था। आग सुबह 9 बजे के आसपास लगी। घर के सभी सदस्य किसी काम को लेकर बाहर गए हुए थे। जब घर से धुआं उठने लगा तो आसपास के घर के लोगों ने शोर मचाया। शोर मचने पर गांव के लोगों ने और पास के दुकानदारों ने आग पर काबू पाया।

# सिकंदर मिन्हास बने कांगड़ा स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रधान

**अनंत ज्ञान, डरोह**

- लंज स्कूल के प्रवक्ता बलजीत अटवाल को महासचिव का दायित्व
- चुनाव प्रक्रिया में 15 शिक्षा खंडों से 535 प्रवक्ताओं ने लिया भाग

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर में सम्पन्न हुआ। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में विजय कुमार शर्मा तथा अनूप सूद ने जबकि भूपिंद्र शर्मा ने पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इस चुनाव प्रक्रिया में जिला कांगड़ा के 15 शिक्षा खंडों से लगभग 535 प्रवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल के प्रवक्ता सिकंदर मिन्हास को तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया।

इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज के प्रवक्ता बलजीत अटवाल को महासचिव का दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ कांगड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि कांगड़ा जिले के सभी स्कूल प्रवक्ताओं की मांगों के समाधान करने की हरसंभव कोशिश सभी के साथ मिलकर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्रवाद से उठकर समस्त जिला कांगड़ा के प्रवक्ता साथियों की समस्याओं का समाधान करूंगा।

उन्होंने आह्वान किया कि जो लोग किसी कारण भटक रहे हैं, वह कभी भी इस संघ में निस्संकोच भाव से जुड़ सकते हैं। इस दौरान हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के राज्य महासचिव संजीव ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रवक्ता संघ के चुनाव हो रहे हैं इसी कड़ी में रविवार को जिला कांगड़ा के चुनाव परौर स्कूल में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष हुई है।

### सुक्खू सरकार ने घटाई चिंवलहार इंडोर स्टेडियम की राशि : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विंद्रावन में प्रस्तावित कैप्टन विक्रम बत्रा विहार (वन वाटिका) और चिंवलहार में इंडोर स्टेडियम मोदी और जयराम सरकार की बहुत बड़ी देन हैं। यह बात पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिंवलहार में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने के उपरांत पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कार्यकर्ताओं से कही। पूर्व विधायक ने बताया कि वर्तमान सुक्खू सरकार ने चिंवलहार इंडोर स्टेडियम का आकार व धनराशि घटा दी है। इसका काम कछुए की चाल से चला हुआ है, जबकि विक्रम बत्रा वन वाटिका की अब जाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई है।

**मेले-त्योहार** भट्टू में तीन दिवसीय मेले में बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर बोले-

# मेले समाज में आपसी भाईचारे के प्रतीक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर ने कहा कि मेले समाज में आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मनोज कपूर बैजनाथ उपमंडल के भट्टू गांव में आयोजित तीन दिवसीय मेले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज जहां कंप्यूटर के इस युग में समाज के लोगों का आपस में मिलना जुलना बहुत ही कम हो चुका है, इसलिए आपसी भाईचारे के लिए इस तरह के ग्रामीण मेलों का महत्व बहुत बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि विदेश में या फिर देश के दूर-दराज इलाकों में या फिर दिल्ली मुंबई जैसे बड़े शहरों में रहने वाले लोग अपने गांव के इन मेलों में जरूर पहुंचते हैं। इन



भट्टू मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर व अन्य।

मेलों के माध्यम से ही लोगों को पता चलता है कि फलां व्यक्ति हमारे गांव का रहने वाला है। मनोज कपूर ने कहा कि हम सभी को गांव के इन छोटे-छोटे मेलों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। मनोज कपूर ने मेला कमेटी को अपनी ओर से 15000 रुपए की राशि भी प्रदान की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर अरुण शर्मा गांव के प्रधान, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुखराम ठाकुर तथा भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### शेरा के नाम रही ठारू छिंज की बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला के ठारू छिंज मेले का समापन हो गया। इस दौरान विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि मेले में भाग लिया, जबकि समाजसेवी युद्धवीर राणा ने बतौर विशेष अतिथि मेले में शिरकत की। मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि मेले में बड़ी माली की खिताब अमृतसर के पहलवान शेरा के नाम रहा जिसे मेला कमेटी की ओर 41 हज़ार का नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि छोटी माली रौंखल के सचिन के नाम रही। उसे दावत रेस्टोरेंट के मालिक अमित जसरोटिया ने 21 हज़ार इनाम मेला कमेटी के सदस्यों के समक्ष दिया। इस दौरान विधायक किशोरी लाल ने मेला कमेटी की मांग पर अखाड़े के जीर्णोद्धार के लिए दो लाख देने की घोषणा की।

# सिहुंवा, मझग्रां और जोल में नशे के खिलाफ मुहिम शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर उपमंडल की सिहुंवा पंचायत सहित क्षेत्र की दो अन्य पंचायतों ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के खिलाफ आज से मुहिम छेड़ दी है। सिहुंवा पंचायत की प्रधान अजय बबली के नेतृत्व में आज एक बैठक हुई, जिसमें सिहुंवा, मझग्रां सहित जवाली क्षेत्र की जोल पंचायत के लोगों ने भी भाग लिया। प्रधान अजय बबली ने बताया कि बैठक में तीनों पंचायतों के नशा बेचने वाले व्यापारियों को कड़ी चेतावनी दी गई है की क्षेत्र में अब नशा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई इन तीनों पंचायतों में कोई इसका व्यापार करते पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सहित पंचायत स्तर पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे लोगों का परिवार सहित सामाजिक वहिष्कार किया जाएगा उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ इस मुहीम को और तेज किया जाएगा। वहीं बैठक में फोरलेन निर्माण के दौरान बंद पड़ी कूहलों पर भी चर्चा हुई। कूहलें बंद होने से किसानों को खेतों में सिंचाई करना मुश्किल हो गया है उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र कूहलों को ठीक करवा कर खेतों में सिंचाई के लिए पानी दिया जाए। बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना में मारे गए पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धाजंलि दी गई और सरकार से आतंकवादियों तथा इनके पीछे जिसका भी हाथ है, उन सब पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

# 6 क्विंटल प्लास्टिक वेस्ट से बनाया सुंदर पार्क

## चौपाल के पौड़िया में प्रदेश के दूसरे स्वामी विवेकानंद पंचवटी प्लास्टिक वेस्ट पार्क का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विकास** खंड चौपाल की दूरदराज ग्राम पंचायत पौड़िया में हिमाचल प्रदेश के दूसरे स्वामी विवेकानंद पंचवटी प्लास्टिक वेस्ट पार्क का निर्माण किया गया है जिसका शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पौड़िया चौपाल क्षेत्र की बहुत ही दुर्गम पंचायत है जहां मात्र रिकॉर्ड 21 दिनों में इस पार्क का निर्माण किया गया है और इसमें लगभग 6 क्विंटल प्लास्टिक वेस्ट का इस्तेमाल किया गया है।

उन्होंने बताया कि मात्र 6 महीने में चौपाल में दो प्लास्टिक वेस्ट पार्कों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि चौपाल प्लास्टिक वेस्ट से पार्क बनाने वाला हिमाचल प्रदेश का एकमात्र ब्लॉक बना है जिसके लिए उन्होंने बीडीओ चौपाल विनीत ठाकुर और प्रधान ग्राम पंचायत पौड़िया तपेंद्र मोहन शर्मा को बधाई दी। अभिषेक वर्मा ने कहा कि इस तरह के विकल्प प्लास्टिक वेस्ट के बेहतर प्रबंधन के लिए बेहद आवश्यक हैं। जहां एक ओर ऐसे प्रयोग क्षेत्र की खूबसूरती को चार चांद लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक कचरे का भी सही तरीके से प्रबंधन हो रहा है जोकि पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि प्लास्टिक कचरे को यहां वहां न फेंके और एक जगह एकत्रित करें जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन सही तरीके से किया जा सके।


चौपाल के पौडिया में कबाड़ से तैयार खूबसूरत पार्क।

### कचरा से बन सकती है खूबसूरत चीजें : बीडीओ

**खंड** विकास अधिकारी चौपाल विनीत ठाकुर ने कहा कि इन पार्क के निर्माण का उद्देश्य यह साबित करना था कि कचरे को भी किसी खूबसूरत चीज में बदला जा सकता है। ये पार्क सिर्फ सार्वजनिक स्थान नहीं हैं, यह जागरूकता, जिम्मेदारी और स्थानीय भागीदारी का प्रतीक हैं। इन पार्कों के साथ चौपाल ने न केवल प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के मुद्दे को संबोधित किया है, बल्कि राज्य में सतत विकास के लिए एक नया मानदंड स्थापित करते हुए सुंदर और कार्यात्मक सामुदायिक संपत्ति भी बनाई है।

### कबाड़ पड़ी हुई चीजों को फेंकना नहीं : उपायुक्त

**उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि इस पार्क के निर्माण में पुराने टायर और प्लास्टिक की बोतलों का प्रयोग किया गया है जोकि न केवल स्थानीय लोगों और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों को भी लुभा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को यह संदेश दिया जा रहा है कि कबाड़ पड़ी हुई चीजों को फेंकना नहीं है, बल्कि उनका किस तरह और कहां प्रयोग करना है ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी आगे बढ़ें और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण सुनिश्चित करें।

# युवा कांग्रेस रोहड़ू ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहड़ू द्वारा शिकड़ू देवता मंदिर से चौक तक ब्लॉक अध्यक्ष अनुप ठाकुर की अध्यक्षता में कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को भावविनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव एवं जुब्बल कोटखाई और चौपाल के प्रभारी बलदेव सिंटियाण, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव तुषार स्तान, जिला शिमला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रौनी घेदटा, जिला महासचिव रमन गोई विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है। वहां की सेना और पुलिस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अधीन है। अमित शाह व केंद्र सरकार को सीख लेनी चाहिए कि हाल ही में पुलवामा में कई सैनिक मारे गए है। इस घटना में पुलिस और सैनिकों से चूक हुई है।

उन्होंने बताया कि इस विपरीत परिस्थिति में युवा कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। इस दौरान युवा कांग्रेस रोहड़ू के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष गगन रूगटा, महासचिव अशोक सिंघानिया, युवा कांग्रेस नगर परिषद रोहड़ू के अध्यक्ष रामकृष्ण माल्टू, रोहड़ू जोन के अध्यक्ष रवि कांत शर्मा, छौहारा जोन के अध्यक्ष हरीश कायथ, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव सुधीर ठाकुर, रमीज व दिशांत डोलियान आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहड़ू के कार्यकर्ता पहलगाम हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर रोष रैली निकालते हुए।

## प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला शिमला के त्रैवार्षिक चुनाव कल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला शिमला के त्रैवार्षिक चुनाव राज्य कार्यकारिणी की अधिसूचना के अनुसार 29 अप्रैल को राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहड़ू में होंगे। जिला शिमला अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि इस वर्ष जिला शिमला के 283 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की यूनिट से करीब 1100 डेलिगेट्स चुनकर आएंगे! जो जिला अध्यक्ष और महासचिव के लिए मतदान करेगें। प्रवक्ता संघ के राज्य अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी जिला, अध्यक्ष अजय नेगी, महासचिव आकाश दीप शर्मा, उपाध्यक्ष जेपी पराशर व वित्त सचिव देवेंद्र ने जारी संयुक्त बयान में बताया कि जिला शिमला के सभी प्रवक्ता साथियों से आह्वान किया है कि संगठन को मजबूत करने के लिए 29 अप्रैल को राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहड़ू में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। चुनाव के दिन जिला शिमला की सभ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के यूनिट पंजीकरण की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

# भाजपा मंडल ठियोग के सभी 48 बूथों पर सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग**

**भाजपा** मंडल ठियोग के सभी 48 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें पहलगाम हमले की निंदा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और किन्नौर के सेब और केसर की खेती का उल्लेख शामिल था। उन्होंने सचेत ऐप के बारे में भी बात की, जो प्राकृतिक आपदाओं से बचाव में मदद कर सकता है। मंडल के महामंत्री राम कृष्ण मदराडी ने बताया कि लोगों में इस कार्यक्रम को सुनने का खास उत्साह था और उन्होंने अपने बूथ गजेड़ी में इसे सुना।

मंडल के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने बूथों पर इस कार्यक्रम को सुना, जिसमें अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप ने ठियोग, मंडल उपाध्यक्ष कुमारी प्रवीना ने अलोटी, रमेश हेटा ने गुल्लो, रमेश खाची ने जनौटी, ओम प्रकाश ने नाहौल, सचिव विनोद ने तुनडा खरयाना, हीरा नंद ने बड़ोग, रीता वर्मा ने धर्मपुर, प्रताप खाची ने रनदु, कोषाध्यक्ष हेमचंद ने धरेच गवेच, प्रवक्ता अश्वनी बक्शी ने चिखड़ , मीडिया प्रभारी महेंद्र सूर्या ने कीट, कार्यालय सचिव ललिता ने रामबाजार, आई टी संजोयक व सह संयोजक केसर ने मझार,रीता शर्मा ने सैंज, सोशल मीडिया संयोजक और सह संयोजक नरेश छलेईक ने बलग, सुदर्शन कंवर ने खलाशी और कार्यकर्ताओं ने बाकी सभी बूथों में सुना।


ठियोग में गोभी के खेत में मोदी के संदेश को सुनती हुई महिलाएं।

# प्राकृतिक खेती से आत्मनिर्भर बने शिमला के डीडी कश्यप

## सेवानिवृत्ति के बाद रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती से उगाई 116 किस्म की खाद्य फसलें

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**जहां** चाह, वहां रहा, इसी बात को चरित्रार्थ किया है शिमला ग्रामीण उपमंडल के तहत पाहल गांव के निवासी दुर्गा दत्त कश्यप ने। उन्होंने रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है, जो आज अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बने है। डीडी कश्यप आज प्राकृतिक खेती से लगभग 116 प्रकार की खाद्य फसलें उगा रहे है, जिससे वह घर की आवश्यकता वाली अधिकतर चीजें प्राकृतिक खेती से पैदा कर रहे है। खुले बाजार से वह बहुत कम चीजें खरीदते है। डीडी कश्यप कहते है कि वह आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर नहीं है, क्यूंकि रोजमर्रा की सारी चीजें उन्हें अपनी जमीन से ही मिल रही है।

दुर्गा दत्त कश्यप वर्ष 2015 में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड से उप मंडलीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए है। दुर्गा दत्त कश्यप ने कहा कि 2015 में राज्य विद्युत बोर्ड से सेवानिवृत होने के पश्चात् उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन को दोबारा से उपजाऊ बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने खेतों की मरम्मत एवं रखरखाव के साथ प्राकृतिक खेती को अपनाया। प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए उन्होंने गूगल, यूट्यूब एवं बहुत सी किताबों का सहयोग लिया।

कश्यप ने कहा कि उनकी जमीन 60 प्रतिशत मिट्टी तथा 40 प्रतिशत पत्थर से भरी हुई थी, जिसमें खेती करना आसान नहीं था। उन्होंने गाय के गोबर के साथ जंगलों एवं नालों से पत्तियां उठाकर अपने खेतों में डाली, जिससे खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार हुआ। जमीन को तैयार करने के साथ-साथ उन्होंने विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे तथा अनाज को उगाना भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि 2015 के मुकाबले आज अनाज की मात्रा में 10 गुना इजाफा हुआ है। (अनंत ज्ञान)



### किसान मेले में मिला सम्मान

**इस** वर्ष जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन बनूटी में किया गया, जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने की थी, जिसमें प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डीडी कश्यप को सम्मानित किया गया था। डीडी कश्यप ने कहा कि आज के समय में उनके गांव के दूसरे किसान भी प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे है

### 200 सफेद चंदन को उगाने का लक्ष्य

**कश्यप** ने कहा कि अपनी जमीन में लाल चंदन का एक पौधा प्रायोगिक तौर पर लगाया है। इसके अतिरिक्त 20 से 25 पौधे सफेद चंदन के उगा चुके हैं और लगभग 200 सफेद चंदन को उगाने का लक्ष्य है, जिसकी कीमत आज के समय में लगभग 10 करोड़ है जो आने वाले समय में उनकी पुश्तों के लिए एक प्रकार से फिक्स्ड डिपॉजिट होगी।

### सरकारी योजनाओं का मिला लाभ

**डीडी** कश्यप ने कहा कि प्राकृतिक खेती के दौरान उन्होंने कुछ सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया है, जिसकी बदौलत उन्हें प्राकृतिक खेती में और आसानी हुई । उन्होंने इन योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें गाय की खरीद के लिए 8000 रुपए, गौ सदन को पक्का करने एवं गौ मूत्र को इकट्ठा करने के लिए 8000 रुपए, कृषि उत्पाद के भंडारण के लिए 12000 और मनरेगा के तहत भूमि का विकास करने के लिए 47 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है।

# सेफ्टी टैंकों की लीकेज पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सख्त

## नगर परिषद, उद्योग और जल शक्ति विभाग को लीकेज बंद करने के निर्देश

**शुभम राही, बिलासपुर**

जिले में बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं और बार-बार आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद बिलासपुर, उद्योग विभाग और जल शक्ति विभाग को पत्र लिखकर अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले सेफ्टी टैंकों की लीकेज को जल्द से रोकने के निर्देश दिए हैं।

बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि संबंधित विभाग इस दिशा में समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाते हैं तो प्रथम चरण में उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जुर्माना लगाने के साथ-साथ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर को बीते कुछ समय से सेफ्टी टैंकों से लीक हो रहे गंदे जल और रसायनों को लेकर स्थानीय नागरिकों से शिकायतें मिल रही थीं। नागरिकों का कहना था कि लीकेज के चलते आसपास का पर्यावरण दूषित हो रहा है, बदबू फैल रही है और जल स्त्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए बोर्ड ने त्वरित संज्ञान लिया और अब संबंधित विभागों को औपचारिक पत्र जारी कर चेतावनी दी है। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बिलासपुर पवन शर्मा ने कहा कि कार्यालय को कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं कि क्षेत्र में स्थापित सेफ्टी टैंक लीकेज की समस्या से स्थानीय जनता परेशान हैं। इसीलिए नगर परिषद, उद्योग विभाग और जल शक्ति विभाग को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वे जल्द से जल्द अपने क्षेत्र के सभी सेफ्टी टैंकों की जांच कर लीकेज को बंद करें। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित विभाग समय रहते उचित कार्रवाई नहीं करते हैं तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड न केवल नोटिस जारी करेगा बल्कि जुर्माना भी लगाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)




### निर्देश न मानने पर बोर्ड भेजेगा नोटिस, की जाएगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई

### लोगों ने किया बोर्ड के कदम का स्वागत

**स्थानीय** लोगों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस कदम का स्वागत किया है। अब जनता इस बात का इंतजार कर रही है कि संबंधित विभाग इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जमीनी स्तर पर कितनी जल्दी सुधार होता है। बिलासपुर में बढ़ते शहरीकरण के बीच सेफ्टी टैंकों की स्थिति पर समय-समय पर निगरानी बनाए रखना बेहद जरूरी है ताकि पर्यावरणीय संतुलन कायम रहे और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# वैभव सिंह का झंडूता में भव्य स्वागत

## सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में हासिल किया है 82वां स्थान


सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में 82वां स्थान हासिल करने पर वैभव सिंह का झंडूता में भव्य स्वागत करते क्षेत्रवासी।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2024 में देशभर में 82वां स्थान हासिल करने वाले हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडूता निवासी वैभव सिंह का उनके गृह क्षेत्र झंडूता पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वैभव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वैभव सिंह आज अपने घर झंडूता पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। झंडूता बाजार में व्यापारियों और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर वैभव को सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने वैभव की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें बधाई दी।

वैभव के माता-पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, जहां उनके पिता वीरेंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनोह में प्रधानाचार्य और माता मोनिका सिंह राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में फिजिक्स की प्रोफेसर हैं। वैभव ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में ऑनर्स के साथ स्नातक किया और कठिन परिश्रम के साथ यह मुकाम हासिल किया। वैभव की इस उपलब्धि से झंडूता सहित पूरे बिलासपुर जिले में खुशी की लहर है। वहीं, वैभव सिंह ने कहा कि वे प्रशासनिक सेवाओं के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

## बिलासपुर जिले के दो आईएएस अधिकारी बदले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी होने के साथ ही बिलासपुर में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। जिला के दोनों मुख्य आईएएस अधिकारी बदल दिए हैं। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन का प्रबंध निदेशक पद पर तैनात किया है। अब लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार को उपायुक्त बिलासपुर लगाया है। वहीं, एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग अतिरिक्त उपायुक्त हमीरपुर एवं नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त लगाया है। एसडीएम सदर के पद पर 2021 बैच के आईएएस अधिकारी राजदीप सिंह को लगाया है। बता दें कि कि वर्ष 2022 से उपायुक्त बिलासपुर का दायित्व संभाल रहे आबिद हुसैन सादिक ने अपने कार्यकाल के दौरान ई-आफिस प्रणाली में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया।दो साल के कार्यकाल में उन्होंने बिलासपुर जिला को नई पहचान दी है। धार्मिक पर्यटन जिला के नाम से मशहूर बिलासपुर को उन्होंने साहसिक पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया है। उन्होंने गोबिंदसागर झील का आधार बनाया और यहां जलक्रीड़ा की शुरूआत की।

## बड़गांव में महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के तहत गांव बड़गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान सरोती देवी (52) पत्नी करतार सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोती देवी को 25 अप्रैल को जहरखुरानी के लक्षणों के चलते सीएच बरठीं अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना तलाई की पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतका के पति करतार सिंह, जो कि सेवानिवृत्त फौजी हैं, ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि सरोती देवी पिछले 3-4 वर्षों से मानसिक तनाव से जूझ रही थी और उसका इलाज मानसिक अस्पताल धर्मपुर और डडवालिया डॉक्टर दोसड़का (हमीरपुर) से चल रहा था। करतार सिंह ने आशंका जताई कि हो सकता है सरोती देवी ने अनजाने में दवाइयों का अधिक सेवन कर लिया हो या अचानक चक्कर आने से स्थिति बिगड़ी हो। उन्होंने इस घटना में किसी पर शक होने से इनकार किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सीएच घुमारवीं भेज दिया है। थाना तलाई पुलिस ने धारा 194

## बुजुर्ग पर बैल ने किया हमला, एम्स रेफर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सत्संग सुनकर वापस घर आ रहे एक वृद्ध पर बैल ने हमला कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को सिविल अस्पताल घुमारवीं से एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय श्रीराम रविवार को घुमारवीं में सत्संग सुनकर घर वापस आ रहे थे। नसवाल में पैदल चलते समय अचानक बैल ने हमला कर दिया। बैल ने उनके सिर पर अपने सींग से मारा। स्थानीय दुकानदारों ने बैल को भगाया और उन्हें उठाकर सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया। घुमारवीं अस्पताल में डाक्टर ने सिर और आंखों के आसपास गंभीर चोटों को देखते हुए एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। एम्स बिलासपुर में जांच की जा रही है कि श्रीराम के किस भाग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां बता दें कि जिला बिलासपुर में बेसहारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस साल बेसहारा पशुओं की हमले का यह पांचवां मामला है। पिछले माह बरमाणा क्षेत्र में पशुओं को बचाते समय एक स्कूटी स्किड हो गया थी और चालक के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं।


## संस्कार और सरोकार का केंद्र बनें गांव : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की समाज सेवी संस्था संस्कार सोसायटी का साधारण अधिवेशन 27 अप्रैल रविवार को संतोषी माता मंदिर हारकुकार घुमारवीं में आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि 2008 से संस्था निरंतर काम कर रही है और निरंतर आगे बड़ रही है। संस्था में केवल मेंबरशिप देना ही सब कुछ नही है बल्कि समाज के उथान के लिए सुझाव दे और उन सुझावों को समाज में लागू करना है। अगर हमारी एक कोशिश से कोई बच्चा आगे बढ़ा, कोई पौधा लगा होगा, कोई नशे से बाहर निकला हो या किसी गरीब जरूरतमंद को की मदद होने से काम बना तो वो संस्था के लिए बहुत बड़ी बात है। बच्चों की पढ़ाइ, स्वास्थ्य, खेल यही संस्था की प्राथमिकता है। हमें गांव में शारीरक गतिविधियों के साथ मानशिक गतिविधियां भी चलानी चाहिए। बच्चों को संस्कारयुक्त बनाने के लिए ऐसी गतिविधियों का आयोजन गांव में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने गांव में बच्चों के लिए अच्छा माहौल बनाएं, ताकि गाव नशा व चिट्टा मुक्त बन सके। संस्था के अध्यक्ष कुंदन रतवान ने वर्ष 2024 -25 में संस्था द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों की पूर्ण जानकारी सभी सदस्यों के समक्ष रखी। वहीं, संस्था के महासचिव डॉ. तिलक राज धर्माणी ने पूरे वर्ष के आय व्यय की जानकारी सबके समक्ष रही और वर्ष 2024-25 में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था वर्षभर मेधावी छात्र सम्मान समारोह, संस्कार उत्सव, नव वर्ष कार्यक्रम, घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इसको लेकर अधिवेशन में चर्चा की गई।

# कांग्रेस को कोसना ही रह गया है अनुराग का काम : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने बिलासपुर में अनुराग सिंह ठाकुर के दौरे पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ छल किया है, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार सांसद बनाकर भेजा था तथा उम्मीद थी कि इस बार केंद्र सरकार में अनुराग ठाकुर का कद और ऊंचा होगा तथा उन्हें कोई बड़ा मंत्रालय मिलेगा, लेकिन केंद्र की एनडीए सरकार ने इस लोकसभा क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और सांसद को कोई मंत्रालय न देकर भद्दा मजाक किया है। उन्होंने कहा कि अब सांसद का काम केवल दिशा आदि जैसी जिलास्तरीय बैठकों की समीक्षा करना ही रह गया है। इससे ज्यादा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पांच बार के सांसद का काम विपक्ष को गाली देना या टारगेट करने का दिया गया है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बीबीसीआई के अध्यक्ष रहने के साथ भारत सरकार में खेल मंत्री का पदभार संभालने वाले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद से आखिर क्या गलती हुई कि इनके पर पूरी तरह से काट दिए गए।



उन्होंने कहा कि अब सांसद बिलासपुर आकर अपने गिने चुने समर्थकों के साथ सेल्फी और फिर सोशिल मीडिया में आकर अपनी हाजरी भरते हैं जबकि विकास के नाम पर उनके पास भी कुछ नहीं है।

धार्मिक — भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किए माता रानी के दर्शन

# नयना देवी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर में ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध माता श्री नयना देवी मंदिर में रविवार के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर अपने घर-परिवार की सुख, समृद्धि और मंगलकामना की। तेज गर्मी के बावजूद दोपहर के समय भी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखने को मिलीं। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन हेतु पहुंचे।

मंदिर के भीतर पूर्व सैनिकों (एक्स सर्विसमेन) द्वारा भीड़ को नियंत्रित किया गया, जबकि मंदिर परिसर के बाहर होम गार्ड जवानों ने श्रद्धालुओं को अनुशासित ढंग से लाइनों में प्रवेश कराते हुए व्यवस्था बनाए रखी। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन के लिए लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे। गर्मी को देखते हुए मंदिर के बाहर पंजाब की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा ठंडे जल की छबीलें भी लगाई गईं, जिससे यात्रियों को राहत मिली। मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम से ही श्रद्धालुओं का आगमन बढ़ने लगा था। मंदिर न्यास की ओर से भीड़ प्रबंधन हेतु विशेष व्यवस्था की गई है और श्रद्धालुओं को अनुशासित तरीके से माता जी के दर्शन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें तथा सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक दर्शन करें, ताकि सभी को आसानी से माता जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके।


शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु।

## मेहरी काथला में जागरण और भंडारे का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सिद्ध योगी धाम मैहरी काथला में शनिवार को विशाल भंडारे और जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। सद्गुरु महाराज रविंद्र शर्मा व स्वामी महाराज प्रवीण शर्मा जैसे ही आश्रम में बने विशाल मंच पर विराजमान हुए, वैसे ही भक्तों ने गुरु जी के जयकारों से उनका स्वागत किया। वहीं अपने गुरु के दर्शन कर समस्त संगत निहाल हुई। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों को अध्यात्म की राह पर चलने की सलाह दी, जिससे वे ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग पर चलना आसान नहीं है, लेकिन यह ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे अपने जीवन को सार्थक बनाएं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने यहां आए हुए सभी भक्तों को कर्मयोगी बनने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पांव फिसलने से खाई में गिरा युवक, मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा के राजेरा में एक युवक की गहरी खाई में गिरने से मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक का नाम लवली कुमार बताया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार मृतक लवली कुमार देर रात अपने काम से वापस अपने गांव बनेई आ रहा था। अचानक घर से थोड़ी दूर पर अंधेरा होने के कारण उसका पांव फिसल गया। जिसके कारण वह गहरी खाई में गिर गया और मौके पर ही मौत होगी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे उसे मेडिकल कॉलेज चंबा ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक लवली कुमार की उम्र 32 वर्ष बताई गई है और उसके तीन बेटे हैं। इसका सबसे बड़ा बेटा 9 साल का है। मृतक लवली कुमार का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

### कुलदेवी मंदिर में मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, बकलोह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी थर्ड फोर्थ जीआर चिल्ड्रिस द्वारा बकलोह स्थित नया बारीक के समीप अपने कुल की आराध्य देवी मां संसारी का 85वां स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह ठीक 8 बजे यूनिट के धर्मगुरु सूबेदार मेजर रविश कुमार पांडे के नेतृत्व में विधिवत गणेश पूजन, कलश स्थापना और नवग्रह पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत कुलदेवी मां संसारी का षोडशोपचार पूजन संपन्न हुआ, जिसमें दूध, दही, शहद, शक्कर और गंगाजल से पंचामृत स्नान कराया गया। पूजन के पश्चात माता को नवीन वस्त्र पहनाकर माल्यार्पण एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई। हवन, पूजन, पूर्णाहुति एवं भव्य आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर माता के मंदिर परिसर में धर्मगुरु द्वारा ध्वजारोहण भी किया गया। स्थानीय महिलाओं द्वारा भक्ति भरे भजन-कीर्तन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। साथ ही, थर्ड फोर्थ जीआर के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए विशेष रूप से भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी।

### मंजुला वर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** न्यू पेंशन कर्मचारी महासंघ द्वारा महिला विंग की जिला अध्यक्षा मंजुला वर्मा को सुपरा मिसेज हिमाचल 2025 का खिताब पाने पर सम्मानित किया गया। जिला परिषद भवन भीऊली के बैठक कक्ष में आयोजित महासंघ की जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर द्वारा समृति चित्र व जिला अध्यक्ष लेखराज द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें संगठन की ओर से बधाई दी।

### सरीफ मनेरकोटला ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल की पटड़ीघाट पंचायत में रविवार को दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल के आयोजन में लीलाधर शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। दंगल कार्यकारिणी के सदस्यों ने दोनों मुख्यातिथियों का स्वागत किया। बड़ी माली में आखिरी मुकाबला शेरू अमृतसर और सरीफ मनेरकोटला के बीच हुआ, जिसमे सरीफ मनेरकोटला पहलवान ने प्रथम स्थान पर रहकर ग्यारह हज़ार रुपए साथ में पीतल का गूरज और शेरू अमृतसर ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए 9 हज़ार रुपए का इनाम जीते। इसी तरह छोटी माली का आखिरी मुकाबला सुनील मनेरकोटला और सिंटू सरकाघाट में हुआ। इसमें प्रथम स्थान पर सिंटू सरकाघाट रहे जिन्हें 9 हज़ार रु साथ में पीतल का गूरज और के द्वितीय स्थान पर सुनील मनेरकोटला रहते हुए सात हज़ार रुपये का इनाम जीते। मुख्यातिथि लीलाधर शर्मा ने इक्यावन सौ रुपए की राशि छिंज कमेटी को प्रदान की। वहीं वृज लाल पटड़ीघाट व प्रमोद रिवालसर ने एक एक गुर्ज छिंज कमेटी को दिए ।

# 'पांगीहिल्स' जनजातीय अंचल से उठती नारी सशक्तिकरण की गूंज

**आरके सहगल, चंबा**

'**हर** हाथ को हुनर, हर महिला को अवसर और हर उत्पाद को पहचान' इसी प्रेरक विचार के साथ वर्ष 2017 में हिमाचल की दुर्गम जनजातीय घाटियों से एक अभूतपूर्व परिवर्तन की यात्रा शुरू हुई, जिसका नाम है 'पांगीहिल्स'। यह केवल एक ग्रामीण मार्ट नहीं, बल्कि जनजातीय महिलाओं की आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सशक्तिकरण का एक जीवंत आंदोलन बन चुका है।

डॉ. हरीश शर्मा, पांगीहिल्स के संस्थापक व प्रेरणास्रोत ने अनंत ज्ञान के संवाददाता राहुल से बातचीत में कहा कि हमारी यात्रा केवल उत्पादों की बिक्री नहीं, बल्कि जनजातीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उन्हें समाज में एक सशक्त पहचान दिलाने का मिशन है।



### विजन जो बदल रहा है जिंदगियां

**पांगीहिल्स** की नींव उस सोच पर रखी गई थी, जिससे हर महिला को न केवल रोजगार मिले, बल्कि सम्मान, नेतृत्व और आत्मगौरव भी प्राप्त हो।

### पांगीहिल्स से मिलने वाले उत्पाद

**शुद्ध** देसी घी, चंबा चुख, जैविक दालें, लाल चावल, हिमालयन हर्बल चाय, शिलाजीत, हेजलनट, काला जीरा, अखरोट, चंबा रूमाल और चप्पल–जो अब देशभर में लोकप्रिय हो रहे हैं।

### गुणवत्ता से नहीं करते कोई समझौता

**डॉ.** शर्मा का सपना है कि पांगीहिल्स के शुद्ध और विशुद्ध उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बनाएं, ताकि हिमालय की इन बेटियों के सपनों को नए पंख मिलें। हम गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करते। हर उत्पाद पांगी की मिट्टी, संस्कृति और आत्मा को सहेजकर ग्राहकों तक पहुंचता है।

### शुद्ध उत्पादों को बाजारों तक पहुंचाने के लिए आएं आगे

**डॉ.** शर्मा ने आह्वान किया कि जो भी उद्यमी, व्यापारी या संगठन हमारे साथ जुड़कर हिमालय के शुद्ध उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना चाहते हैं, वे आगे आएं। हमारा सपना है कि 'पांगीहिल्स' आत्मनिर्भर भारत के सपने में अपना विशिष्ट योगदान दे।

### पांगीहिल्स के उत्पाद अब ऑनलाइन भी उपलब्ध

**पांगीहिल्स** के उत्पाद www.pangihills.com पर ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं। पांगीहिल्स एक पहल जो हिमाचल के दूरस्थ अंचलों में विकास, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की सबसे खूबसूरत तस्वीर पेश कर रही है। पांगीहिल्स की महिलाएं अब केवल उत्पादक नहीं, बल्कि नेता, उद्यमी और प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं। वे उत्पादन, प्रबंधन, विपणन और बिक्री हर क्षेत्र में कुशलता से अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### 2025 तक की प्रमुख उपलब्धियां

450 से अधिक महिलाएं, प्रत्यक्ष रूप से पांगीहिल्स से जुड़कर अपनी आजीविका कमा रही हैं।

75 स्वयं सहायता समूह और 5 किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से 1000 से अधिक किसान परिवार इस परिवर्तन का हिस्सा बन चुके हैं।

वर्ष 2024-25 में करीब 1 करोड़ रुपए का व्यापार।

# प्रदेश वूल फेडरेशन में भरमौर के गद्दी समुदाय को किया नजरअंदाज, 72 पंचायतों के कार्यकर्ता मायूस

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**प्रदेश** के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गद्दी समुदाय को एक बार फिर से सरकार से उपेक्षा का सामना करना पड़ा है। वर्षों से शिक्षा सड़क, स्वास्थ्य, सेवाओं और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी झेल रहे इस क्षेत्र को अब प्रदेश वूल फेडरेशन में भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। सरकार ने हाल ही में वूल फेडरेशन में नए सदस्यों की नियुक्ति की, लेकिन भरमौर को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। पिछले कई समय से सरकार निगम और बोर्ड में प्रतिनिधित्व न मिलने से यहां के 72 पंचायतों के कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से मायूस हैं।

प्रदेश सरकार ने जिला चंबा के पांगी जनजातीय क्षेत्र के धरवास गांव के वीर सिंह, चुवाड़ी क्षेत्र के अजय सिंह, पालमपुर के खिलडू गांव के विजय कुमार और टंग नरवाणा के राजेश कुमार को वूल फेडरेशन का सदस्य नियुक्त किया है। हालांकि, गद्दी समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र भरमौर से किसी भी व्यक्ति को न तो अध्यक्ष पद और न ही सदस्यता का अवसर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है।

भरमौर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है। भरमौर अस्पताल में मात्र 2 डॉक्टर, 2 नर्स और 2 फार्मासिस्ट कार्यरत हैं, जबकि अधिकांश पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का घोर अभाव है और दूरदराज के गांवों से मरीजों को उपचार के लिए मीलों दूर अन्य जिलों में जाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### पठानकोट-भरमौर एनएच का विकास धीमा

**पठानकोट-भरमौर** राष्ट्रीय राजमार्ग, जिसे वर्षों पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया गया था, अभी तक अपेक्षित विकास नहीं देख पाया है। दस वर्षों के बाद भी इस राजमार्ग का निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। स्थानीय लोगों में यह भय घर कर गया है कि यदि यही हाल रहा तो इस महत्वपूर्ण सड़क को पूरा होने में पांच दशक से अधिक समय लग सकता है।

### स्थानीय समुदाय में गहरा असंतोष, न्याय की मांग

**भरमौर** के गद्दी समुदाय के लोगों का कहना है कि सरकार की विकास योजनाओं में उनके क्षेत्र को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। चाहे वह वूल फेडरेशन में प्रतिनिधित्व हो, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो या सड़क और जल आपूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं–हर मोर्चे पर भरमौर पीछे छोड़ दिया गया है। स्थानीय प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की है कि भरमौर क्षेत्र के विकास और गद्दी समुदाय के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए।

### मुख्यमंत्री व मंत्री नहीं कर पाए भरमौर का दौरा

**कांग्रेस** सरकार के गठन के अढ़ाई साल बाद भी अभी तक मुख्यमंत्री व सरकार के बड़े मंत्री भरमौर का दौरा नहीं कर पाए। जिससे कार्यकर्ताओं में काफी निराशा है। जगत सिंह नेगी जो परियोजना सलाहकार समिति के अध्यक्ष भी हैं को छोड़कर अभी तक सरकार की ओर से किसी मंत्री का दौरा अभी तक नहीं हो पाया है।

# सड़क किनारे फेंका मलबा दे रहा दुर्घटनाओं को न्योता

## करियां टीआरटी मार्ग पर फेंके मलबे व कूड़े-कचरे पर जिप अध्यक्ष ने उठाई चिंता

**आरके सहगल, चंबा**



**चंबा** मुख्यालय के बचत भवन में आयोजित दिशा बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी ने करियां टीआरटी मार्ग पर सड़क किनारे डंप हो रहे मलबे और कूड़े की गंभीर समस्या को सांसद राजीव भारद्वाज व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे फैलती गंदगी न केवल स्वच्छता के मानकों को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी खतरे का कारण बन रही है।

अध्यक्ष नीलम कुमारी ने मीडिया से भी आग्रह किया कि वे मौके पर जाकर जमीनी हकीकत का जायजा ले। जब मीडिया टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी, तो सड़क किनारे जगह-जगह मलबे और कचरे के बड़े-बड़े ढेर साफ नजर आ रहे थे। खासतौर पर सड़क के मोड़ों पर फेंका गया मलबा दुर्घटनाओं की आशंका को और अधिक बढ़ा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग निर्माण कार्यों का बेस्ट व घरेलू कूड़ा सड़क के किनारे फेंक रहे हैं। इससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। हमने इस विषय को सांसद और प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाया है और शीघ्र ठोस कार्रवाई की अपेक्षा रखते हैं।

स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान भी उन्होंने बताया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि लोग अपने घरों का मलबा और कूड़ा बेधड़क सड़क किनारे फेंक जाते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लग गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। मीडिया से भी निवेदन है कि इस समस्या को प्रमुखता से उठाएं ताकि प्रशासन हरकत में आए। अब जबकि जिला परिषद अध्यक्षा ने स्वयं इस मुद्दे को सांसद और अधिकारियों के सामने रखा है, हमें उम्मीद है कि जल्द सुधार होगा।

# देशभर में भांदल पंचायत की मक्की सर्वश्रेष्ठ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिले की भांदल पंचायत ने देशभर में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। यहां उगाई जाने वाली मक्की की प्राचीन किस्मों में रट्टी (लाल भुट्टा), चितकणु (पॉपिंग मक्का) और हच्छी कुकड़ी (सफेद मक्का) को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का दर्जा प्राप्त हुआ है। 22 अक्तूबर, 2019 को नई दिल्ली में भांदल पंचायत को भारतीय कृषि क्षेत्र का प्रतिष्ठित सम्मान प्लांट जीनोम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड 2015-16 प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार पीपीवी और एफआर अधिनियम, 2001 की धारा 45 और पीपीवी और एफआर नियम के तहत प्रदान किया गया, जिसमें पंचायत को 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि इस क्षेत्र द्वारा अपनी स्वदेशी मक्का किस्मों के संग्रह, संरक्षण, और समृद्धि के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रयासों का प्रमाण है। भांदल का मक्की का आटा स्वास्थ्य और स्वाद का सर्वोच्च संगम है। यह आटा पारंपरिक पद्धतियों से तैयार किया जाता है, बिना किसी मिलावट या रासायनिक प्रक्रिया के। इसी कारण, यह आटा आज पूरे देश में अपनी गुणवत्ता और शुद्धता के लिए अलग पहचान बना रहा है।

### स्थानीय से राष्ट्रीय मंच तक

**भांदल** पंचायत की सफलता न केवल हिमाचल के किसानों का हौसला बढ़ा रही है, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी स्वदेशी बीजों के संरक्षण के लिए एक आदर्श मिसाल बन रही है। अब भांदल पंचायत का शुद्ध मक्की का आटा स्थानीय मंडी बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए देशभर के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे न केवल उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है बल्कि स्थानीय किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है।

### विशेषताएं

- उच्च प्रोटीन और फाइबर युक्त
- पूरी तरह शुद्ध और देसी किस्में
- स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट
- बिना किसी रासायनिक मिलावट के
- हिमालयी पारंपरिक कृषि का प्रमाण

# आईआरबी ट्रेनिंग सेंटर की हो स्थापना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा जनहित संगठन ने जिले की सुरक्षा को लेकर की मांग**

**चंबा** जनहित संगठन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार से चंबा में आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) का पुलिस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने और सीमा क्षेत्र में अर्धसैनिक बल का चेक पोस्ट बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। संगठन ने चेताया कि चंबा की 220 किलोमीटर लंबी अंतरराज्यीय सीमा जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों से लगती है, जिसे सुरक्षा दृष्टि से नजरअंदाज करना अत्यंत खतरनाक हो सकता है।

संघ ने इस बात पर भी बल दिया कि 1971 से पहले चंबा में ही आईआरबी का मुख्यालय था, जिसे बाद में शिमला के जुन्गा स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्तमान परिस्थितियों में जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति बन रही है, ऐसे में चंबा जैसे सीमांत जिले में त्वरित कार्रवाई बल की स्थापना तथा चेक पोस्ट की तैनाती अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बाहरी आगंतुकों के पहचान सत्यापन और निगरानी के लिए पुलिस के पास समुचित रिकॉर्ड बनाए रखने की मांग भी की गई है।

चंबा जनहित संगठन ने 02 अगस्त1998 के चंबा नरसंहार की दर्दनाक याद भी ताजा की। जब पाकिस्तान प्रशिक्षित हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों ने कालाबन और सतरुंडी गांवों में 35 निर्दोष हिंदुओं/मजदूरों की निर्मम हत्या कर दी थी। विशेष रूप से सतरुंडी घटना का उल्लेख करते हुए संगठन ने बताया कि उस समय 6 लोगों का अपहरण भी किया गया था, जिनमें से एक महिला भी शामिल थी और आज तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यह घटना चंबा जिले के इतिहास में एक अत्यंत पीड़ादायक और गंभीर अध्याय के रूप में दर्ज है।

वर्तमान हालात में, जब पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों पर हमले हो रहे हैं और पर्यटक वैकल्पिक सुरक्षित पर्यटन स्थलों की तलाश कर रहे हैं, चंबा एक श्रेष्ठ और उपयुक्त विकल्प बन सकता है। चंबा का प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और जम्मू-कश्मीर जैसी भौगोलिक समानताएं इसे एक आदर्श गंतव्य बनाती हैं। ऐसे में चंबा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की मांग है, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान हो।

# चंबा में आईआरबी ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चुराह घाटी कल्याण संघ ने क्षेत्रीय विकास और सुरक्षा को लेकर पारित किए अहम प्रस्ताव**

**चुराह** घाटी कल्याण संघ की मासिक बैठक रविवार को तड़ोली में प्रधान वेद व्यास ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनका उद्देश्य क्षेत्र के विकास, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करना है।

संघ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए चंबा में तत्काल आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) का पुलिस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने की मांग की। वहीं पांगी भवन की तर्ज पर चुराह घाटी के लोगों के लिए भी एक समर्पित भवन बनाने की मांग की गई, जहां सस्ते व सुविधाजनक कमरे उपलब्ध कराए जा सकें। इसके अलावा नकरोड पुलिस चौकी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को वर्तमान जर्जर अवस्था से निकालकर उचित भवन प्रदान करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, नकरोड में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की भी आवश्यकता जताई गई। इसके अलावा नकरोड को उप-तहसील और बैंकिंग सुविधा, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण व कटवाड़ गांव में बैंक शाखा की खोलना अत्यंत आवश्यक है

### सूडोकु नवताल- 7414 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7413 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 28 अप्रैल 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** प्रतिपदा (09:13): **नक्षत्र** भरणी (09:38), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : आयुष्मान (08:01) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:52-12:45) **राहुकाल** (07:22-109:01)।

### विशेष दिन

- 28 अप्रैल 2025 देवदामोदर तिथि आज।
- 29 अप्रैल 2025 परशुराम जयंती कल।

**मेषः** आज नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं, थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतभेद पैदा होने की संभावनाएं भी प्रबल हैं।

**वृषभः** आज स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**मिथुनः** आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है।

**कर्कः** दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे।

**सिंहः** आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है।

**कन्याः** आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं।

**तुलाः** आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें।

**वृश्चिकः** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।

**धनुः** आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढ़ेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

**मकरः**आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभः** आज करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है।

**मीनः** आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे।

# पानी की कमी को लेकर धरना कल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी में पानी की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कई प्रकार की स्कीमें लगाई है। यहां तक की उपमुख्यमंत्री ने अपने हाथों से डलहौजी के पानी की कमी पूरी करने के लिए उद्घाटन किया है। चमेरा बांध के साथ पानी को इकट्ठा करके देवी देहरा में पंप लगाकर पानी को डलहौजी टैंक में इकट्ठा करने का कार्य भी किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी डलहौजी में पानी की सप्लाई अच्छी तरह से नहीं पहुंच सकी। डलहौजी वासियों ने सभी से एक आग्रह किया है कि मंगलवार को इस पानी की समस्या का समाधान के लिए उपमंडल अधिकारी डलहौजी के पास जाकर बातचीत की जाएगी व धरना दिया जाएगा। इसीलिए सभी डलहौजी वासियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उप मंडल अधिकारी दफ्तर में पहुंचे। ताकि पैदल राहगीरों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनकी राह भी आसान बने।

# नहीं लगा डंगा, जान जोखिम में डालकर हो रहा सफर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**दरकोटी गांव के रास्ते का डंगा बारिश से हुआ था ध्वस्त**

विकास खंड चंबा के तहत आने वाले दरकोटी गांव के नौनिहाल जान जोखिम में डालकर रोजाना स्कूल पहुंच रहे हैं। गांव के रास्ते में पूर्व में बारिश से डंगा ध्वस्त हुआ था, लेकिन अभी तक इसकी जगह नए का निर्माण नहीं हो पाया है। लिहाजा इस रास्ते से गुजरने वालों की एक हल्की सी गलती उन्हें करीब 100 मीटर नीचे धकेल सकती है। बहरहाल ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द डंगे का निर्माण कर ग्रामीणों की राह सुगम बनाई जाए। जानकारी के अनुसार करियां पंचायत के तहत आने वाले दरकोटी गांव का रास्ता राहगीरों के लिए रिस्की बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते में एक स्थान पर डंगा पहले हुई बारिश के कारण गिर गया था।जिसकी जगह अभी तक ने का निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से रोजाना 20 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए करियां जाते हैं। उन्होंने बताया कि डंगा गिरने के कारण रास्ता संकरा हो गया है। जिसके चलते स्कूली बच्चों के इस रास्ते से गुजरते वक्त हादसा होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द डंगे का निर्माण किया जाए।

# बिजली के खंभों पर निजी कंपनी ने बिछाई केबल

## बिना अनुमति खंभों का उपयोग, हटाई जाएंगी तारें : सहायक अभियंता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** शहर में निजी केबल कंपनी द्वारा विद्युत विभाग के खंभों पर अपनी ऑप्टिकल केबल बिछाने का मामला सामने आया है। नियमों के अनुसार निजी कंपनियों को अपने खंभे लगाकर अथवा भूमिगत तरीके से केबल बिछाने की अनुमति होती है, लेकिन यहां कंपनी ने आसान रास्ता अपनाते हुए सीधे विद्युत विभाग के खंभों का उपयोग कर लिया।

स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह खंभों पर अतिरिक्त केबल बिछाने से विद्युत विभाग के फील्ड कर्मचारियों को मेंटेनेंस कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पूर्व भी खंभों पर चढ़ते समय



दुर्घटनाओं में विभागीय कर्मियों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। जाहिर है कि इस प्रकार के अव्यवस्थित केबल जाल से भविष्य में किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

इस बीच, सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर विद्युत विभाग ने निजी कंपनी को खंभों के इस्तेमाल की अनुमति कैसे दे दी ? इस विषय पर जब विद्युत विभाग के सहायक अभियंता रमेश सकलानी से बात की गई तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग ने केबल कंपनी को खंभों पर तारें बिछाने की कोई अनुमति नहीं दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बिना अनुमति विभागीय खंभों का उपयोग किया गया है, तो जल्द ही इन तारों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कशौड़**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत कशौड़ 2025-26 के लिए मनरेगा व अन्य कार्यों के लिए सामग्री कुटेशन की निविदा आमंत्रित करती है। जिसके अंतर्गत रेत, बजरी, सीमेंट, सरिया, ईंट, लोकल पत्थर, पेपर टाइल, डस्टबिन, बोर्ड, सोलर लाइट, वाटर कूलर, बैंच, जेसीबी, रोड से सामग्री खच्चर ढुलाई द्वारा करवाने हेतु कुटेशन आमंत्रित है। कुटेशन डाक रजिस्ट्री द्वारा पंचायत कार्यालय में सचिव को अंतिम तिथि 08/05/2025 तक पहुंच जानी चाहिए। जो दिनांक 09/05/2025 को कार्य दिवस पर प्रधान/उपप्रधान, वार्ड पंच व सचिव के समक्ष निविदाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा वही मंजूर की जाएगी, जिस निविदादाता के पास रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. एम-फार्म की कॉपी होगी और निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। साथ में 50,000 रुपए की एफ.डी.आर. सचिव/प्रधान ग्राम पंचायत कशौड़ के नाम से निविदा पत्र के साथ संलग्न करनी होगी, चैक मान्य नहीं होगा। 08/05/2025 के बाद प्राप्त निविदा रद्द कर दी जाएगी। चयनित बैंडरों के बिल सामग्री प्राप्त करने के बाद ही पास किए जाएंगे। पंचायत में पूर्व में रहे बैंडरो की निविदाएं स्वीकार नहीं होंगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत कशौड़ विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी**

ज्ञान बिना सब कुछ खो जावे, बुद्धि बिना हम पशु हो जावें, अपना वक्त न करो बर्बाद, जाओ, जाकर शिक्षा पाओ। -सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# पंचायत चुनावों की गहमागहमी

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 2025 तक प्रस्तावित पंचायतीराज चुनावों को लेकर हलचल तेज हो चुकी है। हालांकि, अभी चुनाव के लिए लगभग 8 महीने का समय शेष है। चुनावों से पहले पुनर्सीमांकन यानी डीलिमिटेशन की प्रक्रिया पूरी होनी है। प्रदेश के 125 जिला परिषद वार्ड, 25 पंचायत समितियां और 46 पंचायतों की सीमाएं डीलिमिटेशन से बदल जाएंगी। कौन क्षेत्र किधर को जाएगा यह पूरी प्रक्रिया के बाद ही पता चल पाएगा। निश्चित रूप से इसका असर पंचायत चुनाव पर भी होगा और कई सियासी समीकरण भी बिगड़ जाएंगे। हिमाचल में पहले 3615 ग्राम पंचायतें हुआ करती थी, लेकिन इसके बाद पांच नए नगर निगम, नए नगर परिषद और नई नगर पंचायतें बनने से 42 पंचायतें समाप्त हो गई। इस तरह अब हिमाचल में सिर्फ 3577 ग्राम पंचायतें ही शेष रह गई हैं। प्रदेश सरकार ने नई पंचायतों के गठन के लिए प्रस्ताव मांगे थे, लेकिन प्रदेशभर से 700 से ज्यादा प्रस्ताव आने से सरकार घबरा गई और उसने इन सब प्रस्तावों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। हैरानीजनक यह कि प्रधान बनने की चाह में इतने ज्यादा प्रस्ताव आए और इनमें से कई ऐसे प्रस्ताव भी थे जिनमें जनसंख्या 700 से भी कम थी। सरकार ने नई पंचायतों के गठन का फैसला इसलिए टाला क्योंकि प्रदेश की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं है।

प्रदेश सरकार खुद उधारी व्यवस्था पर ही चली हुई है। ऐसे में नई पंचायतों के गठन से सरकार पर और अधिक आर्थिक बोझ बढ़ जाना था, क्योंकि नई पंचायतों के गठन से लेकर उसके संचालन पर सालाना करीब 120 करोड़ रुपए का खर्च आता है। यह भी सर्वविदित है कि पंचायतों की आय न के बराबर है। ऐसे में उनका संचालन बहुत कठिन हो जाना था। इस बार का पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प होगा। हिमाचल में मुख्तत: दो ही पार्टियों हैं कांग्रेस और भाजपा। जिस भी पार्टी के ज्यादा पंचायत प्रतिनिधि चुनकर आएंगे निश्चित रूप से आने वाले समय में उसी की सरकार हिमाचल में बनेगी। डीलिमिटेशन की प्रक्रिया से पंचायतों की सीमाओं में बदलाव न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव चुनावी समीकरणों पर भी पड़ेगा।

सीमाओं में बदलाव से कुछ पुराने पारंपरिक राजनीतिक गढ़ टूट सकते हैं और कुछ नए समीकरण उभर सकते हैं। यह स्थिति उन नेताओं और प्रत्याशियों के लिए खासकर चुनौतीपूर्ण होगी, जिनका प्रभाव विशेष क्षेत्र तक ही सीमित रहा है। पंचायतों की संख्या बढ़ने के बजाय घटना भी शुभ संकेत नहीं है। पंचायतों की यह घटती संख्या न केवल ग्रामीण प्रशासन को प्रभावित करेगी, बल्कि राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीतियों पर भी इसका असर पड़ेगा। नवगठित शहरी निकायों के चलते कई ग्रामीण क्षेत्र अब नगर निगमों या परिषदों में शामिल हो गए हैं, जिससे ग्रामीण विकास योजनाओं, फंड वितरण और नेतृत्व के स्तर पर भी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। इन क्षेत्रों के पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका भी बदल जाएगी, जिससे स्थानीय राजनीति में नई प्रतिस्पर्धा जन्म लेगी। हिमाचल प्रदेश की राजनीति कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के इर्द-गिर्द घूमती है।

पंचायत चुनाव भले ही गैर-पार्टी आधार पर होते हों, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि दोनों दल अपने समर्थित प्रत्याशियों को जिताने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। जो पार्टी पंचायत स्तर पर अधिक प्रतिनिधि चुने जाने में सफल होती है, उसकी पकड़ राज्य स्तर पर भी मजबूत होती है। चुनावों से पहले स्थानीय स्तर पर मतदाता की नब्ज टटोलना, जातीय और क्षेत्रीय समीकरण समझना और गठजोड़ बनाना—यह सब अब तेजी से शुरू हो चुका है। कांग्रेस जहां अपने परंपरागत वोट बैंक को पुन: सक्रिय करने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा भी अपने संगठनात्मक ढांचे के माध्यम से गांव-गांव में पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। डीलिमिटेशन की प्रक्रिया और पंचायतों की घटती संख्या के चलते इस बार का चुनाव काफी रोचक होने की संभावना है। कई नए चेहरे चुनावी मैदान में उतर सकते हैं, जबकि कुछ पुराने नेताओं को अपने क्षेत्र के बदलने की वजह से चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय मुद्दे जैसे-सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य इस बार भी चुनावी विमर्श में अहम रहेंगे, लेकिन साथ ही दलों की साख, नेतृत्व और विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी मतदाता ध्यान में रखेंगे। इसके अलावा, पंचायत प्रतिनिधियों का चयन आने वाले विधानसभा चुनावों पर भी प्रभाव डाल सकता है। जो पार्टी पंचायत स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेगी, उसकी स्थिति विधानसभा चुनावों में भी मजबूत हो सकती है। यही कारण है कि इन चुनावों को राज्य की सियासत का सेमीफाइनल भी कहा जा रहा है ।

बहरहाल, हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 2025 में होने वाले पंचायत चुनाव केवल स्थानीय प्रशासन के लिए प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह राज्य की भावी राजनीति की दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण चुनाव बनते जा रहे हैं। डीलिमिटेशन की प्रक्रिया, घटती पंचायतों की संख्या और बदलते समीकरणों ने इस बार की चुनावी लड़ाई को और भी पेचीदा बना दिया है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों के लिए यह चुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। आने वाले महीनों में जैसे-जैसे डीलिमिटेशन की तस्वीर साफ होगी, राजनीतिक सरगर्मी और गहमागहमी भी तेज होगी। पंचायत स्तर से शुरू होने वाली यह चुनावी यात्रा अंतत: प्रदेश की सत्ता के गलियारों तक असर डालेगी, इसमें कोई दो राय नहीं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मोदी सरकार की सबसे युवा मंत्री

**अनुप्रिया** पटेल भारत की सत्रहवीं लोकसभा की सांसद हैं। वे मोदी सरकार की सबसे युवा मंत्री हैं। उन्हें 'स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री' बनाया गया था। 7 जुलाई, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में विस्तार तथा फेरबदल के बाद अनुप्रिया पटेल को 'उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री' का दायित्व दिया गया है। अनुप्रिया पटेल इससे पहले 2012 में वाराणसी संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा सीट रोहनियां से विधायक चुनी गई थीं।



अनुप्रिया पटेल
जन्म : 28 अप्रैल, 1981

अनुप्रिया पटेल कुर्मी बिरादरी में खासा प्रभाव रखने वाले 'अपना दल' के संस्थापक दिवंगत सोनेलाल पटेल की बेटी हैं। अपनी मां कृष्णा पटेल से पार्टी में वर्चस्व की लड़ाई लड़ रही अनुप्रिया पटेल का जन्म कानपुर में हुआ था। उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वुमन एमिटी विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने एमबीए कर एमिटी विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य भी किया है। पिता की मृत्यु के बाद अक्तूबर 2009 में उन्हें 'अपना दल' का महासचिव बनाया गया। उनकी मां कृष्णा पटेल दल की अध्यक्ष बनीं। वह 2014 के आम चुनाव में मिर्जापुर के निर्वाचन क्षेत्र से भारत की संसद के निचले सदन लोकसभा के लिए चुनी गई थीं। ■



कविता

### बुजुर्ग

*रक्षा कुमारी ( खनियारा )*

*मुंह में जुबान हो न हो,*
*मगर जहन में एहसास रखते हैं।*
*यह परिंदे छांव में रहकर भी प्यास रखते हैं।*
*धो डाले उम्र की लहरों ने सभी निशां,*
*मगर दर्द देने वाली घड़ी पास रखते हैं।*
*न्योछावर करके अपना सारा जीवन,*
*यह दरख्त हमसे भी तो कुछ आस रखते हैं।*
*उड़कर धूल कहां छूती है गगन को।*
*मगर यह मंद झोंके फिर भी अपने भीतर,*
*ऊंचाइयों का आकाश रखते हैं।*
*तेरे लबों की हंसी से गर खुश है कोई।*
*तो उस शख्स को क्यों हम उदास रखते हैं।*
*कुछ पल के मेहमा हैं न सताओं इन्हें,*
*यह उंगलियों पर गिनती के श्वास रखते हैं।*
*न जाने कौन सी दुआ रंग लाए इनकी,*
*यह अपनी जुबां पर खुदा का वास रखते हैं...*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पहलगाम हमला : एक और नए युद्ध की चिंगारी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद दशकों से भारत की आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगाकर सेना, सुरक्षाबलों के अलावा आम नागरिकों की जानों को लील रहा है। कश्मीर घाटी के पहलगाम में आतंकियों की बुजदिली ने हैवानियत का जो नंगा नाच नाचा वो सारी दुनिया ने देखा। यह वीभत्स आतंकी हमला इस बात की पुष्टि करता है कि पाकिस्तान अपनी पुरानी नीति से अब भी पीछे नहीं हटा है। इस हमले ने सिर्फ निर्दोष लोगों की जान ही नहीं ली, बल्कि भारत की संप्रभुता और आत्म-सम्मान पर भी गहरा आघात किया है। भारत और पाकिस्तान के संबंध 1947 में विभाजन के बाद से ही तनावपूर्ण रहे हैं। 1947, 1965, 1971 के तीन पूर्ण युद्ध और कारगिल जैसी सैन्य झड़पों के बावजूद शांति की कोशिशें कई बार हुईं, लेकिन हर बार कोई न कोई आतंकी हमला या संघर्ष विराम का उल्लंघन कर सीमा पर गोलीबारी इन प्रयासों को बाधित करती रही है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे को गरमा दिया है। भारत की ओर से कड़ा रुख और जनता में आक्रोश ये संकेत देते हैं कि यदि परिस्थितियां और बिगड़ती हैं, तो दोनों देशों के बीच एक और नए युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



**कश्मीर विवाद सबसे बड़ा कारण**

भारत-पाकिस्तान संबंधों में खटास का ऐतिहासिक रूप से सबसे बड़ा कारण कश्मीर विवाद रहा है। 1947 के बाद से अब तक दोनों देशों ने तीन बार कश्मीर को लेकर युद्ध लड़ा है। 1999 में करगिल युद्ध के बाद भारत और पाकिस्तान के दरमियान तनाव बढ़ता ही गया। 2001 में संसद हमला, 2008 मुंबई हमला, 2016 में उड़ी और पठानकोट हमले, 2019 में पुलवामा और अब 2025 में पहलगाम हमला-ये सभी घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद के माध्यम से पाकिस्तान की नीति में कोई स्थायी बदलाव नहीं आया।

**साक्ष्य मिलने पर सैन्य तैयारियां बढ़ाई**

पहलगाम आतंकी हमले की योजना पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों से जुड़ी होने के डिजिटल साक्ष्य सामने आए हैं। भारत ने जवाब में राजनयिक संबंध सीमित कर दिए, व्यापारिक प्रतिबंध लगा दिए और सैन्य तैयारियां बढ़ा दीं। यदि स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह सीधी भिड़ंत में बदल सकती है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि स्थगित कर दी, अटारी-वाघा चेक पोस्ट बंद कर दी, सार्क वीजा रद्द कर दिया, दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात रक्षा और सैन्य सलाहकार पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किए यानी किसी राजनयिक प्रतिरक्षा प्राप्त व्यक्ति के विरुद्ध सरकार की ओर से की जाने वाली निंदा तथा अपने रक्षा सलाहकारों को पाकिस्तान से बुलाया। यही नहीं, दोनों उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या भी घटा दी। वहीं, पाकिस्तान ने भी भारत के एक्शन के बाद प्रतिक्रिया के रूप में शिमला समझौता निरस्त किया, वाघा सीमा चौकी को बंद किया, सिखों को छोड़ भारतीय नागरिकों का वीजा निरस्त किया, भारतीय उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या घटाई, हवाई यातायात रोका और भारत के साथ व्यापार न करने की भी जिद पकड़ी।

**युद्ध की संभावनाओं के संकेत**

वर्तमान में दोनों देशों की सीमाओं पर सैन्य तैनाती में इजाफा हुआ है। युद्ध की संभावनाएं तब और बढ़ जाती हैं जब कूटनीतिक वार्ताएं विफल हो जाती हैं और घरेलू राजनीतिक दबाव सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर करता है। युद्ध की शुरुआत सीमित सैन्य अभियान से हो सकती है, लेकिन इसमें तेजी से वृद्धि होकर पूर्ण युद्ध में बदलने की आशंका रहती है। प्रश्न उठता है कि क्या पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने का वक्त आ गया है? क्या भारत को सैन्य कार्रवाई या युद्ध का रास्ता अपनाना चाहिए? जवाब यह है कि युद्ध किसी भी समस्या का अंतिम और सबसे विनाशकारी विकल्प होता है। भारत एक जिम्मेदार लोकतंत्र होने के नाते, संयम और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को प्राथमिकता देता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि भारत कमजोर है। भारत ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पहले भी यह स्पष्ट किया है कि जब देश की सुरक्षा की बात आती है, तो वह चुप नहीं बैठता। अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता, तो भारत को एक बार फिर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, चाहे वो सीमित सैन्य कार्रवाई हो, कूटनीतिक अलगाव हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को बेनकाब करना हो। युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए, लेकिन अगर पाकिस्तान भारत की सहनशीलता को उसकी कमजोरी समझता है, तो उसे यह याद दिलाना जरूरी है कि नया भारत जवाब देना भी जानता है।

यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

**युद्ध के सामरिक प्रभाव**

भारत की सेना परंपरागत रूप से पाकिस्तान से कहीं अधिक बड़ी और सुसज्जित है। भारत के पास तीनों सेनाओं थल, वायु और नौसेना का प्रभावी संतुलन है। पाकिस्तान की रणनीति आमतौर पर परमाणु छाया के नीचे पारंपरिक संघर्ष की रही है। युद्ध की स्थिति में सीमाओं पर भीषण लड़ाई, मिसाइल हमले और साइबर हमलों की आशंका है। युद्ध का मानव जीवन और समाज पर बहुत गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। यह भौतिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है, साथ ही सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को भी बाधित करता है।

**अर्थव्यवस्थाओं को गहरा झटका**

अगर भारत और पाकिस्तान के बीच एक और युद्ध होता है तो इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को गहरा झटका लगेगा। भारत की जीडीपी का बड़ा हिस्सा रक्षा पर खर्च हो सकता है, जिससे विकास योजनाएं धीमी हो जाएंगी। विदेशी निवेश कम होगा, शेयर बाजारों में गिरावट आएगी और व्यापारिक मार्ग अवरुद्ध होंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान की पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था को युद्ध पूरी तरह चरमरा सकता है। ईंधन, खाद्यान्न और दवाओं की कमी आम हो जाएगी। ऐसे में लोगों का जीवन संकट में पड़ सकता है।

**सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव**

युद्ध के दौरान और बाद में समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। दोनों देशों में अल्पसंख्यकों के प्रति अविश्वास और हिंसा की संभावना बढ़ती है। शरणार्थियों की समस्या और आंतरिक विस्थापन का मुद्दा सामाजिक ताने-बाने को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। युद्ध से सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव दोनों बढ़ जाते हैं। युद्ध सामाजिक संरचनाओं को नष्ट कर देता है, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता बढ़ती है। यह सांप्रदायिक हिंसा को भी बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि यह विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा दे सकता है।

**मानवीय संकट और भुखमरी की आशंका**

युद्ध में सबसे अधिक प्रभावित आम नागरिक होते हैं। विस्थापन, चिकित्सा सुविधाओं की कमी, बच्चों की शिक्षा में बाधा और जनसुविधाओं का ठप हो जाना-ये सभी मानवीय संकट का रूप ले सकते हैं। युद्ध होने पर लोग सुरक्षित जगहों पर निकलेंगे। सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन होगा, जिनके पुनर्वास की चुनौती सरकारों के सामने होगी। लंबा खिंचने वाला युद्ध लोगों को भयंकर भुखमरी की स्थिति में भी धकेल सकता है, क्योंकि संघर्ष जीवन को नष्ट कर देता है, समुदायों को उखाड़ फेंक देता है।

**परमाणु खतरा और उसका असर**

यह तो सर्वविदित है कि भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। यदि युद्ध लंबे समय तक चलता है और पाकिस्तान पारंपरिक युद्ध में पिछड़ जाता है, तो वह परमाणु हथियारों का उपयोग अंतिम विकल्प के रूप में करने से गुरेज कदापि नहीं करेगा। इसका असर न केवल लाखों जानों पर होगा, बल्कि पर्यावरण पर भी पड़ेगा। रेडिएशन, जलवायु परिवर्तन, कृषि उत्पादन में गिरावट और जन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव कई पीढ़ियों तक रहेगा। एक भी परमाणु हथियार किसी शहर को नष्ट करने का मादा रखता है। इससे अधिकांश लोग मारे जा सकते हैं। हिरोशिमा और नागासाकी पर बमबारी परमाणु बम से होने वाली मौतों के प्रमुख उदाहरण हैं।

**युद्ध के पर्यावरणीय प्रभाव**

युद्ध में बड़े पैमाने पर विस्फोट, तेल भंडारों और औद्योगिक इकाइयों का नाश पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। वायु, जल और मृदा प्रदूषण युद्ध की दीर्घकालिक विरासत बन सकते हैं। वनस्पति और वन्य जीवन पर इसका असर पड़ेगा, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ेगा। जब युद्ध रुक जाता है तब भी इससे उत्पन्न समस्याएं खत्म नहीं होतीं। युद्ध पर्यावरण को तहस-नहस कर देता है। तोपों के हमलों, रॉकेटों और बारूदी सुरंगों से प्रदूषक निकलते हैं, जिनसे जंगल तबाह हो जाते हैं और कृषि भूमि बेकार हो जाती है।

**वैश्विक राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया**

भारत-पाकिस्तान युद्ध पर विश्व की बड़ी शक्तियां-अमेरिका, रूस, चीन, यूरोपीय संघ गौर करेंगे। चीन पाकिस्तान का रणनीतिक साझेदार है, लेकिन वह खुली सैन्य भागीदारी से बचेगा। अमेरिका शांति के लिए कूटनीतिक दबाव डालेगा। संयुक्त राष्ट्र युद्ध को रोकने के लिए हस्तक्षेप करेगा। दक्षिण एशिया में अन्य देशों पर भी युद्ध का असर पड़ेगा, जैसे नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका।

**समाधान और शांति के मार्ग**

युद्ध से बचने के लिए कूटनीति, संवाद और भरोसे की बहाली बेहद लाजिमी है। दोनों देशों को संयुक्त आतंकवाद विरोधी तंत्र, वीजा प्रक्रिया को सरल बनाना और व्यापारिक संबंधों को फिर से शुरू करने जैसे कदम उठाने चाहिए। मीडिया और नागरिक समाज को भी शांति की पहल में सहयोग करना चाहिए। क्षेत्रीय संगठनों को संवाद का मंच बनाना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे विवाद युद्ध का कोई समाधान नहीं है, यह केवल विनाश, बर्बादी और पीड़ा का रास्ता है। दोनों देशों के पास संसाधन सीमित हैं, जिन्हें युद्ध में नष्ट करने की बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और तकनीक में निवेश किया जाना चाहिए। यदि इतिहास से कोई सीख लेनी है, तो वह यही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं की जड़ मात्र है।

रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com

# भुखमरी से जूझते लोगों की त्रासदी, रोजाना भूखे ही सोने पर विवश लोग

दुनियाभर में भूख की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। खाद्य सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में 2.5 अरब लोग भूख की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसे में कुछ लोग भुखमरी की कगार पर हैं। बहुत से लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं तथा उन्हें खाद्य आपूर्ति प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विश्व की आबादी के एक बड़े हिस्से को दो जून की रोटी भी नहीं मिलती। उन्हें अपना समय भूखे पेट गुजारना पड़ता है। कोरोना संकट का भी इस पर बहुत बुरा असर पड़ा। दरअसल, मुद्रास्फीति में वृद्धि के साथ इस समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक योजनाबद्ध नीति अपनाने की सख्त जरूरत है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना( हि. प्र.)

आज तक फरवरी, 2022 से चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण अनाज, पेट्रोलियम उत्पादों और खाद्य पदार्थों की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से आज पूरी दुनिया के सामने जो भयावह तस्वीर है। उसकी कल्पना को सहज ही समझा जा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हाल के दशकों में दुनिया ने भुखमरी, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण को खत्म करने में काफी प्रगति की है, लेकिन अभी भी इस मामले को लेकर अनेक देश बहुत पीछे हैं। यह बेहद गंभीर विचारणीय प्रश्न है। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्य वर्ष 2030 तक इस गंभीर समस्या के समाधान की कोई उम्मीद नहीं है फिर भी इस गंभीर संवेदनशील समस्या से निपटने हेतु सभी देश भरसक प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व में खाद्यान्न संकट से जूझ रहे देशों में 12 अफ्रीकी, एक कैरेबियाई देश, हैती तथा एशिया में अफगानिस्तान और यमन शामिल हैं।

इस गंभीर संकट के कई कारण हैं जैसे बेरोजगारी, कर्ज, देश के भीतर आंतरिक संघर्षों से उत्पन्न युद्ध और गरीबी का चक्र। यही कारण है कि विश्व में लगभग तीन अरब लोग स्वस्थ जीवन जीने के प्रति चिंतित हैं। उन्हें दिन में दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं है। सच्चाई तो यह है कि हम सभी गलत दिशा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। संघर्ष और बड़े पैमाने पर विस्थापन वैश्विक भूख को बढ़ावा दे रहे हैं। बढ़ती गरीबी, बढ़ती असमानता, अनियंत्रित अविकसितता, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाएं भी खाद्य असुरक्षा में योगदान करती हैं। इससे विश्व के आधुनिक विकास मॉडल को भी नुकसान पहुंच रहा है जिसमें एक तरफ वैज्ञानिक प्रगति है तो दूसरी तरफ भूखे-नंगे लोग हैं।



यह कैसा विकास है? यह भूख का एक भयानक रूप है। यहां प्रश्न यह है कि विश्व के सभी देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं को एकीकृत करने के लिए ईमानदारी से प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं? सभी देशों को इस समस्या से निपटने के लिए उचित व्यवस्था करके एकजुट होना चाहिए। इससे भूख और कुपोषण के संकट को रोकने में मदद मिल सकती है, लेकिन दुर्भाग्यवश, वैश्वीकरण की संस्थाओं और इस संकट को उठाने वाले प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने अमीरों और गरीबों के बीच की खाई को और चौड़ा ही किया है। उन्हें इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनाने का प्रयास करना चाहिए, अन्यथा अमीरों की थाली हमेशा भोजन से भरी रहेगी और गरीब लोग कूड़े के ढेर में रोटी तलाशते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? खराब व्यवस्था और भ्रष्टाचार इस संकट को बढ़ाने के मुख्य कारण बन रहे हैं।

महंगाई ने भी लोगों की कमर तोड़ दी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रकृति ने हम सभी के भोजन की व्यवस्था की है, लेकिन अमीर-गरीब शब्द संसाधनों के तर्कसंगत वितरण के अभाव के कारण ही अस्तित्व में आया। अंतत: यह कहा जा सकता है कि उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों को उचित तरीके से वितरित करके खाद्य असुरक्षा और भुखमरी के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। अमीर देशों को गरीब देशों के लोगों की मदद करना अपना नैतिक कर्तव्य समझना चाहिए ताकि हर नागरिक को पर्याप्त भोजन मिल सके और कोई भी भूख से न मरे।

ध्यान देने वाली बात यह है कि दुनिया के किसी भी देश में गरीबी और अराजकता की चिंगारी पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा सकती है। कितना ही अच्छा होगा यदि संपूर्ण वैश्विक समुदाय गरीबी और भुखमरी के खिलाफ लड़ाई में एक-दूसरे की मदद करने का संकल्प लें। खाली पेट कोई भी काम नहीं किया जा सकता। बातें भी तो तभी आती हैं जब पेट भरा हो। आइए, हम सब मिलकर भुखमरी, गरीबी और बेरोजगारी को खत्म करने के लिए काम करें। इस संसार में असंभव कुछ भी नहीं है। हां, हमें यह बात याद रखनी होगी कि स्वयं का त्याग करके ही व्यक्ति दूसरों की भलाई कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अब पाकिस्तान को दिन में तारे दिखाने का समय आ गया है

पहलगाम में आतंकियों ने जिस बर्बरता से हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की है, वह कई बड़े सवाल खड़े करता है।

सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या वास्तव में भारत में हिंदू होना अपराध है, अगर नहीं तो पाकिस्तानी आतंकियों ने उन्हें केवल हिंदू होने की सजा क्यों दी। वैसे भी पाकिस्तान हमेशा से हिंदुओं के बारे जहर उगलता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हिंदुओं के विरोध में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। उसे उसी की भाषा में समझाने की आवश्यकता है। आतंक के मुद्दे पर अब आर-पार करने का समय आ गया है। भारत में हर आतंकी घटना के बाद प्राय: यह सुनाई देता है कि आतंकवाद का कोई धर्म या संप्रदाय नहीं होता। यह निश्चित रूप से इस्लामिक आतंकवाद को सही ठहराने का कार्य करते हैं। यह उस स्थिति में सही माना जा सकता था, जब आतंकी बिना धर्म पूछे गोली चलाते, लेकिन पहलगाम में तो केवल हिंदुओं को ही गोली मारी गई। जो संगठन या व्यक्ति हमेशा यह कहते रहे हैं कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, पहलगाम में हुई आतंकी घटना से उनकी आंखों से परदा हट जाना चाहिए। घटना में केवल हिंदू पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। पाकिस्तान द्वारा की गई इस आतंकी घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से तब तक बाज नहीं आएगा, जब तक उसे जैसे को तैसा जवाब नहीं दिया जाएगा। अब पाकिस्तान के विरोध में कठोर कदम उठाने का समय आ गया है, क्योंकि बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान, कश्मीर में अशांति फैलाने का कायरता पूर्ण कार्य करता है। यह सारा खेल पाकिस्तान में आश्रय लेने वाले आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों को कश्मीर में आश्रय कौन देता है, यह जांच का विषय है।



लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कोई भी विदेशी आतंकी तब तक अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता, जब तक उसे स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिले। इसलिए ऐसी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय आतंकी तत्वों की पहचान भी जरूरी है। अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के विरोध में जहर उगला, उससे साफ हो गया कि वे अपनी सेना और आतंकियों को भारत के विरुद्ध भड़का रहे हैं। हो सकता है ये आतंकी घटना उसी का परिणाम हो। हालांकि सेना प्रमुख के जहरीले बयान के बाद उनके ही देश पाकिस्तान के उन नागरिकों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी, जो पाकिस्तान के वर्तमान हालातों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं।



इसके बाद भी आतंकी सरगनाओं के इशारों पर आतंक फैलाने वालों के लिए यह बयान एक प्रकार से हौसला बढ़ाने वाला ही रहा। जहां एक ओर पूरी दुनिया आतंक की समाप्ति के कदम का समर्थन कर रही है, वहीं पाकिस्तान इसे रोकने के बजाय बढ़ाने में लगा है। अमेरिका भी पाकिस्तान को कई बार आतंक पर लगाम लगाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान सरकार का आतंकी आकाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं बचा, इसके विपरीत कभी-कभी ऐसा लगता है कि आतंकियों के नियंत्रण में पाकिस्तान की सरकार कार्य कर रही है। अब तो विश्व के कई मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तान के साथ खड़े होने से इनकार कर दिया। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अलग-थलग दिखाई दे रहा है।

पाकिस्तान सरकार आतंकियों के सामने बेबस इसलिए है, क्योंकि आज पाकिस्तान के अंदरूनी हालात ऐसे हो चुके हैं, जो बिखराव का रास्ता ही निर्मित करता है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के विरोध में लंबे समय से स्वर उठ रहे हैं, आज इन स्वरों में और तेजी आती जा रही है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के नागरिक भारत के साथ अपने सुखद भविष्य का सपना देखने लगे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहना समुचित होगा कि आतंक के मामले पर आर-पार हो ही जाना चाहिए। अब पाकिस्तान को दिन में तारे दिखाने का समय आ गया है। भारत सरकार को आतंक के विरोध में कठोर कार्रवाई करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी-कोटली-धर्मपुर-जालंधर एनएच बना अभिशाप

## कंपनी निर्धारित समयावधि में काम मुकम्मल करने में रही नाकाम, सड़क मार्ग बनाने के लिए है 550 करोड़ का बजट

**प्रशांत मोहन, कोटली**


**मंडी**-कोटली-धर्मपुर-जालंधर एनएच की सुविधा पाने वाले क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क मार्ग वरदान के बजाय अभिशाप बन चुका है। लगभग 110 किलोमीटर लंबे इस डबल लाइन राष्ट्रीय उच्च मार्ग को बनाने को कांट्रैक्ट गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी को दिया गया है। लगभग तीन भागों में बांटे गए इस सड़क मार्ग को बनाने के लिए तकरीबन 550 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है।

सड़क मार्ग के तीसरे हिस्से कि यदि बात करें जोकि उपमंडल मुख्यालय कोटली के आसपास पड़ता है, उसको ठेकेदार कंपनी जहां एक ओर इसे निर्धारित समयावधि में मुकम्मल करने में नाकाम रही है, वहीं दूसरी ओर कंपनी के काम करने का तरीका प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सिर दर्द बन कर रह गया है। गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी से सब कांट्रैक्ट हासिल करके यहां काम कर रही सूर्य कंस्ट्रक्शन के काम करने का तरीका प्रभावितों को बर्दाश्त करना असहनीय होता जा रहा है। यह कंपनी न केवल सड़क मार्ग निर्माण में लाई जाने वाली गुणवत्ता के प्रति उदासीन है बल्कि निर्माण कार्य से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को होने वाली परेशानियों के प्रति भी असंवेदनशील है।

आलम यह है कि क्षेत्र के लोगों की ओर से यह मुद्दा कई मर्तबा व्यक्तिगत तौर पर सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करके उनके ध्यान में ले जाने के बावजूद अब तक जिम्मेदार कंपनी पर किसी प्रकार की कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। एनएच प्रभावित संघर्ष समिति कोटली के महासचिव कमल का कहना है कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से ठेकेदार कंपनी को काम पूरा करने के लिए 11 अप्रैल, 2025 का समय दिया गया था, लेकिन अभी तक लगभग 60 प्रतिशत से ज्यादा काम बचा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं समिति उपाध्यक्ष

**समिति** के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश बताते हैं कि ठेकेदार कंपनी निर्माण कार्य में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग न करके अपने मुनाफे के चक्कर में देसी फॉर्मूलों का इस्तेमाल करते हुए बेहद नाकारा साबित हो रही है। समिति के प्रेस सचिव योगेश कुमार ने बताया कि कंपनी की ओर से निर्माण कार्य के दौरान समय-समय पर पानी का छिड़काव न किए जाने से उड़ रही धूल मिट्टी ने प्रभावित क्षेत्र के लोगों को दमे जैसी बीमारी का शिकार बना दिया है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर अवैध डंपिंग से कई रास्ते, मकान तथा खेत आने वाले बरसात के मौसम में बाढ़ का शिकार हो सकते हैं।



### दिसंबर तक पूरा हो जाएगा काम: तिवारी

**गावर** कंपनी के एक विशेष अधिकारी संदीप तिवारी ने आश्वासन दिया है कि दो सप्ताह के अंदर अत्याधुनिक मशीनों के साथ स्किल्ड लेबर जगह-जगह काम करती हुई दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 तक सड़क मार्ग का काम मुकम्मल करने का लक्ष्य रखा है जिसे वह हर हाल में पूरा करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पानी के टैंकरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने माना कि ट्रायल बेसिस पर हो रही टारिंग की गुणवत्ता में कुछ तकनीकी कारणों की वजह से कमी पाई गई है जिसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद अगले 5 साल तक सड़क मार्ग का रखरखाव गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी को ही करना है। लिहाजा प्रभावित क्षेत्र के लोगों को इस बात की चिंता करने की कतई जरूरत नहीं है।

# चौंतड़ा में किसानों ने बेदखली, नशा और डॉक्टरों की कमी को लेकर बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हिमाचल** किसान सभा चौंतड़ा जोन कमेटी के बैनर तले रविवार को किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर सुकाबाग मेला मैदान से बीडीओ कार्यालय तक विशाल जुलूस निकालते हुए जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेशभर में किसानों की जमीन व घरों से बेदखली रोकने, उन्हें मालिकाना हक दिलाने, चिट्टा और अन्य जानलेवा नशों के खिलाफ सख्त कदम उठाने, जोगिंदरनगर अस्पताल व चौंतड़ा सीएचसी में डॉक्टरों के रिक्त पद भरने व मनरेगा मजदूरों की छह महीने से लंबित दिहाड़ी का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। साथ ही हालिया पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को सख्त सजा देने और सुरक्षा चूक की पूरी जांच कराने की भी आवाज बुलंद की। धरने में सुदर्शन वालिया, प्रताप चंद, हिमाल सिंह, कृष्ण चंद, कश्मीर सिंह, कृष्ण कुमार, सपना देवी, निशा देवी, सीमा देवी, वीना देवी, विद्या देवी, सकीना देवी, कृष्णा देवी, नीतू, सीता, रीनू सहित बड़ी संख्या में किसानों और महिलाओं ने भागीदारी निभाई। किसान सभा ने ऐलान किया है कि इन मुद्दों को लेकर 28 अप्रैल को सुबह 10: 30 बजे जोगिंदरनगर में एक और विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें और व्यापक स्तर पर किसानों, मजदूरों और आम जनता को जोड़ा जाएगा।

**पहलगाम हमले के दोषियों को सख्त सजा देने पर आवाज की बुलंद**

## न्यूज ब्रीफ

### रद्द हो प्राथमिक शिक्षकों का निलंबन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** चौड़ा मैदान शिमला में प्राथमिक शिक्षकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं के निलंबन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं तथा इससे कर्मचारियों तथा सरकार के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न होगी जो प्रदेश की जनता मुख्यत विद्यार्थियों के हित में नहीं हैं। संघ के जिला मंडी के अध्यक्ष हेत राम शर्मा ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी मांग रखने की आजादी मिलनी चाहिए। कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन की यह अभूतपूर्व घटना नहीं हैं पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन किए है। महासंघ ने मुख्यमन्त्री तथा शिक्षा मंत्री से निवेदन किया कि वह इस विषय में हस्तक्षेप कर इस निलंबन को रद्द करवाए।

### वन हमारे पर्यावरण का अमूल्य अंग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला वन अग्नि से सुरक्षा का समापन रविवार को वन मंडल अधिकारी बिलासपुर राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस मौके हिमाचल प्रदेश वन अकादमी के उपनिदेशक संदीप कुमार, उपनिदेशक पियूष शर्मा, उपनिदेशक देवेंद्र सिंह डोगरा, नरेंद्र कैथ कोऑर्डिनेटर जिला आपदा प्रबंधन, प्रशिक्षक बेसरी शर्मा व अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वन हमारे पर्यावरण का अमूल्य अंग हैं। वन न केवल जैव विविधता का संरक्षण करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन, मिट्टी की रक्षा और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन वन अग्नि एक गंभीर प्राकृतिक या मानवजनित आपदा है, जो इन वनों को भारी क्षति पहुंचाती है। संदीप ने कहा कि वनों की रक्षा हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है।

### सहकारी सभा ने बांटा 4.95 लाख का लाभांश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** द सुकेत सिने बहुउद्देश्यीय सहकारी सभा सीमित का वार्षिक अधिवेशन रविवार को प्रधान सतीश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस मौके पर सभा के महासचिव सुरेंद्र पाल सेन ने सिने सहकारी सभा का वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। प्रधान सतीश कुमार शर्मा ने बताया अधिवेशन में सभा के 98 सदस्यों को 4.95 लाख का लाभांश वितरित किया गया। वहीं सभा की ओर से 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट को भी सभा द्वारा मंजूरी दी गई और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष अनिल सेन, निदेशक सुरेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र कौशल, हरीश चंद्र, राकेश गुप्ता, निखिल शर्मा, भीम सिंह सेन, हरनाम सिंह जम्वाल व सतपाल शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आनी बना क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के देवधार में खेले गए एफपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में आनी की एके 47 टीम ने डाईनामाइट घाट मुहाथ की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को एफपीएल कप के अलावा 1 लाख का नकद इनाम दिया गया। उप विजेता टीम को ट्राफी के अलावा 50 हजार का नकद इनाम दिया गया। इस खेल प्रतियोगिता में 90 के आसपास टीमों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत देवधार के युवाओं द्वारा बनाई गई आयोजन कमेटी के बेहतरीन प्रबंधन को स्थानीय लोगों ने काफी सराहा। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं गब्बर नेगी, दुनी चंद, सुरेश कुमार, गोपाल सिंह,यशपाल,छापे राम ज्ञान मेहता इत्यादि को बेहतर प्रबंधन के लिए सम्मानित भी किया गया। समापन समारोह में पूर्व पंचायत प्रधान एवं सराज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष टेक सिंह चौहान,युवा कांग्रेस बालीचौकी मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार, महिला कांग्रेस की नेत्री जयावंती नेगी एसएमसी अध्यक्ष दिले राम, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे।

### सौ साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बसंतपुर पंचायत के बहल गांव की वयोवृद्ध बोहरी देवी पत्नी स्वर्गीय शंकर दास ने सौ वर्षों की गौरवपूर्ण आयु पूर्ण कर क्षेत्र में एक अनूठी मिसाल कायम की है। इस शुभ अवसर पर उनके सुपुत्र रिटायर्ड कैप्टन चमन लाल द्वारा परिवारजनों एवं संबंधियों के साथ केक काटकर समारोहपूर्वक जश्न मनाया गया तथा समस्त क्षेत्रवासियों के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी एवं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रजत ठाकुर ने वयोवृद्ध बोहरी देवी को सम्मानपूर्वक भेंट अर्पित की और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रजत ठाकुर ने कहा कि जीवन के सौ वर्ष पूरे करना एक अद्वितीय उपलब्धि है और बोहरी देवी का जीवन पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का आशीर्वाद समाज के लिए मार्गदर्शक शक्ति का कार्य करता है और हमें उनकी सेवा एवं सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी उपस्थितजनों ने बोहरी देवी को शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्रार्थना की। समारोह का वातावरण अत्यंत उल्लासपूर्ण, भावनात्मक एवं गरिमामय रहा।

# भरनाल पंचायत के गूढ़ मझवाड़ गांव में घर से लाखों की चोरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट की भरनाल पंचायत के गूढ़ मझवाड़ गांव में घर से चोरों ने लाखों के गहने व पचास हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिए। मिली जानकारी के अनुसार योगराज पुत्र संतराम परिवार सहित बिलासपुर जिला की घुमारवीं तहसील के बम गांव में जगराते में गया था और घर पर कोई नहीं था। चोरों ने घर के ताले तोड़ कर अंदर स्टील की अलमारी को तोड़ कर अंदर रखे सोने के गहने और पचास हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। अगली सुबह जब योगराज परिवार सहित घर वापस आया तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर कमरों में घर का सामान बिखरा हुआ था। जब उन्होंने अलमारी को देखा तो उसके लॉकर में रखे उपरोक्त गहने और पचास हजार रुपए की नकदी गायब थी। योगराज ने आसपास से लोगों को बुलाया और उन्हें भी घटना बारे जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी संजीव गौतम ने बताया कि वे स्वयं भी घटनास्थल पर गए थे और अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**परिवार घुमारवीं गया था जगराता देखने**

# 6750 लाभार्थी प्राप्त कर रहे संतुलित और पौष्टिक आहार

**लक्की, करसोग।** करसोग में कुल 288 आंगनबाड़ी केंद्र सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनमें 266 आंगनबाड़ी केंद्र और 22 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में इन केंद्रों में 0 से 6 माह तक के 456 बच्चे, 6 माह से 3 वर्ष तक के 2554 बच्चे और 3 से 6 वर्ष तक के 3324 बच्चे तथा 872 माताएं, कुल 6750 लाभार्थी संतुलित एवं पौष्टिक आहार के साथ-साथ स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण, वजन मापन व स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया है कि पोषण केवल मात्रा में नहीं, बल्कि गुणवत्ता व स्वाद में भी संतुलित हो। (अनंत ज्ञान)

# केएस गुलेरिया को मिला महात्मा हंसराज पुरस्कार

## डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति नई दिल्ली ने दिया प्रधानाचार्य को सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**प्रदेश** के सुजानपुर टीहरा के चौड़ा मैदान में आयोजित समर्पण दिवस समारोह में डीएवी जोन सी के क्षेत्रीय अधिकारी एवं डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया को महात्मा हंसराज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार डॉ. पूनम सूरी, प्रधान, डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। विदित हो कि प्रतिवर्ष महात्मा हंसराज जयंती के अवसर पर डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में समर्पण दिवस का आयोजन किया जाता है, और शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है।

इस वर्ष यह पुरस्कार देशभर से तीन शिक्षाविदों को प्रदान किया गया। डॉ. विक्रमजीत सिंह, प्रधानाचार्य, दयानंद कॉलेज, हिसार केएस गुलेरिया, प्रधानाचार्य एवं एआरओ, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी सीमा मेंदीरत्ता, प्रधानाचार्य एवं एआरओ, डीएवी इंटरनेशनल स्कूल, खारघर (नवी मुंबई) मंडी जिला और समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि के. एस गुलेरिया जी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे न केवल हिमाचल डीएवी परिवार, बल्कि समस्त प्रदेशवासियों में हर्ष की लहर है। कार्यक्रम में डॉ. पूनम सूरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# दौलत राम चंदेल चुने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** द मंडी सुकेत ट्रक कॉपरेटिव सोसायटी धनोटू ने रविवार को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। हाल ही में प्रधान चुने गए सर्वजीत सिंह ने उपप्रधान के लिए दौलत राम चंदेल, कोषाध्यक्ष करतार सिंह चंदेल और सचिव हेमंत शर्मा को चुना गया। इस मौके पर 11 अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया सोसायटी के हाल को सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए उचित दरों में उपलब्ध करवाया जाएगा। इस बैठक हाल के लिए साउंड सिस्टम के साथ फर्नीचर खरीदने के लिए प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा सोसायटी के द्वारा आम जन को दी जाने वाली फ्री एंबुलेंस सेवा जारी रहेगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का सोसायटी ने टोल टैक्स के नियमों में बदलाव के साथ बेहतर सड़क सुविधा के लिए आभार जताया।

# जोगिंद्रनगर में वनों को आग से बचाने के लिए बनाई विशेष टीमें

## फायर अलर्ट सिस्टम से मिलेगी तत्काल सूचना, वन मित्र भी करेंगे जंगलों में नियमित गश्त

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**गर्मी** के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वन विभाग जोगिंद्रनगर ने व्यापक रणनीति तैयार की है। उपमंडल की सभी पंचायतों में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिनमें पंचायत प्रधानों, युवक मंडल और महिला मंडल के सक्रिय सदस्यों को शामिल किया गया है। ये टीमें जंगलों में आगजनी रोकने, आग बुझाने और जनता को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

वन विभाग ने साफ किया है कि जंगलों में जानबूझकर आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को चिन्हित कर भारतीय वन अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों के तहत दंडित किया जाएगा। वन खंड अधिकारी कमल भारती ने कहा कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं हैं, बल्कि वे जीवनदायिनी प्रणाली का आधार हैं। आगजनी की घटनाएं न केवल हमारे प्राकृतिक संसाधनों को तबाह करती हैं, बल्कि मनुष्यों और वन्य जीवों के लिए भी भारी खतरा बनती हैं।

कमल भारती ने बताया कि इस वर्ष जंगलों में आग की स्थिति का तुरंत पता लगाने के लिए फायर अलर्ट सिस्टम का भी सहारा लिया जा रहा है। यह आधुनिक प्रणाली सैटेलाइट के माध्यम से जंगलों में उठने वाले धुएं और तापमान में असामान्य वृद्धि की पहचान कर चेतावनी देती है। इससे आगजनी की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकेगा और फील्ड स्टाफ को समय रहते मौके पर भेजा जा सकेगा। आग से बचाव के लिए गठित टीमें ही नहीं, बल्कि विशेष रूप से नियुक्त वन मित्रों की भी सेवाएं ली जाएंगी। ये वन मित्र जंगलों में गश्त करेंगे, असामान्य गतिविधि पर नजर रखेंगे और आग लगने की घटना पर भी विभाग को तुरंत सूचित करेंगे। वन विभाग ने उपमंडल की हर पंचायत में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

> **जंगलों** की रक्षा केवल वन विभाग की नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है। मिलकर ही हम अपनी प्राकृतिक धरोहर को अग्निकांड से बचा सकते हैं। जागरूक बनें, सतर्क रहें और आगजनी जैसी घटनाओं की सूचना तुरंत विभाग तक पहुंचाएं। वन विभाग की इस बहुआयामी रणनीति से उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार जोगिंद्रनगर के जंगल आग की विभीषिका से काफी हद तक सुरक्षित रहेंगे।
>
> **- कमल भारती, डीएफओ, जोगिंद्रनगर।**



# एनएचएम के तहत 1450 पदों की भर्तियों में धांधलियों की हो विजिलेंस जांच: चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश में भरी जा रही 1450 पोस्टों को लेकर सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने मामले को लेकर के गंभीर आरोप लगाते हुए चीफ सेक्रेटरी प्रमोद सक्सेना से की जा रही भर्तियों की विजिलेंस जांच करवाने और आउटसोर्स भर्तियों को खत्म किए जाने की मांग की है। चमन राही ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत प्रदेश भर में 622 स्टाफ नर्स, 138 ऑपरेशन थिएटर सहायक, 530 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, 24 फार्मासिस्ट, एक फिजियोथैरेपिस्ट मनोवैज्ञानिक इत्यादि 1450 पदों को भरने की प्रक्रिया आरंभ हुई है, लेकिन आउटसोर्स कंपनी ने नियमों को ताक पर रखते हुए ना तो रोस्टर लागू किया है और ना ही अनुसूचित जाति जनजाति, भूतपूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कोटे का प्रबंध किया है। उन्होंने कहा कि इन भर्तियों में धंधलियां हुई हैं, भाई भतीजाबाद हुआ है। उन्होंने इस मामले को स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल से भी उठाया है और कहा कि इसकी विजिलेंस जांच होनी चाहिए।

# कांस्य पदक जीतने के बाद रोहित राव का घर आने पर ढोल नगाड़ों से स्वागत



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

दिल्ली में नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर रोहित राव का घर पहुंचने पर ढोल नगाड़ों व हारों के साथ स्वागत किया गया। सरकाघाट के रोहित राव ने अंडर 19 राष्ट्रीय स्कूल खेल कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया। शिक्षा और खेल निदेशालय दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित 68 राष्ट्रीय स्कूल खेल (कुश्ती प्रतियोगिता) छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली में संपन्न हुई जिसमें सरकाघाट के 17 वर्षीय रोहित राव ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मौजूदा समय में 17 वर्षीय रोहित राव सरकारी स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिस्सा में बारहवीं कक्षा में पढ़ता है।

# मल्टी टास्क वर्करों को शराब के ठेकों पर तैनात करना दुर्भाग्यपूर्ण: चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश के मल्टी टास्क वर्करों को शराब के ठेकों पर तैनात करना वर्तमान सुक्खू सरकार का सबसे निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव अधिवक्ता अजय चौहान ने बताया कि मल्टी टास्क वर्कर को इस प्रकार के तुगलकी फरमान के साथ शराब के ठेकों में अपनी सेवाएं देने की अधिसूचना जारी करना युवाओं के साथ घिनौना और भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाने की बात करती है। वहां दूसरी ओर इस प्रकार की अधिसूचना जारी करके नशे के खिलाफ सरकार के खोखले दावों की पोल खोलती है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्कर के काम करने का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था लेकिन इस अधिसूचना के बाद अब कोई इन्हें देर रात 11:30 बजे तक अपनी सेवायें इन शराब के ठेकों में देनी पड़ेगी जो कि सर्विस रूल्स के खिलाफ है तथा ये सीधे रूप से युवाओं का शोषण है।

# पहलगाम के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

## धनोटू बाजार में रैली निकालकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

**भीम बसेड़ू, महादेव**





पहलगाम हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए लोग।

**कलाकार**, खिलाड़ी, गायक, लेखक, समाजसेवियों ने शहीद राजेश चौहान की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर पहलगाम में देशद्रोहियों द्वारा मारे गए निर्दोष हिंदू पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके उपरांत धनोटू बाजार में रैली निकाली जिसमें भारत माता की जय और पाकिस्तान मूर्दाबाद, देश की एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शहीद राजेश चौहान की प्रतिमा के पास लौटे। कृष्ण महादेविया ने कहा कि हमें भीतरी और बाहरी गद्दारों पर नजर रखनी चाहिए। इंजीनियर श्याम ने प्रधानमंत्री के निर्णय की सराहना की। वही बल्ह से आए समाज सेवी राजेंद्र सिंह ने समाज में एकता और समरसता बनाए रखने की बात कही। खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय पहलवान जितेंद्र चौहान ने अपने बच्चों को खिलाड़ी बनने उन्हें अनुशासन में रहने देश से प्रेम करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। वहीं गायक और संगीतकार राजेश भारती अपनी भी श्रद्धासुमन भेंट करते देश से प्रेम करने की बात कही। घनश्याम ने मिलकर रहने और समाज सेवा करने की बात कही। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व उप प्रधान श्याम चौहान, मनोज, संधीर, आटोमोबाइल इंजीनियर एम लाल, क्रांति कृष्ण, राजू औद्यौगिक, पौल राजेंद्र सहित कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# किन्नौर ने सेब के साथ केसर उत्पादन से रचा नया इतिहास: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**भाजपा** मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने रविवार नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर 11, पुराना बाजार के बूथ नंबर 26 में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर पीएम मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देश को जोड़ने, प्रेरित करने और सकारात्मकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री के संदेश से कार्यकर्ताओं में भी नए जोश और संकल्प का संचार हुआ है। राकेश जम्वाल ने पीएम मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले का उल्लेख किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हिमाचल के सेबों की गुणवत्ता और स्वाद की प्रशंसा करते हुए बताया कि अब किन्नौर के किसानों ने सेब के साथ-साथ केसर उत्पादन भी शुरू कर दिया है, जो क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती देगा। जम्वाल ने कहा कि पीएम द्वारा राष्ट्रीय मंच से हिमाचल का नाम लेना हर प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। जम्वाल ने कहा कि पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशवासियों की पीड़ा को साझा करते हुए स्पष्ट शब्दों में भरोसा दिलाया है कि इस कायराना हमले के दोषियों को कठोरतम सजा दी जाएगी।

**कहा पहलगाम हमले के दोषियों को मिलेगा कठोरतम दंड**

**कार्यक्रम** पशु कल्याण के संकल्प के साथ अभिलाषी विवि में विश्व पशु चिकित्सा दिवस का किया आरंभ

# अभिषेक गिरी ने जैविक खेती का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'पशु स्वास्थ्य एक टीम का कार्य है' को साकार किया गया। वहीं इस कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले में दुखद रूप से मारे गए निर्दोष पर्यटकों की स्मृति में दो मिनट के मौन से की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महंत अभिषेक गिरी ने शिरकत की, जो वर्ष 2016 से स्वदेश गाय सेवा समिति के अंतर्गत चैलचौक क्षेत्र में श्री सुरभि गौशाला का संचालन कर रहे हैं। इस पहल का उद्घाटन प्रदेश के पूर्व राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा किया गया था।

अभिषेक गिरी ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पशुओं, मनुष्यों और पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने अभिलाषी विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक शिविरों और जन-जागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन की सराहना की।

वहीं अभिलाषी विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी ने बताया कि किस प्रकार यह पशु चिकित्सा महाविद्यालय एक छोटे से सपने के साथ शुरू हुआ था और आज एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि हम समय का सदुपयोग करें और पशुओं से प्रेम करें, तो न केवल हम अच्छे पशु चिकित्सक बन सकते हैं बल्कि एक बेहतर इंसान भी बन सकते हैं। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों को गहराई से प्रभावित किया। इसी के साथ कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने अपने संबोधन में देशी पशुओं की विभिन्न नस्लों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉ आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ एलके अभिलाषी, कुलपति डॉ. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. वीके गुप्ता सहित कई मौजूद रहे।



# खुरवाई में खैर के 16 मोच्छों सहित ट्राला पकड़ा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा में अवैध वन कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बंगाणा उपमंडल के अंतर्गत आने वाले खुरवाई क्षेत्र का है, जहां फॉरेस्ट विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 अवैध रूप से काटे गए खैर के मोच्छों के साथ एक ट्राला जब्त किया है। इस ऑपरेशन में यशपाल पुत्र रोशन लाल को रात गश्त और नाके पर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हो गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर रेंज ऑफिसर संदीप ने शनिवार रात गश्त के साथ नाके भी लगाए थे और रविवार सुबह चार बजे आरोपी गाड़ी सहित फॉरेस्ट टीम की गिरफ्त में आ गया।

जानकारी के अनुसार खुरवाई क्षेत्र में संदीप की अगुवाई में चलाए गए गश्त और नाके के दौरान यह कार्रवाई की गई। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जोगी पंगा के साथ लगते फॉरेस्ट क्षेत्र से अवैध रूप से खैर के पेड़ काटे जा रहे हैं। फॉरेस्ट विभाग ने नाके के दौरान ट्राला पकड़ लिया, जिसमें खैर की लकड़ी लदी हुई थी। एक तरफ जहां पहाड़ी क्षेत्रों में गर्मी के चलते जंगलों में आग का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर वन माफिया सक्रिय रूप से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई में लगे हुए हैं।

सरकारी भूमि और आरक्षित वन क्षेत्रों में हो रहे इस अवैध कटान ने फॉरेस्ट विभाग की चिंता और भी बढ़ा दी है। इस बार कटान का स्थान भी विशेष रूप से संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि यह धार्मिक आस्था से जुड़ा स्थल जोगी पंगा के पास स्थित है। फॉरेस्ट विभाग पहले से ही कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है।

पूरे जिला ऊना में फील्ड स्टाफ की संख्या जरूरत से काफी कम है, जिससे गश्त और निगरानी कार्यों में बाधा आ रही है। वन रक्षक सीमित संसाधनों के साथ रात-दिन चौकसी कर रहे हैं, लेकिन वन माफिया की तादाद और चालाकी के आगे विभाग की क्षमता अक्सर कम पड़ जाती है। इस घटना की जानकारी मिलते ही डीएफओ ऊना सुशील राणा स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अवैध वन कटान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वन काटुओं को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। हमारी टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने कहा कि अवैध कटान को लेकर प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि पकड़ी गई लकड़ी अवैध रूप से आरक्षित वन क्षेत्र से काटी गई थी। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस और फॉरेस्ट विभाग की संयुक्त टीम जुट गई है। ऊना में पिछले कुछ वर्षों में अवैध खैर कटान के मामलों में तेजी आई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक करीब डेढ़ सौ से अधिक गाड़ियां अवैध लकड़ी और खैर के साथ पकड़ी जा चुकी हैं। यह आंकड़ा स्पष्ट संकेत देता है कि किस प्रकार से यह अवैध कारोबार एक संगठित नेटवर्क के रूप में फल-फल रहा है।



खुरवाई में 16 खैर के मोच्छों सहित पकड़े गए ट्राले के साथ वन विभाग की टीम।

### आम जनता से सहयोग की अपील

जिला फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी डीएफओ ऊना सुशील राणा ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी को भी अपने आसपास अवैध कटान या लकड़ी की तस्करी की जानकारी मिले, तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें। विभाग का कहना है कि नागरिकों की भागीदारी के बिना इस तरह की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाना संभव नहीं है। जिले में कहीं भी अवैध कटान की घटना सिर्फ एक मामला नहीं, बल्कि एक व्यापक समस्या की ओर इशारा है।

# बंगाणा के हरीनगर जंगल में फिर लगी आग

## आरोपी से वसूल होगी जंगल के नुकसान की भरपाई, दो वर्ष की होगी जेल: डीएफओ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा क्षेत्र में स्थित हरीनगर जंगल में आगजनी की घटना सामने आई है। आग लगने की सूचना मिलते ही डीएफओ ऊना सुशील राणा बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचे और खुरवाई रेंज ऑफिसर संदीप राणा के साथ मिलकर खुद आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए। जंगल की घनी झाड़ियों और दुर्गम स्थानों के बावजूद अधिकारियों ने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए स्थानीय वन विभाग कर्मचारियों और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

वन विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है, लोगों को बार-बार समझाया जा रहा है कि जंगलों में आग लगाना न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इसके गंभीर कानूनी परिणाम भी होते हैं। इसके बावजूद ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकारी जंगल में जिस जगह आग लग रही है, वह इलाका बेहद दुर्गम है, वहां न तो आम नागरिक की पहुंच है और न ही कोई वाहन जा सकता है। ऐसे में यह साफ जाहिर है कि किसी ने जानबूझकर जंगल को आग के हवाले किया है। डीएफओ ने सख्त लहजे में कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, जो व्यक्ति इस तरह जंगलों को नुकसान पहुंचा रहा है, वह न केवल प्राकृतिक संपदा को नष्ट कर रहा है, बल्कि वन्यजीवों की जान भी जोखिम में डाल रहा है। हम ऐसे लोगों को चिह्नित कर रहे हैं, जो भी आरोपी सरकारी जंगलों में आग लगा रहे हैं।

पकड़े जाने पर उनसे पूरे जंगल को हुए आगजनी नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी और उसके खिलाफ जुर्माने के साथ-साथ दो वर्ष की सजा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग जंगलों को बचाने के लिए जितना प्रयास कर रहा है, उतनी ही जिम्मेदारी जनता की भी बनती है कि वे अपने जंगलों की सुरक्षा करें। वहीं, डीएफओ की वन विभाग की टीमें आगजनी करने वाले व्यक्ति की पहचान में जुटी हैं। ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। डीएफओ ने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ न केवल कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि उसे नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। बंगाणा के जंगलों में आगजनी की यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम अपने प्राकृतिक संसाधनों के साथ कितना लापरवाह व्यवहार कर रहे हैं। समय की मांग है कि जनता और प्रशासन मिलकर ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाएं और जंगलों को बचाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक हरा-भरा, सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।



वन विभाग के कर्मी आग पर नियंत्रण करने के प्रयास में।

# शिवबाड़ी मेले में स्टार नाइट में दिखी छोटी काशी मंडी की झलक

## पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर, करनैल राणा सहित अन्य कलाकारों ने खूब नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

द्रोण महादेव की नगरी शिवबाड़ी अंबोटा में पहली बार आयोजित हुई स्टार नाइट में छोटी काशी मंडी की झलक दिखी।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव पर जिस तरह से प्रसिद्ध गायकों की आवाज पर लोग थिरकने को मजबूर हो जाते हैं, ठीक उसी तरह यहां पहुंचे पंजाबी व पहाड़ी गायकों की आवाज पर लोग थिरकने को विवश हो गए। पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर ने अपनी दमदार आवाज में जब तेरे गुट नू कड़ा सरदारनिए, पैरां नू झांझर पा दांगे... गाया तो लोग झूमने पर विवश हो गए। पहली बार आयोजित हुई स्टार नाइट में मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी व देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने स्टार नाइट में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर न सिर्फ इस प्रयास की सराहना की, बल्कि इस मेले को जिला स्तरीय मेला घोषित करवाने का आश्वासन भी दिया। शिवबाड़ी मेला उपमंडल अंब सहित जिला ऊना का ही प्राचीनतम मेला है। मूलरूप से गेहूं की कटाई के बाद जब किसान फसल समेट कर फ्री हो जाते हैं, तब ही इस मेले का आयोजन सदियों से होता आया है। मेले में पहले लोगों के मनोरंजन के लिए उस जमाने के हिसाब से सुविधाएं उपलब्ध होती थीं, लेकिन वक्त ने करवट ली और जब से प्रदेश में सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न मेलों का हिस्सा बने, तो एक वर्ग ऐसा भी था, जो इस मेले में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल करने के पक्ष में था। पिछले साल पहली बार मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू करने का प्रयास किया गया, तो इस साल मेले को प्रदेश के अन्य मेलों की श्रेणी में खड़ा कर यहां भी स्टार नाइट का बड़े ही शानदार तरीके से आयोजन किया गया है। शिवबाड़ी मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंची विधायक कमलेश ठाकुर का ढोल की थाप पर स्वागत हुआ। उधर, मंच पर धमाल मचाने में पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर, पहाड़ी लोक गायक करनैल राणा, इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल, दिशिता सिंह व फिरदौस बैंड सहित स्थानीय कलाकारों ने भी कोई कसर नहीं रखी। करनैल राणा ने एक से बढ़कर एक पहाड़ी गीत सुनाकर मेले को लूटने को सफल प्रयास किया। फिरदौस बैंड द्वारा शिव स्तुति पर दी गई प्रस्तुति ने हर किसी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक राकेश कालिया ने कहा कि कुछ लोगों ने मेले के सफल आयोजन में अड़ंगा डालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी तमन्ना थी कि उपमंडल गगरेट का यह मेला प्रदेश स्तर पर ख्याति प्राप्त करे और एक दिन राज्य स्तरीय मेला घोषित हो। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कदम आगे बढ़ा दिया गया है और भविष्य में यह राज्य स्तरीय मेला घोषित होकर रहेगा।



शिववाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्या में कलाकार प्रस्तुति देती हुई।

# हरोली उत्सव को लेकर स्टूडेंट्स ने बनाई रंगोली

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के उपलक्ष्य में यूनिवर्सल कंप्यूटर सेंटर सेंसोवाल की स्टूडेंट्स द्वारा अपने कंप्यूटर संस्थान के प्रांगण में रंगोली बनाकर नशा मुक्त हिमाचल का संदेश दिया गया। संस्थान के एमडी शिव शर्मा ने बताया कि हरोली उत्सव को लेकर स्टूडेंट्स में खासा उत्साह है। उत्सव में नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाई, जो कि नशा मुक्ति का संदेश दे रही है। रंगोली हरोली उत्सव की शोभायात्रा भी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर स्टाफ में प्रशिक्षक मीनाक्षी कुमारी, शिखा ठाकुर समेत छात्राएं उपस्थित रही।

**रंगोली में नशा मुक्ति का दिया संदेश**

# राज्यपाल ने हरोली उत्सव का किया आगाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कांगड़ मैदान से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री भी विशेष रूप से मौजूद रही।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री कॉलेज हरोली से कांगड़ मैदान तक एक भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। इसमें नशा निवारण विषय पर आधारित नशा मुक्त ऊना-नशा मुक्त हिमाचल के माध्यम से समाज को नशे को न जिंदगी को हां का जागरूकता संदेश दिया। इस शोभायात्रा में स्वयं सहायता समूहों, विद्यालयों के स्टूडेंट्स, सांस्कृतिक दलों तथा विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही शोभायात्रा में देशभक्ति की धूनों ने हरोली की धरा को मंत्र मुग्ध किया।

इस दौरान राज्यपाल ने समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया। इन प्रदर्शनी स्टॉलों में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता को दी।

उन्होंने प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी स्टॉलों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल और ईट राइट मेले की तर्ज पर पौष्टिक व्यंजनों जैसे विभिन्न स्टॉल स्थापित किए गए। इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बवलू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजीत राणा, अशोक ठाकुर, राजभवन के सचिव चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# 4 दशक बाद मिले सहपाठी, यादें की ताजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वर्ष 1976-77 के दौर में हरोली के ललड़ी स्कूल में 10वीं कक्षा के सहपाठी 48 साल बाद मिले। अपनी स्कूल जीवन की यादों को ताजा करने के लिए इन सहपाठियों ने मेल मिलाप दिवस का आयोजन संतोषगढ़ अजोली मार्ग स्थित एक निजी होटल में किया। यहां पर ललड़ी सरकारी हाई स्कूल के सहपाठी रहे 20 से ज्यादा ने यहां पहुंच भाग लिया।

आयोजन की अध्यक्षता इनके गुरुजनों मास्टर जगत राम, मास्टर गुरदास राम व मास्टर दौलत राम ने की। कार्यक्रम में अपने गुरुजनों का स्वागत इन विद्यार्थियों ने किया। स्कूल समय की यादों को ताजा करते हुए सभी ने अपने अनुभव साझा किए और पढ़ाई के बाद अपने जीवन में पाए गए ऊंचे मुकाम को यहां बताया। आजकल के दौर में प्रेरणा बने इन चार दशक पुराने सहपाठियों के आयोजन में कोई सहपाठी करतारपुर पंजाब से कोई महाराष्ट्र से यहां पहुंचा। सभी ने दिवंगत हुए अपने साथियों को भी याद किया। गुरुजनों ने इस बात पर मान महसूस किया कि उनसे शिक्षा ग्रहण कर कोई एनएफएल से प्रबंधक, बीएसएनएल, बिजली, शिक्षा व निजी आदि संस्थानों से सेवानिवृत्त हैं और अच्छे संस्कारों का निर्वहन आज के दौर में कर रहे हैं। मास्टर जगत राम, मास्टर गुरदास राम व मास्टर दौलत राम ने कहा कि आजकल शिक्षा का व्यापारीकरण हो रहा है। यह शिक्षा की गुणवत्ता के लिए ठीक नहीं है। आयोजन में पहुंचे सहपाठियों में चंचल सिंह, तरसेम लाल सहोता, मैंजर एनएफएल, एसडीओ देसराज, सुरिंद्र सिंह, हरी सिंह, रमेश चंद, सुभाष चंद, राज कुमार, जरनैल, हरी सिंह, सुरिंद्र पाल, इंस्पेक्टर सीआईएसएफ मनोहर सिंह, एयर फोर्स सुभाष चंद, राम पाल, वशिष्ठ मनी, धर्मपाल, नरेंद्र पाल, भाग सिंह, मनोरमा देवी, संतोष कुमारी ने भावुकता भरे पलों का आनंद लिया।



हरोली के ललड़ी स्कूल में 10वीं कक्षा के सहपाठी 48 साल बाद मिलते हुए।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर में 18 हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को 18 हजार श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। सुबह से ही दर्शनों के लिए लगी दोहरी लाइनें होटल संतोष को पार करती हुई लुधियाना धर्मशाला के पास जा पहुंचीं।

मंदिर प्रशासन की ओर से धूप से बचने के लिए लगाए गए टेंट छोटे पड़ गए और लाइनें दूर तक जा पहुंचीं। श्रद्धालुओं को धूप में ही लाइनों में खड़े होना पड़ा। कई श्रद्धालु तो बिना दर्शनों के ही घरों को लौट गए । धूप में घंटों खड़े रहना काफी मुश्किल था और दर्शनों के लिए लगी लाइनें काफी धीमी गति से चल रही थीं। पंजाब के अमृतसर से आईं राजवेंद्र कौर ने बताया वह अपने परिवार के साथ दर्शनों के लिए आई थीं लेकिन भीड़, धूप और गर्मी में लाइनों में खड़े होना काफी मुश्किल है। अब फिर कभी दर्शनों के लिए आएंगे।

**मंदिर प्रशासन की ओर से धूप से बचने के लिए लगाए गए टेंट छोटे पड़े**

गोर हो कि वर्षों पुरानी व्यवस्था ही मंदिर न्यास की ओर से दर्शनों के लिए चलाई जा रही है। भीड़ बढ़ी लेकिन व्यवस्थाएं नहीं। जितने टेंट 10 साल पहले लगाए जाते थे, उतने ही आज लगते हैं। मंदिर का चढ़ावा भी बढ़ा लेकिन मंदिर न्यास के टेंटों की संख्या नहीं बढ़ पाई। न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था अधिकारियों की ओर से बनाई गई। अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि रविवार को 18 हजार श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। भीड़ के कारण दर्शनों के लिए लगी डबल लाइनें काफी लंबी चली गई थीं।



बनगढ़ पुलिस बटालियन के जवान आपदा से निपटने के गुर सीखते हुए।

# बनगढ़ पुलिस बटालियन के जवानों ने सीखे आपदा से निपटने के गुर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

होमगार्ड्स जवानों ने पुलिस बटालियन बनगढ़ में पुलिस जवानों को आपदा की स्थिति से निपटने के गुर सिखाए।

एक से अधिक मंजिल पर रेस्क्यू करते समय सीढ़ी लगाने व घायल व्यक्ति को ऊपरी मंजिल से नीचे लाने के सुरक्षित तरीके बताए गए व जवानों से अभ्यास करवाया गया। होमगार्ड्स कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि आपदा से बचाव को लेकर मॉकड्रिल की गई है। हादसे घटित होने की स्थिति में जवानों को आवश्यक कार्रवाई बारे जागरूक किया गया है। ये जागरूकता मुहिम जारी रहेगी। इसी जागरूकता अभियान में स्कूलों व उद्योग संस्थानों में जाकर मॉकड्रिल की जा रही है और लोगों को आपदा के बारे में अलर्ट किया जा रहा है।

# पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या पर जताया दुख

**विनोद शर्मा, लठियानी।** हिमाचल प्रदेश पुनः रोजगार प्राप्त भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष अश्विनी कुमार शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ कायराना कृत्य बताया।

अश्विनी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा नागरिकों को निशाना बनाना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता पर सीधा हमला है। इस प्रकार की घटनाएं हमारे देश के शांतिप्रिय वातावरण को बाधित करने का प्रयास हैं, जिसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल के भूतपूर्व सैनिक इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों के साथ हैं। शर्मा ने केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों से अपील की कि दोषियों को जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न घटे। उन्होंने कहा कि भारत देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग देना चाहिए। हम सभी को मिलकर देश में शांति और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। अश्विनी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। (अनंत ज्ञान)

# कुटलैहड़ में विकास कार्यों को मिल रही नई दिशा: विवेक शर्मा



विधायक विवेक शर्मा डीहर पंचायत के खड़ोह गांव में जनसमस्याएं सुनते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने डीहर पंचायत के खड़ोह गांव का दौरा कर, वहां की जनता की समस्याएं सुनीं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी दिखाई।

खड़ोह गांव में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं विधायक विवेक शर्मा के समक्ष रखीं। इनमें सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति तथा स्थानीय रोजगार से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। विधायक ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास और आशा के साथ उन्हें चुना है, वे उस पर खरा उतरने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। समस्याएं केवल भाषणों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करके ही हल होती हैं और इसी सोच के साथ वह क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र पर विशेष आशीर्वाद है। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में जिस प्रकार से योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, उससे यह क्षेत्र भी अछूता नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदृष्टि और योजनाओं से कुटलैहड़ क्षेत्र को भी कई बड़ी सौगातें मिली हैं, जिनमें शिक्षा संस्थानों का उन्नयन, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, सड़क निर्माण और सिंचाई योजनाएं प्रमुख हैं।

**कार्यक्रम** बल्ह छपरोह व अंदरोली में डॉ. भीमराव अंबेडकर की गोष्ठी का आयोजन

# कांग्रेस को संविधान से अधिक शरीयत पर विश्वास: कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कांग्रेस को संविधान से अधिक शरीयत पर विश्वास है। यह बात पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ सेवा संगठन द्वारा बल्ह छपरोह व बाबा गरीबनाथ अंदरोली में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर गोष्ठी में मुख्यवक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए कही।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल थोपकर लोकतंत्र और संविधान दोनों का गला घोंटा था, आज जो कांग्रेस संविधान के खतरे में होने का रोना रोती है, उसी ने धारा-356 का दुरुपयोग कर बार-बार निर्वाचित सरकारों को गिराया। उन्होंने कहा कि शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए राजीव गांधी सरकार ने संविधान में संशोधन कर न्यायपालिका की अवहेलना की। कांग्रेस हमेशा मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और संविधान से अधिक शरीयत को महत्व देती रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आजादी के बाद देश को जो अद्वितीय संविधान दिया, उसके प्रति कांग्रेस का रवैया सदैव उपेक्षापूर्ण रहा।

पंडित नेहरू ने डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। यह ऐतिहासिक भूल अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने सुधारते हुए, उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान किया। अटल सरकार के दौरान संसद भवन परिसर में डॉ. अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचतीर्थों महू, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई का विकास कर बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी स्मृतियों को देशवासियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

वीरेंद्र ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता, न्याय और समरसत्ता की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संविधान और सामाजिक एकता की रक्षा के लिए कार्य करें। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि डीएवी स्कूल ऊना के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सतपाल सिंह ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों और उनके अभूतपूर्व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया और वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। सतपाल सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसे महानायक का संघर्ष और योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। गोष्ठी में कुटलैहड़ सेवा संगठन के अध्यक्ष डॉ. बलवंत वर्मा, संयोजक चरणजीत शर्मा, सह-संयोजक राजेंद्र रिंकू, सचिव मास्टर रमेश, महामंत्री कैप्टन सुभाष कौंडल सहित स्थानीय जनसमूह और संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर गोष्ठी में मुख्यवक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए।

# कलश यात्रा से हुआ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज



जसाना में भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा की पंचायत जसाना में समाजसेवी स्वर्गीय देवराज शर्मा की पुण्य स्मृति में लगातार दूसरी बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ शुरू हुआ।

इस अवसर की शुरुआत समलाड़ा राधा कृष्ण मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सिर पर कलश लिए महिलाओं की लंबी कतारें, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। पूरे गांव में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस सात दिवसीय भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा के प्रत्येक दिन समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें गांव के लोग तथा आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक भावना को जाग्रत करना है, बल्कि समाजसेवा के प्रेरणस्रोत स्व. देवराज शर्मा के कार्यों को स्मरण करना और समाज को उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना भी है। आयोजकों ने बताया कि यह भागवत कथा उनके जीवन के उच्च आदर्शों और सामाजिक योगदान की एक जीवंत श्रद्धांजलि है। कथा के पहले दिन आचार्य सुनील वशिष्ठ ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व को विस्तार से समझाया।

# पीपल जातर मेला आज से

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

गौहरी देवता के आगमन के साथ ही सोमवार को राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले का आगाज हो जाएगा। कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर तीन दिवसीय पीपल जातर मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

तीन दिवसीय इस मेले को लेकर जहां तैयारियां पूरी कर ली गई हैं वहीं विभिन्न बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने भी ढालपुर व प्रदर्शनी मैदान सहित सड़क के साथ मार्केट सज रही हैं। उधर, ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सनद रहे कि साल का पहला बड़ा मेला होने के कारण तीन दिनों तक जिला भर के लोगों के अलावा खासकर दूरदराज क्षेत्रों के ग्रामीण जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब लुत्फ उठाएंगे वहीं जमकर खरीददारी भी करते हैं।

आज से कुल्लू में तीन दिनों तक पीपल जातर मेले की खूब रौनक रहेगी और जिला के लोगों के साथ-साथ देश व विदेश के लोग भी इस मेले का आनंद उठाएंगे और खाद्य सामग्री व अन्य उत्पादों का खूब व्यापार होगा। (अनंत ज्ञान)



देवता गौहरी के आगमन से होगा शुभारंभ

## समय के साथ हुआ बदलाव

**जानकारों** के मुताबिक प्राचीन समय में ढालपुर मैदान में एक पीपल के पेड़ के नीचे राजा अपना राज दरबार सजाता था और यहां पर इस राज दरबार में जनता की कई समस्याओं का समाधान भी किया जाता था। समय के साथ-साथ राज दरबार ने मेले में तबदील हो गया और यहां पर मेले का आयोजन किया जाने लगा जिसका नाम बाद में पीपल जातर मेला पड़ गया। यहां पर पुराने समय में कुल्लू के पुरातन नृत्य लालड़ी का भी आयोजन किया जाता था। अब कुछ वर्षों से यह मेला व्यापारिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हो गया है। इस मेले में जिलाभर के देवी-देवता शिरकत करते थे लेकिन अब इस मेले में सिर्फ गौहरी देवता ही आते हैं।

## स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता रहेगी मुख्य आकर्षण

**पीपल** जातर मेले की सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य से नगर परिषद कुल्लू द्वारा पिछले दो तीन वर्षों से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य शहर के साथ-साथ गांव की लड़कियों को एक अलग मंच प्रदान करना है। 28 अप्रैल से प्रतियोगता शुरू हो जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान लड़कियां रैंप पर अपने हुस्न का जादू बिखेरेंगी। प्रतियोगिता की विजेता व स्प्रिंग क्वीन को 31 हजार की राशि व अवार्ड प्रदान किया जाएगा, जबकि फर्स्ट रनरअप को 21 हजार की नकद राशि तथा सेकेंड रनरअप को 18 हजार की नकद राशि व मोमेंटो दिया जाएगा।

## रमेश ठाकुर के नाम पहली सांस्कृतिक संध्या

**पीपल** जातर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार रमेश ठाकुर के नाम रहेगी। सोमवार को मेले के पहले दिन सांयकालीन सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार रमेश ठाकुर अपनी आवाज से मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा दूसरे दिन गोपाल चौधरी जबकि तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में ठाकुर दास राठी अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे। इसके अलावा लोक गायक सीएम तोषी, कुशल वर्मा, संजय पुजारी, सोम दत्त, हरीश, ओम प्रकाश, खुशबू भारद्वाज सहित अन्य कई स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। नगर परिषद ने तीनों संध्याओं में कार्यक्रम पेश करने वाले तमाम कलाकारों की सूची फाइनल कर दी है।

# रोहतांग दर्रे के दीदार को अभी करना होगा इंतजार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली का सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल रोहतांग दर्रे का दीदार करने के लिए पर्यटकों को अभी इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि बीआरओ की टीम यहां यातायात बहाल करने के लिए दिन रात एक किए हुए है । यहां लगातार बिगड़ते मौसम के कारण यातायात बहाली में परेशानी आ रही है बीआरओ की मशीनें मढ़ी से ऊपर निकल चुकी हैं और लाहुल की तरफ से ग्रांफू से आगे निकल चुकी हैं। बीआरओ की अग्नि परीक्षा अभी रानी नाला में होनी है जहां पर भारी ग्लेशियर गिरा होता है। करीब 40 फीट ग्लेशियर को काट कर सड़क निकालने में काफी समय लग सकता है।

हर साल मनाली से सरचू तक यातायात बहाल करना बीआरओ के लिए बड़ी चुनौती होती है। वहीं,मनाली में पर्यटकों की संख्या में प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। मनाली आने वाले सभी पर्यटक यहां की हसीन वादियों के साथ रोहतांग दर्रे का भी दीदार करना चाहते हैं।

अटल टनल के साथ ही 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रे पर बर्फ में अठखेलियां करना पर्यटकों को खूब भाता है। लेकिन अभी तक यहां यातायात बहाल नहीं होने से पर्यटकों को मायूसी हो रही है।

दिल्ली से आए पर्यटक निखिल ने बताया कि यहां के ठंडे मौसम का तो आनंद लिया लेकिन रोहतांग दर्रे का दीदार नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि लाहौल के कोकसर में अच्छी खासी बर्फ देखने को मिला लेकिन पर्यटकों के लिए असली जन्नत रोहतांग दर्रा ही है।



बर्फ से लकदक पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा।(फाइल फोटो)

### खराब मौसम बीआरओ की राहों में बन रहा रोड़ा

## पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की उमीद

**पर्यटन** कारोबारी अजय अबरोल ने कहा कि मनाली में पर्यटन सीजन शुरू हो गया है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा की रोहतांग दर्रे पर यातायात बहाल नहीं होने से पर्यटक मायूस हैं क्योंकि मनाली आने वाला हर पर्यटक रोहतांग दर्रे का दीदार करना चाहता है।

बीआरओ की मशीन राहनीनाला पहुंच गई हैं। उम्मीद है कि मई के दूसरे सप्ताह तक रोहतांग दर्रे पर यातायात बहाल कर दिया जाएगा।
-रमण शर्मा, एसडीएम मनाली

## न्यूज ब्रीफ

### चंद्रकेश ने प्रतिनिधिमंडल सहित सीएम का जताया आभार



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू रेडक्रॉस सोसायटी के नवनियुक्त समन्वयक चंद्रकेश शर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए गत दिन शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने जिला में रेडक्रॉस सोसायटी को सुदृढ़ करने तथा बेहतरीन सेवाएं देने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मौके पर उनके साथ जिला का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल था। चंद्रकेश शर्मा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने उन पर विश्वास जताते हुए जो दायित्व सौंपा है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा मानवता की सेवा में समर्पित रहेंगे।

### नुक्कड़ नाटक से बताई सरकार की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित गीत संगीत कला मंच बंजार द्वारा ग्राम पंचायत झीड़ी में किसान व नलवाड़ मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलाकारों ने गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिमाचल सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। गीत व नाटकों के माध्यम से बताया कि सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख समान योजना, दूध पर एसपी देने वाला पहला राज्य बना हिमाचल, राजीव गांधी स्टार्टअप योजना से टैक्सी खरीदने पर 50 फीसद अनुदान, विधवा विवाह योजना के तहत राशि 200000, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 13799 बेटियों को 42 करोड़ रुपए की सहायता, डॉ. बाई एस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत देश-विदेश में एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख ऋण सुविधा, बालिका सुरक्षा योजना और इसके साथ नशे के दुष्प्रभावितों पर भी लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत झिड़ी के प्रधान कमला देवी, उपप्रधान पूर्ण चंद, वार्ड सदस्य जय राम और गिरजा देवी उपस्थित रहे। गीत संगीत कला मंच के कलाकार रमेश कुमार, सुनील कुमार, वीना ठाकुर, गुंजन, सोनी, ओम प्रकाश, हीरालाल, बीएस राणा, रीना देवी ने अपनी भूमिका निभाई।

## प्रवासी मजदूरों का करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जनजातीय जिला में पुलिस ने ठेकेदारों और लोगों से आग्रह किया है कि वे प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करवाएं।

पुलिस की ओर से जारी हिदायत में कहा गया है कि क्षेत्र में चाहे घरेलू कार्य के लिए बाहर से आने वाले मजदूर हों या दुकानों और निर्माण कार्य के लिए घाटी पहुंचने वाले मजदूर, उनका नजदीक के थानों में पंजीकरण जरूर करवाएं। जिनके पास बिना पंजीकरण प्रवासी मजदूर काम करते हुए पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में मजदूरों का पंजीकरण करवाना बेहद ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण फार्म, मजदूर के तीन पासपोर्ट साइज फोटो और पहचान पत्र की दो फोटो कॉपी के साथ जमा करवाएं।

# विभाग के उदासीन रवैये से परेशान महिलाओं ने खुद दुरुस्त की सड़क

**अनंत ज्ञान, केलांग**



जनजातीय जिला लाहुल स्पीति की लाहौल घाटी की मूलिंग पंचायत के गांव शिपटिंग और बरगुल को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता है। आलम यह है कि सड़क की हालत खराब है लेकिन लोनिवि इस सड़क की कोई सुध नहीं ले रहा है। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं ने सड़क पर उतरकर स्वयं मोर्चा संभाला और सड़क की मरम्मत की।

महिलाओं ने स्वयं ही सड़क में पड़े गड्ढों को पत्थर और मिट्टी से भरकर इसे छोटी गाड़ियां के चलने योग्य बनाया। ग्रामीणों का कहना है कि बर्फबारी के समय भी जब विभाग ने इस संपर्क सड़क को काफी समय तक नहीं खोला था तो गांव के युवकों ने स्वयं सड़क पर उतरकर 4 से 5 किमी की इस सड़क से बेलचों से बर्फ हटाकर इसे बहाल किया था।

महिला मंडल शिपटिंग की प्रधान ल फुंचोग डोलमा और बरगुल महिला मंडल प्रधान टाशी पालमो ने बताया कि बर्फ पिघले हुए एक महीने से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन विभाग ने तीन गांव को जोड़ने वाली इस सड़क की कोई सुध नहीं ले रहा है, ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिला मंडल प्रधानों ने आरोप लगाया है कि चुनाव जीतने के बाद लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने एक बार भी मूलिंग पंचायत का दौरा नहीं किया है और न ही ग्रामीणों की समस्याओं को जानने की कभी कोशिश की है।

# हिमाचल की सुक्खू सरकार की मानसिकता ठीक नहीं : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि सुखविंद्र सुक्खू की सरकार की मानसिकता ठीक नहीं है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से संबंध रखने वाले एचएएस अधिकारी की ओर से वीआरएस के लिए आवेदन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। गोविंद ठाकुर ने जनजातीय जिले से संबंध रखने वाले अधिकारियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी संजीव कुमार भोट ने नौकरशाही पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।



मुख्य सचिव को लिखे आवेदन पत्र में संजीव कुमार भोट ने कहा कि उन्हें दूसरा विमल नेगी नहीं बनना है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि सरकार जनजातीय अधिकारियों को साजिश के तहत प्रताड़ित कर रही है। पहले किन्नौर के रहने वाले इंजीनियर विमल नेगी को प्रताड़ित किया। उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

अब लाहौल-स्पीति के एचएएस अधिकारी को प्रताड़ित किया जा रहा है। दो साल के भीतर अधिकारी को किन्नौर, डोडरा क्वार, धर्मशाला और अब भरमौर के लिए ट्रांसफर किया गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। शराब के ठेके खोलने के लिए सरकार जोर लगा रही है। अधिकारियों पर दवाब बनाया जा रहा है।

# डोभी तिब्बती कॉलोनी में 60 लोगों ने करवाई बीपी व शुगर की जांच

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

स्मार्ट लैब पतलीकूहल की ओर से रविवार को डोभी तिब्बती कॉलोनी डोभी में निशुल्क लैब टेस्ट कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 60 लोगों ने बीपी (ब्लड प्रेशर) और शुगर की जांच करवाई।

**हर माह आयोजित होगा फ्री कैंप**

कैंप में स्मार्ट लैब की टीम से रणबीर सिंह, सूरज, नैना और मनीष सक्रिय रूप से मौजूद रहे और जांच प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया। कैंप के दौरान विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।

स्मार्ट लैब प्रबंधक रणबीर सिंह ने बताया कि हर माह के तीसरे रविवार को विभिन्न स्थानों पर इसी

### स्मार्ट लैब ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहायता मिल सके। उनहोंने कहा कि पतलीकूहल सीएचसी के समीप स्थित स्मार्ट लैब लोगों को हफ्ते के सातों दिन चौबीस घंटे खुली रहती है।

उन्होंने यह भी बताया कि अगले माह आयोजित होने वाले फ्री कैंप में बीपी और शुगर के साथ-साथ एचबी (हीमोग्लोबिन) टेस्ट भी शामिल किया जाएगा।

वहीं स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने स्मार्ट लैब पतलीकूहल की ओर से शुरू की गई इस नई पहल पर उन्हें अपनी ओर से हर संभव सहयोग की बात कही है।

# भुट्टिको ने बेचे 13.22 करोड़ के उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बुनकर क्षेत्र की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टि-वीवर्ज को-आप्रेटिव सोसायटी ( भुट्टिको) का वार्षिक साधारण अधिवेशन सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में सबसे पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों तथा सहायक पंजीयक कुल्लू राजेश जसवाल की धर्मपत्नी, सभा उपाध्यक्ष मोहर सिह की धर्मपत्नी, सदस्य खूब राम के पिता, शुकुन्तला देवी की माता, नील सिह के पिता, मीरा देवी के चाचा व रेशमा देवी की बहन के आक्समिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर ने सभा की 2024-25 की उपलब्धियों व वार्षिक योजना 2025-26 के बारे में विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित सदस्यों को दी। उन्होंने सभा के सभी कर्मचारियों व स्दस्य बुनकरों को संबोधित करते हुए कहा कि सभा ने इस वर्ष 13.22 करोड़ रुपए के उत्पाद बेचे हैं जो गत वर्ष से 45.00 लाख रुपए अधिक है जिसे लिए सभी बधाई के पात्र हैं।



बैठक में अधिकारियों व बुनकरों को संबोधित करते हुए सभा के उपाध्यक्ष।

### गत वर्ष की तुलना में सोसायटी को 45 लाख रुपए का मुनाफा

उन्होंने बताया कि वितीय स्थिति को मद्देनजर रखते हुए 2 अनुबंध कर्मचारियों को नियमित किया गया तथा कर्मचारियों की रोकी गई वेतनवृद्धि को बहाल किया गया। इसके साथ-साथ बुनकरों की 5 प्रतिशत बुनाई दरों को बढ़ाया गया है। वार्षिक योजना की जानकारी देने हुए उन्होंने कहा कि सभा ब्रिकी को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदशनियों को सुनिश्चित कर लगाया जाएगा।

घाटे में चल रहे शोरूमों को बंद करने की योजना है। ग्राहकों की मांग के अनुसार सस्ते उत्पादों को ऊन व वूल ब्लैड से उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

समाजिक सौहार्द को सभा बुनकरों/ सदस्यों और कर्मचारियों में बनाए रखने के लिए जागरूकता शिविर लगाए जाएगें। इस अवसर पर हिमबुनकर के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रहम स्वरूप सभा उपाध्यक्ष मोहर सिंह निदेशक मंडल के सदस्य , निर्मला देवी, मोहर सिह, मदन लाल, टिकम राम, आत्मा राम, कलावती, ईंद्रा देवी सभा मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, सभा महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बुनकर सदस्यों सहित 358 सदस्यों में से 160 सदस्यों की उपस्थिति रही।

## 6 मई को बंजार प्रवास पर आएंगे सीएम सुक्खू : मियां

**अनंत ज्ञान, बंजार।** एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 6 मई को बंजार दौरे पर आएंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के एक दिवसीय इस प्रस्तावित दौरे को लेकर बंजार कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री के बंजार प्रवास को सफल बनाने के लिए बंजार ब्लॉक कांग्रेस का जनरल हाउस सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह बंजार में रखा गया है ताकि संपूर्ण बंजार कांग्रेस परिवार आपस में बैठकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास के मध्य नजर सांझी रणनीति तैयार कर सके।

सरकार बनने के बाद प्रथम बार प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उनके बंजार निमंत्रण को स्वीकार करते हुए 6 मई को बंजार प्रवास पर आने का निर्णय ले लिया है जो बंजार की जनता के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने सरकार गांव की ओर कार्यक्रम की शुरुआत कर रखी है।

**मांग** | सैंज तहसील मुख्यालय में सरकारी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाने के लिए मुहिम तेज

# सैंज में मिनी सचिवालय बनाने की उठी मांग

**निशित चौधरी, सैंज**

कुल्लू जिला के सैंज में मिनी सचिवालय बनवाने की मांग प्रमुखता से उठने लगी है। घाटी के लोगों ने सैंज तहसील मुख्यालय में सरकारी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाने के लिए मुहिम तेज कर दी है।

जनता का कहना है कि सैंज में अधिकतर कार्यालय किराए के भवन में चल रहे हैं। लंबे समय से चुनावों में यह मुद्दा सियासी रंग लेता रहा है। उधर, बंजार कांग्रेस ने भी छह मई को यहां के दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखने का फैसला लिया है। (अनंत ज्ञान)



## भवन के बिना जनता हो रही परेशान

**ग्रामीण** प्रितम चंद, रामकृष्ण, लाल दास, मनोहर लाल, रोहित कुमार, माया देवी ने कहा कि सैंज तहसील मुख्यालय में कई सरकारी कार्यालय है। अधिकतर विभागों के पास अपने भवन नही है। किराये के भवनों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को तलाशने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घाटी की जनता चाहती है की सभी विभागों के दफ्तर एक ही छत के नीचे हो। रोहित कुमार, अमर सिंह, लगन चंद और शिव राम ने कहा कि सरकारी कार्यालय एक जगह न होने से असुविधा का सामना करना पड रहा है। सभी कार्यालय एक छत के नीचे होने चाहिए।

## परियोजना प्रबंधन बनाए मिनी सचिवालय

**सैंज** घाटी में तीन बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण हो चुका है। इन परियोजनाओं से अब बिजली का उत्पादन भी शुरू होने से परियोजना प्रबंधन को करोड़ों रुपए की आमदनी हो रही है। घाटी के लोगों का कहना है कि परियोजनाओं के निर्माण के दौरान घाटी की जनता ने कंपनियों का भरपूर सहयोग किया है। अब अगर सरकार मिनी सचिवालय का निर्माण नही कर सकती तो कंपनियों को सैंज घाटी की जनता के लिए उपहार के रूप में मिनी सचिवालय बनवाकर देना चाहिए।

## सीएम से तोहफे की उम्मीद

**विजय,** पवन और देस राज कहा कि सैंजवासियों ने बिजली परियोजनाओं के निर्माण के दौरान कई सालों तक अनेकों कष्ट झेलें है। सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार से तोहफे में मिनी सचिवालय मिलने की आस है।

## सीएम से उठाएंगे मांग : कांग्रेस

**एपीएमसी** के अध्यक्ष राम सिंह मियां और बंजार कांग्रेस अध्यक्ष तेजा ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने बंजार में बस डिपो और सैंज में मिनी सचिवालय की मांग को सीएम के समक्ष प्रस्तुत करने का फैसला लिया है।

## भाजपा दे चुकी थी भरोसा : शौरी

**बंजार** के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भाजपा सरकार रिपीट होती तो सैंज में अब तक मिनी सचिवालय बन चुका होता। पूर्व सरकार ने सैंज की जनता को यह सुविधा देने का भरोसा दिया था। अब अगर सीएम इसका ऐलान करते हैं तो उनका स्वागत है।

## अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर-19 टीम के लिए ट्रायल करवाए। क्रिकेट टीम में जगह सुनिश्चित करने के लिए खिलाड़ी ट्रायल के लिए रविवार की सुबह ढालपुर मैदान में पहुंचे।

खिलाड़ियों ने अपी रूचि बॉलिंग और बल्लेबाजी में हुनर दिखाया। ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन अभ्यास सत्र के लिए होगा। करीब एक सप्ताह के अभ्यास में जो खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा।

## एथलेटिक्स में दमखम दिखा रहे 600 एथलीट

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा 27 से 29 अप्रैल के बीच होगी। जिला मुख्यालय में स्थित खेल मैदान में रविवार से एथलीट अपना दमखम दिखा रहे हैं। इसमें अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 और ओपन वर्ग की स्पर्धाएं करवाई जा रही है। विजेता का खिताब पाने के लिए एथलीट तेज धूप के बीच मैदान में अपना पसीना बहा रहे हैं।

# व्यवस्था के लचर रवैये को व्यंग्यात्मक तरीके से किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

रंगमंच गांव गांव आंगन आंगन के तहत स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन ने कुल्लू के 14 स्कूलों में चल रही केहर सिंह ठाकुर द्वारा अभिनीत व निर्देशित एकल नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' का छठा सफल मंचन ढालपुर स्थित भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ।

नाटक की तीन कहानियों का प्रदर्शन करते हुए जहां एक तरफ सत्ता के भूखों का सत्ता हासिल करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद अपनाने की प्रवृति को दिखाया तो दूसरी तरफ हमारी व्यवस्था के लचर रवैये को व्यंग्यात्मक तरीके से प्रस्तुत किया और तीसरी ओर समाज में कुछ ढोंगियों द्वारा धर्म की आढ़ में अपना हित साधने के लिए देवी देवताओं और भगवान को ही कैसे इस्तेमाल किया जाता है यह दिखाया गया। नाटक में समाज में युवाओं में फैल रही नशे की लत पर गहन विमर्श दिखा और चिन्तन दर्शकों के समक्ष रखा गया कि क्या नारों भाषणों और रैलियों से हम नशा भगा पाएंगे।



रंग कर्मी केहर सिंह ठाकुर।

यह संदेश दिया गया कि जब तक हम युवा के सामने कोई ऐसी गतिविधि नहीं रखेंगे जो उसे नशे से कहीं ज्यादा आकर्षक लगे तब तक समाज में नशे की कमर तोड़ नहीं सकते।



ढालपुर स्थित भारत भारती स्कूल में कहानियों की कहानी नाटक की प्रस्तुति का लुत्फ उठाते शिक्षक व विद्यार्थी।

### कहानियों की कहानी नाटक का सफल मंचन

नाटक स्कूल के छात्रों सहित शिक्षकों ने देखा और पसंद किया। स्कूल की उप प्रधानाचार्य रीना कात्यायन ने केहर सिंह ठाकुर को कुल्लवी टोपी और मफलर पहनाकर सम्मानित किया और अपने सम्बोधन में कहा कि नाटक की प्रस्तुति बच्चों के लिए बहुत ही फायदेमंद रही और साथ ही ऐक्टिव मोनाल संस्था का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।

## बस किराये में वृद्धि

# बच्चों को पैदल ही नापना पड़ेगा स्कूल का रास्ता



स्कूल जाते बच्चे।

**प्रेम कुमार, कंडाघाट**

प्रदेश में बढ़े हुए बस किराये की वसूली शुरू हो गई है। लोग इससे बेहद प्रभावित होने लगे है। इसका सबसे अधिक असर गरीब वर्ग पर पड़ रहा है। इसके साथ ही अन्य लोगों की तरह स्कूली बच्चों को भी सरकारी और निजी बसों में जहां वह 5 रुपए में सफर करते थे लेकिन अब उनको भी 10 रुपए अदा करने पड़ रहे है।

जिस कारण अब कई गरीब बच्चों को जेब में पैसे न होने पर स्कूल का रास्ता पैदल ही नापना पड़ेगा। सरकार ने पिछले दिनों न्यूनतम दूरी के किराये को बढ़ा दिया है। इसकी वसूली शुरू होने के साथ सबसे अधिक असर गरीब तपके के लोगों पर पड़ना शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान खास खबर

### किराये का अतिरिक्त बोझ

**महगाई** की मार के चलते जेब पर किराए का अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। प्रदेश में पहले ही देश के कई राज्यों की तुलना अधिक बस किराया है। पिछली प्रदेश सरकार ने कोविड के समय जब लोग घरों में बंद थे उस समय किरायों में वृद्धि की थी। तब लोगों को इसका विरोध करने का मौका नहीं मिल सका था। वर्तमान सरकार ने उसी नक्शे कदम पर किराया बढ़ाकर प्रदेश के गरीब वर्ग को संकट में डाल दिया है।

### विद्यार्थियों को आ रही समस्याएं

**हिमाचल** प्रदेश कठिन भूगौलिक स्थित वाला प्रदेश है। यहां के गांवों से मिडल स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक गांवों से पहले तीन से नौ किलोमीटर पैदल पहाड़ी रास्ते को तय कर बस योग्य सड़क तक पहुंचते है। उसके बाद दो से चार किलोमीटर सफर बस का तय करके शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचते है। बहुत से गरीब बच्चे इनमे ऐसे भी है जो दोगुना बढ़ा हुआ किराया हर समय अदा नहीं कर सकते, ऐसे में तय है कि बहुत से छात्र-छात्राओं को गांव से पैदल दूरी तय करने के बाद जो बस की सुविधा मिलती थी वह आर्थिक कारणों से दूर हो जाएगी। यह समस्या उन क्षेत्रों में और भी गंभीर हो रही है जहां की सड़कों के रुटों पर केवल निजी बसें चलती है। बहराल बढ़ा हुआ किराया देकर स्कूल पहुंचने वाले कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें इससे बहुत समस्याएं आ रही है।

# पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। लोगों ने अंबुजा चौक में इकट्ठे होकर पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी की।

**सरकार आतंकवाद के खिलाफ उठाए सख्त कदम**

लोगों ने सरकार से मांग की कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने दाड़लाघाट के अंबुजा चौक से लेकर बस अड्डा से वापस होकर अंबुजा चौक से एसबीआई,स्यार तक कैंडल मार्च भी निकाला।

## न्यूज ब्रीफ

### नौणी विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिद्धार्थ आचार्य ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलसचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। वे हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के 2013 बैच के अधिकारी हैं। कार्यभार संभालने से पहले, वे विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और हाल ही में कंडाघाट में एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कुलपति ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल से शिष्टाचार भेंट की।

### अग्निशमन विभाग की टीम ने की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकपुर में गृह रक्षा चतुर्थ वाहिनी नाहन की टीम तथा अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे संयुक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के लगभग 30 शिक्षक तथा 300 स्कूली बच्चे व पंचायत के प्रधान तथा वार्ड के समस्त वार्ड मेंबर ने भाग लिया। सेंट्रल कमांडर सोमदत्त शर्मा ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे तथा आपदा से पहले व आपदा के दौरान तथा बाद में क्या-क्या करना चाहिए, क्या-क्या नहीं करना चाहिए के बारे जानकारी दी गई। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा मेहता, शिक्षक व कर्मचारी, ग्राम पंचायत प्रधान दिनेश ठाकुर, प्रधान पवन भारद्वाज, वार्ड मेंबर सुरेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आज सोलन जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 28 अप्रैल, 2025 को सोलन जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। सुक्खू 28 को दोपहर बाद 12.10 बजे पर्व विलास रिसोर्टस, कसौली हिल्स सोलन में 'राष्ट्रीय ट्रक एवं बस सम्मेलन' में भाग लेंगे।

### बुघार स्कूल में करवाई आम सभा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में अभिभावकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्विरोध अनु बंसल को विद्यालय प्रबंधन समिति के नए प्रधान के तौर पर चुना गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति में अनु बंसल विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान रंजना देवी, रीना देवी, रीता देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, निर्मला, बबीता देवी, लीला देवी, रजनी व शीशपाल विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका का निर्वाह करेंगे। वहीं भगत सिंह सदन का प्रभारी प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस मनोज मिश्रा, रानी लक्ष्मीबाई सदन का प्रभारी प्रवक्ता हिंदी ईश्वर दत्त वर्मा और सुभाष सदन का प्रभारी प्रवक्ता इतिहास लेख राम ठाकुर को बनाया गया। भगत सिंह सदन में रुचिका को छात्रा नेता व भूपिंद्र भाटिया को छात्र नेता के तौर पर चुना गया। रानी लक्ष्मीबाई सदन में दीपिका शर्मा को छात्रा नेता व हरीश ठाकुर को छात्र नेता के तौर पर चुना गया। सुभाष सदन में भवानी महाजन को छात्रा नेता व मुकेश को छात्र नेता के तौर पर चुना गया।

### नेशनल मास्टर्स गेम्स में हिमाचल को सिल्वर पदक

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** नेशनल मास्टर्स गेम्स धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने लीग के पहले मैच में पंजाब को 2-1 से हराया और केरला को 5-2 और मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और 4-2 से सेमीफाइनल में झारखंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में हरियाणा से बराबर खेला 3- 3 और पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हार गई और सिल्वर मेडल प्राप्त किया जिसमें कपिल कश्यप-2, बनेश डंगवाल- 3, आसिफ हुसैन ने 4 और कप्तान हेमंत कुमार ने 4 गोल किए देवेंद्र कश्यप गोली ने 2 गोल किए और चंदन ने 1 गोल किया इस टीम में अमृतपाल सिंह, दर्शन सिंह विकास, वसीम, विनोद कुमार, शिव कुमार, रोहित, अनमोल, और अन्य खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और हिमाचल को सिल्वर मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### सीढ़ियों से गिरने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अस्पताल सोलन से पुलिस चौकी शहर सोलन में सूचना प्राप्त हुई कि एक नेपाली मूल के व्यक्ति को अस्पताल में इलाज हेतु लाए थे जिसकी मृत्यु हो चुकी है जिसकी तस्दीक के लिए पुलिस अस्पताल सोलन पहुंची जहां पर अस्पताल में विक्रम पुत्र शिव कुमार केयर ऑफ निवासी बान मोहल्ला चौक बाजार सोलन उम्र 24 साल मूल नेपाली का शव अस्पताल सोलन में पड़ा था। जिसका बारीकी से निरीक्षण किया गया तो विक्रम उपरोक्त के पीठ व आंख के पास चोटें लगना पाई गई। 26 अप्रैल को कमरे से कपड़े लेने के लिए लेंटर पर गया जिसको सीढ़ियों से लेंटर पर जाते हुए प्रवीण रानी ने भी देखा था लेकिन लेंटर से नीचे की तरफ बनी 10-12 सीढ़ियों से गिर गया। इसके पश्चात विक्रम को अस्पताल सोलन पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने विक्रम को चैक करने के बाद मृत घोषित किया।

### भजन गायिका रेश्मि के भजनों पर झूमे श्याम प्रेमी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** नगर पालिका ग्राउंड में तृतीय श्री खाटू श्याम संकीर्तन में समस्तीपुर से पहुंची भजन गायिका रेश्मि शर्मा के भजनों पर श्याम प्रेमी झूम उठे श्री श्याम सखा मंडल पांवटा साहिब के द्वारा तृतीय श्री खाटू श्याम संकीर्तन पांवटा साहिब के नगर पालिका मैदान में किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप तथा पूर्व ऊर्जा मंत्री व स्थानीय विधायक चौधरी सुखराम ने भी शिरकत की तथा बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव के लिए नगर पालिका मैदान दुल्हन की तरह सजाया गया व भव्य सजावट की गई। श्री श्याम सखा मंडल पांवटा साहिब के सदस्य उमेश महावार, मयंक महावार,नरेश अग्रवाल, रोहित सिंघल, अंकित गुप्ता ने बताया कि तृतीय श्री खाटू श्याम संकीर्तन नगर पालिका ग्राउंड पांवटा साहिब में बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा इस संकीर्तन में सभी सनातनी प्रेमी पहुंचे तथा बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त लिया।

### गोशाला में आग लगने से 10 लाख का नुकसान



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत मटेरनी के कुराहू गांव में शनिवार रात को आग लगने की घटना सामने आई है, जिसमें स्थानीय निवासी शंकर लाल शर्मा के घर और गौशाला को नुकसान पहुंचा है। इस आग से करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी खराबी के कारण आग लगी हो सकती है। स्थानीय विधायक अर्की संजय अवस्थी ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवार को फौरी राहत प्रदान की। विधायक ने 20 हजार रुपए की राहत राशि और खाद्य सामग्री, कंबल, तिरपाल आदि वितरित किए।

# महाराणा प्रताप नगर बद्दी में गरजी हिमाचल की ट्रेड यूनियनें

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

सीटू इंटक एटक के संयुक्त आह्वान पर औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने एक अधिवेशन का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप नगर बद्दी के बिरला सभागार में आयोजित इस अधिवेशन को इंटक प्रदेशाध्यक्ष हरदीप सिंह बाबा, एटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज, सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, इंटक नेता श्याम लाल, गजेन्द्र तिवारी, एटक नेता सतीश शर्मा, सीटू नेता मोहित वर्मा, ओमदत्त शर्मा, राकेश ठाकुर व हिमाचल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन नेता नानक चंद शांडिल ने संबोधित किया।

अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में पूर्ण हड़ताल होगी। इस दौरान विभिन्न कारखानों में हड़ताल करके बद्दी में विराट प्रदर्शन किया जाएगा।

**मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष**

**20 मई को औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में पूर्ण रूप से होगी हड़ताल**




### हड़ताल का आह्वान

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के बैनर तले देश की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनें व दर्जनों फेडरेशनों के मजदूरों व जनता में जाएंगी तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान करेंगी।

**ये हैं मजदूर संगठनों के मुद्दे**

**अधिवेशन** को संबोधित करते हुए हरदीप सिंह बाबा, जगदीश भारद्वाज विजेंद्र मेहरा व प्रेम गौतम ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के जरिए मजदूरों पर गुलामी थोपने व बंधुआ मजदूरी कायम करने के खिलाफ 20 मई को प्रदेशभर के लाखों मजदूर कर्मचारी हड़ताल करके सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि लेबर कोड लागू होने से सत्तर प्रतिशत उद्योग व 74 प्रतिशत मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे। हड़ताल करने पर मजदूरों को कड़ी सजाओं व जुर्मानों का प्रावधान किया गया है। पक्के किस्म के रोजगार के बजाए ठेका प्रथा व फिक्स टर्म रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। काम के घंटे आठ के बजाए बारह घंटे करने से बंधुआ मजदूरी स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, मिड डे मील व आशा कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने तथा ग्रेच्युटी लागू करने, मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, मजदूरों के काम के घंटे आठ से बढ़ाकर बारह करने, केंद्रीय कर्मचारियों के एक सप्ताह में काम के घंटों को चालीस से बढ़ाकर पचास करने, अग्निवीर, आयुद्धवीर, कोयलावीर व अन्य फिक्स टर्म रोजगार को रद्द करने, ईपीएफ, ईपीएस, ईडीएलआई सुविधा की अवहेलना करने पर सजा शर्तों में कटौती करने, असंगठित मजदूरों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा देने, ठेका मजदूरों की रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने, केंद्रीय व प्रदेश सरकार के बोर्ड व निगम कर्मियों की ओपीएस बहाल करने, न्यूनतम पेंशन 9 हजार लागू करने, मनरेगा व निर्माण मजदूरों के श्रमिक कल्या बोर्ड से आर्थिक लाभ व पंजीकरण सुविधा बहाल करने, एसटीपी मजदूरों के लिए शेडयूल एम्प्लॉयमेंट घोषित करने, आउटसोर्स व अस्पताल कर्मियों के लिए नीति बनाने, औद्योगिक मजदूरों को 40 प्रतिशत अधिक वेतन देने सहित आदि मांगें शामिल हैं।

# सिरमौर में एक महिला पंचायत प्रधान बर्खास्त, दूसरी सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ग्राम पंचायत संगड़ाह की प्रधान नीलम को बर्खास्त किया गयासिरमौर जिला प्रशासन ने विकास खंड संगड़ाह की ग्राम पंचायत संगड़ाह की प्रधान नीलम को बर्खास्त कर दिया है। डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि नीलम को अयोग्य घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही और निरहर्ता उपगत करने पर प्रधान पद से निष्कासित किया गया है। नीलम को आगामी छह वर्षों तक किसी भी पंचायत पद के लिए अयोग्य करार दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत संगड़ाह के प्रधान पद को रिक्त घोषित कर दिया गया है।

इसी तरह विकास कार्यों में अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के चलते विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत जरवा जुनैली की महिला प्रधान आशा देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत अधिकारी अभिषेक मित्तल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आशा देवी पर मनरेगा और वित्त आयोग से जुड़े निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी के आरोप साबित हुए हैं। प्रारंभिक जांच में 11,54,219 रुपए की सरकारी राशि के दुरुपयोग का खुलासा हुआ, जिसमें से 4,44,535 रुपए की गड़बड़ी के लिए आशा देवी को उत्तरदायी पाया गया है।

शिकायतों के आधार पर की गई जांच और कार्रवाईस्थानीय निवासियों ने पंचायत के विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए लिखित शिकायतें दर्ज करवाई थीं। जांच में मनरेगा के तहत बनाए गए सिंचाई टैंकों, पक्के रास्तों और अन्य निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं। साथ ही, आशा देवी पर अपने सगे भाई को नियमों के विपरीत पंचायत वैंटर बनाने के आरोप भी लगे। प्रारंभिक जांच के बाद 4 अप्रैल 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका उत्तर 24 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुआ, लेकिन संतोषजनक न पाए जाने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

निलंबन के दौरान नियमों का पालन अनिवार्यजिला पंचायत अधिकारी ने निलंबित प्रधान को आदेश दिए हैं कि यदि उनके पास ग्राम पंचायत की कोई भी चल या अचल संपत्ति है तो उसे तुरंत पंचायत सचिव के हवाले करें। प्रशासन का मानना है कि प्रधान के पद पर रहते हुए जांच प्रभावित हो सकती थी, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

## दीक्षांत समारोह में 295 छात्रों को मिली डिग्री

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) सिरमौर ने नए परिसर धौलाकुआं में नौवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जिसमें कुल 295 छात्रों को प्रबंधन की डिग्री प्रदान की गई।

इस दौरान नेशनल बोर्ड फॉर क्वालिटी प्रमोशन एवं सीआईआई ग्रीन मोबिलिटी काउंसिल के अध्यक्ष विपिन सोंधी मुख्यातिथि थे, जबकि आईआईएम सिरमौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष अजय एस. श्रीराम ने समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में 250 छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और 45 छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन टूरिज्म मैनेजमेंट की उपाधि दी गई। डिग्री प्राप्त करने वालों में 75 छात्राएं शामिल थीं।



दीक्षांत समारोह में डिग्री से सम्मानित किए गए छात्र।

मोहित गर्ग को चेयरमैन स्वर्ण पदक और पटेल पवन संदीप को निदेशक पदक से सम्मानित किया गया। निश्चल जैन और गौरव भट्ट को क्रमशः वित्त और विपणन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक मिला, जबकि ब्रतिन सरकार को एमबीए पर्यटन प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। निदेशक प्रो. डॉ प्रफुल्ल वाई. अग्निहोत्री ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## कंडाघाट में टिप्पर खाई में गिरने से एक की मौत, 7 घायल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना कंडाघाट जिला सोलन के तहत रविवार को 12.30 बजे आंगनबाड़ी के पास मोड़ पर एक टिप्पर को सड़क से नीचे गिरने से 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक टिप्पर आंगनबाड़ी मोड़ के पास गिरा था। टिप्पर में बैठे कुछ लोग जिन्हे चोटें आई थी, जिनमें बच्चे महिलाएं और पुरुष थे और टिप्पर में बैठा एक बच्चा झाड़ियों में मृत पड़ा था। यह हादसा टिप्पर नम्बर एचपी 1172 के चालक प्रकाश पुत्र कृष्ण द्वारा टिप्पर में लोगों को पीछे बिठाकर तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाने के कारण हुआ है, जिससे टिप्पर में ही बैठे एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई है व बाकि को चोटें आई है।

घायलों में प्रकाश पुत्र कृष्ण आयु 25 वर्ष, शांता पत्नि प्रकाश आयु–25 वर्ष, अंजलि पत्नी अशोक आयु–30 वर्ष, सुनीता पत्नी बबलू, आयु–25 वर्ष, माया पत्नी सनी आयु–22 वर्ष, (सभी निवासी सुरकेत नेपाल) ,प्रेम राय पुत्र ज्ञान बहादुर निवासी सिंद्रपाल चौक काठमांडू नेपाल आयु–52 वर्ष शामिल है।

### धर्म को निशाना बनाकर नरसंहार करना निंदनीय : रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमला धर्म को निशाना बनाकर किया गया है जो निंदनीय एवं शर्मनाक है। निहत्थे लोगों पर हमला घटिया मानसिकता को दर्शाता है। इस आतंकी हमले की चारों तरफ घोर निंदा की जा रही है लेकिन निंदा करने से कुछ नहीं मिलने वाला आतंकियों पर जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सिरमौर के केएल जुनेजा चंडीगढ़ में चाणक्य अवार्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की उपतहसील नारग के अजगा गांव निवासी के केएल जुनेजा को समिट इंडिया ट्रस्ट को चंडीगढ़ में चाणक्य अवार्ड से सम्मानित किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें इस अवार्ड से नवाजा। चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड सेरामनी के दौरान यह सम्मान मिला।

इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया व हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले करीब 150 लोगों को नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया।

### छात्र की मारकंडा नदी में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र काला अंब स्थित हिमालयन कॉलेज के छात्र की मारकंडे नदी में डूबने से मौत हो जाने का समाचार मिला है। जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 22 वर्षीय युवराज अपने दोस्तों के साथ छुट्टी के दिन विक्रम बाग मारकंडे नदी में नहाने आया था।

युवराज जैसे ही नदी में बने हुए एक कुंड में नहाने के लिए उतरा तो अचानक वह गहरे पानी के एक ट्रंच में जा फंसा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जिला पुलिस कप्तान निश्चित सिंह नेगी ने खबर की पुष्टि की है।

## नाहन में भक्ति और विकास का हुआ बड़ा संगम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऐतिहासिक चौगान मैदान आज भक्ति और विकास के अद्भूत संगम का साक्षी बना, जहां सिखों के दसवें गुरु, गोबिंद सिंह जी महाराज के 340वें नाहन आगमन दिवस पर जोड़ मेले का भव्य शुभारंभ हुआ।




विधायक सोलंकी सड़क का शिलान्यास करते हुए।

इससे पूर्व, कालाअंब से उमड़े श्रद्धालुओं के विशाल नगर कीर्तन का नाहन पहुंचने पर भावभीना स्वागत किया गया। इसी उत्साह के बीच, स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने विकास की नई इबारत लिखते हुए चबाहा, तालों से सेन की सेर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण लिंक रोड का शिलान्यास किया।

सोलंकी ने दोहराया कि उनकी सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और कनेक्टिविटी को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान विधायक अजय सोलंकी के साथ वरिष्ठ कांग्रेस के नेता व पूर्व प्रधानसत्य राम चौहान, सड़क सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर , राकेश गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे जबकि जोड़ मेला के शभारंभ पर दशमेश गुरुद्वारा साहिब नाहन अध्यक्ष अमृत शाह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। बता दें कि गुरु गोबिंद सिंह 30 अप्रैल 1685 को सिरमौर रियासत आए थे और लगभग आठ माह तक नाहन में रहे थे।

**टूर्नामेंट** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, संजय अवस्थी बोले–

# तकनीकी कौशल भविष्य की समृद्धि का आधार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है और इस दिशा में तकनीकी कौशल विशेष रूप से सहायक सिद्ध हो रहा है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की 16वीं तीन दिवसीय जिला स्तरीय महिला वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।




खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

इस खेल प्रतियोगिता में सोलन जिला के 9 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की 204 खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बेडमिंटन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

संजय अवस्थी ने कहा कि तकनीकी कौशल भविष्य की समृद्धि का आधार है। प्रदेश सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीक में पारंगत बनाने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी भविष्य की रोजगार प्रदान करने वाली तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधायक ने कहा कि समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने में युवा महत्वपूर्ण हैं।

संजय ने कहा कि खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दाड़लाघाट में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए लगभग 50 बीघा भूमि का चयन कर लिया गया है और निर्माण कार्य आरंभ होगा।उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रही खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने आयोजक समिति को 21 हजार देने की घोषणा की। विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनी।

## पाइनग्रोव स्कूल में करवाया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा–आधारभूत चरण' पर एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीओई पंचकूला द्वारा आयोजित इस समृद्ध सत्र का नेतृत्व सीबीएसई विशेषज्ञों सुनील कुमार काला और रीमा बाथला ने किया।

पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर आधारित इस सीबीपी कार्यक्रम में पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर सहित अनेक विद्यालयों जैसे–एंजल्स वैली स्कूल राजपुरा, चैपस्ली स्कूल शिमला तथा गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन के कुल 59 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रेरणा और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की प्रगतिशील सोच को आधार बनाते हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केंद्रित कर ऐसी शिक्षा को बढ़ावा देना था जो खेल और अनुभवों के माध्यम से उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करे।

प्रतिभागियों को संवाद और सहयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से यह समझने का अवसर मिला कि शिक्षा को कैसे ज्यादा प्रभावशाली, समावेशी और आज के दौर में बच्चों को जोड़ा जा सकता है। शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं की कल्पना करने और उन्हें साकार करने के लिए तैयार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पलवल में भाजपा ने किया रोष-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हरियाणा खेल मंत्री गौरव गौतम और भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।




खेल मंत्री ने हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से हर भारतीय दुखी है। मंत्री ने करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरकार शहीद के परिवार की हर संभव मदद करेगी। गौरव गौतम ने कहा कि देश आतंकवाद से नहीं डरेगा। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंत्री ने कहा कि हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देश आतंक के खिलाफ अपने संकल्प पर अडिग है। कार्यक्रम के दौरान हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान पलवल के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं सहित पूर्व विधायक दीपक मंगला पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, सतीश कौशिक मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, रवि दत्त शर्मा, सतपाल देशवाल सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता व समाजसेवी शामिल रहे।

### स्कूली छात्रा के साथ अपहरण के बाद दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल में 12वीं कक्षा की छात्रा का अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। छात्रा अपने गांव से दूसरे गांव के स्कूल में जा रही थी। युवक अपहरण कर उसको बल्लभगढ़ ले गया और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। गदपुरी थाना पुलिस ने छात्रा की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गांव से दूर दूसरे गांव में 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। उसकी बेटी शनिवार को रोजाना की तरह घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन रास्ते से उसे समीर नामक युवक अपहरण करके बल्लभगढ़ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की की मां ने बताया कि छात्रा जैसे-तैसे आरोपी के चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची और आप बीती उसे बताई। उसकी मां ने इस घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया और मामले की शिकायत लेकर गदपुरी थाना पहुंचे। गदपुरी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पानीपत में मंदिरों से जबरन उठाए गुरु ग्रंथ साहिब

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के मंदिरों गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश करते समय मर्यादा का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए निहंगों के एक जत्थे ने रविवार को जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आला अधिकारियों ने निहंगों तथा मंदिर समिति के बीच समझौता करवाकर विवाद को शांत करवाया। रविवार को शहर की हरिबाग कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर और सेठी चौक स्थित मंदिर में यह घटना हुई। विवाद के बाद डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स मौके पर पहुंचे। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी नीरज ने बताया कि यहां पिछले 60 सालों से मंदिर है। मंदिर में ऊपर की ओर दरबार साहिब है। जहां गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश होता है। दोपहर को अचानक निहंगों का एक बड़ा जत्था मंदिर परिसर में आया। उन्होंने बताया कि वह हॉल बुकिंग करवाने के लिए आए हैं। हॉल कमरा चैक करने के बहाने ऊपर जाकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को सिर पर रखकर नीचे ले आए। उनका विरोध किया, तो उन्होंने जोर जबरदस्ती शुरू कर दी। निहंग मंदिर परिसर में तलवारें लहराते हुए वहां से चले गए। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि मंदिर प्रबंधन कमेटी की बात भी सुनी और दोनों पक्षों का समझौता कर दिया है और मंदिर प्रबंधन ने निहंगों को आश्वासन दिया कि जो भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शान में नियम बनाए गए हैं वह उन्हें जरूर अपनाएंगे। अब विवाद समाप्त हो गया है।

### ढाका में अवामी लीग के 56 नेता गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को ढाका में अवामी लीग और छात्र लीग के 56 नेताओं को गिरफ्तार किया गया। इन पर फ्लैश जुलूस निकालने और कानून-व्यवस्था को अस्थिर करने का आरोप है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत चल रहे राजनीतिक दमन के हिस्से के रूप में हिरासत में लिए गए लोगों पर कानून-व्यवस्था को अस्थिर करने के प्रयास और अचानक विरोध जुलूसों के माध्यम से जनता के बीच आतंक पैदा करने के आरोप हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल मोहम्मद आबेद अली शेख, गोपालगंज में एक सैन्य वाहन पर आगजनी के मामले में आरोपी है। (अनंत ज्ञान)

### घुसपैठ के आरोप में चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला।** सुरक्षाबलों ने भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ करने में बांग्लादेशी नागरिकों की मदद करने के आरोप में त्रिपुरा के पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। 'चार बांग्लादेशी नागरिकों को उस समय हिरासत में लिया गया, जब वे कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने वाले थे।' उन्होंने बताया कि भारत आने के लिए कोई भी वैध दस्तावेज पेश न करने के कारण बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा कि उन्हें यहां एक स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में ईडी कार्यालय की इमारत में लगी आग



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के बैलार्ड पियर इलाके में स्थित कैसर हिंद बिल्डिंग में देर आधी रात आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में बिल्डिंग में स्थित प्रवर्तन निदेशालय का दफ्तर जलने से बाल-बाल बच गया और कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार, बैलार्ड पियर इलाके में स्थित कैसर हिंद नामक बिल्डिंग के चौथे मंजिल पर आधी रात करीब ढाई बजे आग लग गई थी। तत्काल सभी लोगों को सुरक्षित बिल्डिंग से बाहर निकाला गया। ईडी के दफ्तर को कोई नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# यमुनानगर में बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

## दो लोगों को लगी गोली, तीसरा चकमा देकर फरार

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर**

लूट की वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले बदमाशों के साथ शनिवार रात जिला पुलिस की मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ महलांवाली व शाहपुर रोड के नजदीक हुई है। दोनों तरफ से कुल छह फायर हुए। इस दौरान दो बदमाशों की टांगों पर गोली लगने से वे घायल हो गए, जिन्हें मौके पर ही काबू कर लिया गया। जबकि तीसरा बदमाश अंधेरा का फायदा उठा फरार हो गया, लेकिन इलाज के लिए इन दोनों बदमाशों को यमुनानगर ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया गया है। इन बदमाशों पर छह केस दर्ज हैं। जिन्हें डॉक्टरों की सलाह के बाद पूछताछ के लिए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

दरअसल, तीनों बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए जगाधरी गोरी शंकर मंदिर के समीप बनी ब्रांड असेसरी की मोबाइल दुकान पर पहुंचे थे। दो नकाबपोश बदमाश दुकान के अंदर चले गए, जबकि तीसरा बाइक पर बाहर ही इंतजार कर रहा था। अंदर जाते ही दोनों बदमाशों ने दुकानदार के सामने पिस्टल तान दी और नकदी देने की बात कही, लेकिन दुकानदार के मना करने के बाद एक बदमाश दराज को खंगालने लग जाता है, तभी वहां रखा का बैग उनके हाथ लग गया, जिसमें करीब 12 से 13 लाख रुपए के मोबाइल थे, को लेकर फरार हो गए। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची। दुकानदार के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज को देखकर बदमाशों को जल्द पकड़ने की बात कहते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसी बीच सीआईए-2 को सूचना मिलती है, की शाहपुर के पास बन रही नई सड़क के पास तीनों बदमाश वहां मौजूद हैं, ये तीनों बाइक से फरार हुए थे उसकी भी जानकारी पुलिस तक पहुंच गई। तभी पुलिस ने समय को न गंवाते हुए बदमाशों को काबू करने के लिए रवाना हो गई।

पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और नाका लगा दिया। इसी दौरान महलांवाली से शाहपुर रोड पर की तरफ से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। जब उसे रोकने का इशारा किया, इस पर बाइक सवार ने रोकने की बजाय उसे गलत दिशा में मोड दी। पुलिस को शक होते ही बाइक सवारों के पीछे सरकारी गाड़ी को लगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया, जो कि पुलिस की गाड़ी के शीशे को लगकर आर-पार हो गया। इस पर अंदर बैठक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद बदमाशों ने बचाव के लिए एक और फायर किया, जिसमें भी कर्मी बच गए।

इतना ही नहीं जब बदमाश एक के बाद एक फायर करने लगे तो इसपर पुलिस ने जान पर बनी देख बदमाशों को आत्म समर्पण की चेतावनी देते हुए हवाई फायर किया। इस पर एक बदमाश तो अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की तरफ से मौके से फरार हो गया, इसके बाद बदमाशों ने तीसरा फायर किया, लेकिन कर्मचारी द्वारा पहनी बुलेट प्रूफ जैकेट से बचाव हो गया। इसके बाद पुलिस के फायर करने के बाद दोनों बदमाशों की टांगों पर गोली लगने के बाद घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने बाइक को कब्जे लेकर दोनों बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से पिस्टल व देसी कट्टा भी बरामद किया है।

# टंडन ने लोगों के साथ सुना पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें प्रसारण को सीधा सुनने हेतु भाजपा चंडीगढ़ के जिला रानी लक्ष्मी बाई का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

इस अवसर संजय टंडन ने बताया कि कार्यक्रम 'मन की बात' के शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गुस्सा दिखाते हुए कहा कि इस घटना से पूरा देश दुखी है। आज हर भारतीय का खून खौल रहा है। ये हमला आतंकियों की कायरता को दिखाता है। कश्मीर में शांति लौट रही थी।, लेकिन आतंकियों को यह रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि इस घिनौनी घटना से जिस प्रकार से सभी देशवासियों में गुस्सा है, वैसे ही इस प्रकार का गुस्सा पूरी दुनिया में है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष पावर बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट का लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। आज बहुत से युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फ एक कंपनी थी, लेकिन आज देश में सवा तीन सौ से ज्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं।

वहीं, चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला में मनीमाजरा स्थित कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण आयोजित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए देशवासियों को भरोसा दिलाया कि सख्त से सख्त कार्रवाई कर आतंकवाद की फैक्टरी बने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं संयोजक रामवीर भट्टी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी, जिला संयोजक गुलशन आचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी मेयर जगतार सिंह जग्गा, वार्ड नंबर 6 की पार्षद सरबजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

# स्मॉल वंडर स्कूल में 'आर्ट ऑफ पेरेंटिंग' पर हुआ कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



प्रभावी पेरेंटिंग के लिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि पांडोव और स्मॉल वंडर स्कूल ने रविवार को 'आर्ट ऑफ पेरेंटिंग' सेशन आयोजित किया। सेशन का उद्देश्य माता-पिता को अपने बच्चों के समग्र विकास के लिए उपकरण और अंतर्दृष्टि प्रदान करना था।

सेशन में विभिन्न पेरेंटिंग शैलियों पर चर्चा की गई, जिसमें आधिकारिक दृष्टिकोण के लाभों पर जोर दिया गया। यह शैली स्पष्ट सीमाओं और अपेक्षाओं के साथ गर्मजोशी और जवाबदेही को जोड़ती है, जिससे बच्चों में स्वतंत्रता और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा मिलता है। इसके विपरीत, सख्त नियमों और सीमित लचीलेपन की विशेषता वाले अथॉरिटेरियन पेरेंटिंग के संभावित नुकसानों पर भी चर्चा की गई। डिजिटल युग की चुनौतियों को संबोधित करते हुए, सेशन ने विनियमित सोशल मीडिया उपभोग के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने 2 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए स्क्रीन समय को प्रतिदिन एक घंटे तक उच्च गुणवत्ता वाले प्रोग्रामिंग तक सीमित करने की सिफारिश की, जिसमें समझ और जुड़ाव को बढ़ाने के लिए माता-पिता की भागीदारी हो।

# पहलगाम में मारे लोगों के सम्मान में निकाली 'श्रद्धांजलि यात्रा'

**अनंत ज्ञान, अमृतसर**




रविवार को कंपनी गार्डन में पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के सम्मान में श्रद्धांजलि यात्रा में करीब 125 लोगों ने भाग लिया। मैत्रीबोध परिवार द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि यात्रा ने कई लोगों को एकजुट होकर दिवंगत आत्माओं को आदरपूर्वक नमन करने और एक भारत के भाव को जीवंत करने के लिए एक साथ जोड़ा।

यात्रा के दौरान 'एक भारत, हम भारत' के गगनभेदी नारों ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया। हर कदम पर मौन श्रद्धांजलि और प्रेम का संदेश था। लोगों ने इस पहल का समर्थन करते हुए प्रेम और एकता का संदेश फैलाया। एक प्रतिभागी ने भावुक होकर कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटक घृणा के शिकार हुए। इस यात्रा के माध्यम से हम उन्हें प्रेम और सम्मान के साथ याद करते हैं।यात्रा ने यह सच्चाई सामने रखी कि अगर नफरत जान ले सकती है, तो प्रेम भी जीवन दे सकता है।

मैत्रीबोध प्रवक्ता ने कहा कि जब समाज में दूरियां बढ़ रही हैं, मैत्रेय दादाश्री जी के मार्गदर्शन में मैत्रीबोध परिवार प्रेम और एकता का एक जीवंत उदाहरण पेश कर रहा है। यह यात्रा सिर्फ कदमों की नहीं, दिलों के जुड़ने की यात्रा थी। यात्रा का समापन अनुशासित मौन साधना के साथ शहीदों को समर्पित रहा।

## देश-विदेश

# ईरान की प्रमुख बंदरगाह में भीषण विस्फोट; 25 की मौत, 800 घायल

**एजेंसी, लंदन**



**ईरान** की एक प्रमुख बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 25 लोगों की मौत हुई है और 800 लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट दक्षिणी शहर बंदर अब्बास के पास देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शाहिद राजाई बंदरगाह में हुआ।

ब्लास्ट से आस-पास की इमारतों की खिड़कियां और छतें उड़ गईं और कारें नष्ट हो गईं। स्थानीय निवासियों बताया कि विस्फोट का असर 50 किलोमीटर (31 मील) दूर तक महसूस किया गया। छह लोग लापता हैं। फारस की खाड़ी के किनारे और होर्मोज जलडमरूमध्य के पास स्थित, शाहिद राजाई बंदरगाह ईरान का सबसे बड़ा कंटेनर हब है, जो देश की लगभग 80 कंटेनर गतिविधियों को संभालता है।

### संभल में भाजपा नेता समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज

**संभल (उप्र)।** संभल जिले की असमोली पुलिस ने भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल समेत तीन लोगों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव कुमार मलिक ने बताया कि हेड कांस्टेबल जवाहर सिंह की शिकायत के बाद गांव बुकनाला के निवासी मोहम्मद फैजी तथा वसीउल और मोहल्ला कोट पूर्वी निवासी राजेश सिंघल के खिलाफ आयुध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई जिसमें राजेश सिंघल के निजी सुरक्षाकर्मी उनका रिवॉल्वर लिए नजर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय नौसेना ने किया पोत विध्वंसक अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** नौसेना के युद्धपोतों ने लंबी दूरी के सटीक हमलों के लिए अपनी तैयारी को प्रदर्शित करते हुए सफलतापूर्वक पोत विध्वंसक अभ्यास किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच यह अभ्यास किया गया। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय नौसेना के पोतों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए मंचों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए पोत विध्वंसक अभ्यास सफलतापूर्वक किया। भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए 'हर समय, कहीं भी, हर तरह से' युद्ध के लिए तैयार है। इस तरह की कवायद के तहत प्रतिद्वंद्वी के पोतों को निशाना बनाने का अभ्यास किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# हाशिम बाबा गैंग के दो बदमाश हथियारों के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हाशिम बाबा गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान संभल उप्र निवासी रिहान और जाफराबाद निवासी सलमान अहमद के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया रिहान पहले एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था। सलमान के संपर्क में आने के बाद नौकरी छोड़ दी और हाशिम बाबा गैंग के सदस्यों को अवैध हथियारों की सप्लाई करने लगा। (अनंत ज्ञान)

### पाक को सबक सिखाने और पीओके वापस लेने का समय आ गया: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पहलगाम आतंकवादी हमले के कुछ दिन बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए और पड़ोसी देश द्वारा कब्जाए गए कश्मीर के हिस्से को वापस लिया जाए। बनर्जी ने यह भी कहा कि यह 'केवल सर्जिकल स्ट्राइक या पाकिस्तान को धमकियां देने का समय नहीं है।' तृणमूल सांसद ने 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान उनकी भाषा में सबक सिखाया जाए। अब समय आ गया है कि ''राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे का निर्णायक ढंग से सामना किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### भारत बना नीतिगत स्थिरता और निश्चितता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था: संजय

**एजेंसी, वाशिंगटन**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी उद्योग से भारत में निवेश करने को कहा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत नीतिगत स्थिरता और निश्चितता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मल्होत्रा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमेरिका भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ने के बावजूद भारत में चालू वित्त वर्ष के दौरान 6.5 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। गवर्नर ने कहा कि ऐसे समय में जब कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक चुनौतियों और बिगड़ते आर्थिक परिदृश्य का सामना कर रही हैं, भारत मजबूत वृद्धि और स्थिरता दर्शा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### असम में 'देशद्रोही टिप्पणियां' करने पर 16 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद 'देशद्रोही टिप्पणियां' करने को लेकर असम में कम से कम 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट की कि 'अब तक कुल 16 असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की गई है।' गिरफ्तार किए गए लोगों में एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम भी शामिल हैं। शर्मा ने शनिवार को कहा था कि यदि जरूरत पड़ी तो, गिरफ्तार किये गए लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समानता नहीं है। दोनों दुश्मन देश हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# रूस बोला- कुर्स्क पूरी तरह हमारे कब्जे में

## 76 हजार यूक्रेनी सैनिकों के मरने-घायल होने का दावा किया; यूक्रेन बोला- लड़ाई जारी

**एजेंसी, मॉस्को**



रूस की सेना का कहना है कि उसने देश के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र पर पूरा नियंत्रण वापस पा लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सभी कोशिशें पूरी तरह असफल हो गई हैं।

रूस के शीर्ष सैन्य कमांडर वालेरी गेरासिमोव ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के कब्जे में बचा आखिरी गांव भी अब फिर से हासिल कर लिया गया है। यह आठ महीने पहले यूक्रेन के अचानक हमले के बाद हुआ है। गेरासिमोव ने दावा किया कि कुसर्क क्षेत्र में 76,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। यूक्रेन ने इस दावे को खारिज कर दिया है। यूक्रेन का कहना है कि उसके सैनिक अब भी रूसी सीमा क्षेत्र में ऑपरेशन कर रहे हैं, और उसने मॉस्को के दावों को प्रोपेगैंडा बताया है। बीते कुछ महीनों में यूक्रेनी सेना को कुर्स्क क्षेत्र में भारी दबाव का सामना करना पड़ा है। यहां 70 हजार रूसी सैनिक और भारी ड्रोन हमलों की वजह से यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा है। रूस इस क्षेत्र को फिर से हासिल करने के लिए बड़ा अभियान चला रहा है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 1.91 करोड़ सोने के साथ पकड़ा यात्री

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली पर कस्टम विभाग ने एक यात्री को सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा। यात्री के पास से 1.91 करोड़ रुपए मूल्य के दो किलोग्राम सोने के बिस्कुट बरामद हुए। ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा गया कि 25 अप्रैल को दुबई से दिल्ली आने वाले यात्री को ग्रीन चैनल के बाहर प्रोफाइलिंग के आधार पर रोका गया था। यात्री के सामान की जांच करने पर संदिग्ध सामान देखा गया। डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) पर जांच की गई, लेकिन जांच के दौरान कोई बीप की आवाज नहीं आई। अधिकारी ने कहा कि पकड़ा गया यात्री राजस्थान के जयपुर का निवासी है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में 10 उग्रवादी गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल**



**मणिपुर** के इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ने बताया कि प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पाम्बेई) के चार कार्यकर्ताओं और एक सहयोगी को इंफाल पूर्व के वांगखेई थंगापट मापन से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार उग्रवादी इंफाल घाटी में जबरन वसूली और स्थानीय लोगों को धमकाने की गतिविधियों में शामिल थे।

उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके-प्रो) के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम के लाम्फेलपट से गिरफ्तार किया गया, जबकि कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूडी) के पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्व के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया। इस बीच, पुलिस ने बताया कि काकचिंग जिले के मोल्तिनचाम गांव में तलाशी अभियान के दौरान बंदूकें, राइफल और ग्रेनेड सहित हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया गया। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
417




पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
16



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 2. | दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 3. | बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 |
| 4. | पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 |
| 5. | मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 6. | लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 09 | 03 | 05 | 07 |
| 8. | हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 |
| 9. | राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### अदिति चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 74वें स्थान पर

**द वुडलैंड्स (टेक्सास)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां



शेवरॉन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पांच ओवर पार का ही कार्ड खेल सकीं जिससे वह संयुक्त 74वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में एक बर्डी लगाई, जबकि चार बोगी और एक डबल बोगी कर बैठी। बैक नाइन से शुरू करने वाली अदिति ने 16वें होल पर बोगी की। उन्होंने 17वें होल पर बर्डी के साथ वापसी की, लेकिन 18वें होल पर डबल बोगी कर बैठीं। इससे बैक नाइन पर उनका स्कोर दो ओवर पार का था। फ्रंट नाइन पर अदिति दूसरे, छठे और सातवें होल में तीन और बोगी कर बैठीं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर पार का रहा। (अनंत ज्ञान)

### सारा चेलंगट-जोशुआ चेप्टेगी टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर

**बेंगलुरु।** सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किलोमीटर) दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए। विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं। भारतीय खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग में अभिषेक पाल, जबकि महिलाओं में संजीवनी जाधव पहले स्थान पर रही। इन दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में कोच्चि में फेडरेशन कप में देश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बाद यहां इस आयोजन में भाग लेकर असाधारण साहस दिखाया। सारा हालांकि 30 सेकंड से इस आयोजन का मीट रिकॉर्ड कायम करने से चूक गई। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेट की हुस्नपरी सारा ग्लेन

**इंग्लैंड** की महिला क्रिकेटर सारा ग्लेन अपने शानदार खेल के लिए ही नहीं बल्कि खूबसूरती के लिए भी अकसर सुर्खियों में रहती हैं। सारा सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं, इन्हें क्रिकेट की हुस्नपरी भी कहा जाता है।



---

**आईपीएल** बुमराह ने 4, बोल्ट ने 3 और जैक्स ने झटके 2 विकेट

# मुंबई ने लखनऊ को 54 रन से हराया



विकेट लेने के बाद खुशी मनाता बुमराह।

**एजेंसी, मुंबई**

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन सूर्यकुमार यादव और रियान रिक्लेटन की अर्द्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 161 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट झटके। बुमराह इसके साथ ही मुंबई के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एडेन मार्करम का विकेट जल्दी गंवा दिया जो 9 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट कर लखनऊ को बड़ा झटका दिया जो 15 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ के कप्तान एक बार फिर विफल रहे और चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। मिचेल मार्श ने हालांकि, कुछ हद तक टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बोल्ट ने उनकी पारी का अंत कर दिया। मार्श 24 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए।

लखनऊ ने डेविड मिलर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा और उन्होंने आयुष बडोनी के साथ साझेदारी निभाने की कोशिश की। बोल्ड ने बडोनी को 35 रन पर पवेलियन भेजा और फिर मिलर भी बुमराह का शिकार बने। मिलर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में बुमराह ने अब्दुल समद और आवेश खान के भी विकेट चटकाए। रवि बिश्नोई ने दो छक्के लगाकर आंकड़ा कम करने का प्रयास किया, लेकिन कॉबिन बॉश ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। पारी की अंतिम गेंद पर बोल्ड ने दिग्वेश राठी को बोल्ड कर लखनऊ की पारी का अंत किया। मुंबई के लिए बुमराह के अलावा बोल्ट ने तीन विकेट लिए, जबकि विल जैक्स को दो और बॉश को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

## स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिकेल्टन क. बदोनी ब. दिग्वेश | 58 | 32 | 6/4 |
| रोहित क. प्रिंस ब. मयंक | 12 | 05 | 0/2 |
| जैक्स ब. प्रिंस | 29 | 21 | 3/1 |
| सूर्यकुमार क.मार्स ब. आवेश | 54 | 28 | 4/4 |
| तिलक क. प्रिंस ब. बिश्नोई | 06 | 05 | 1/0 |
| हार्दिक ब. मयंक | 05 | 07 | 0/0 |
| धीर (नाबाद) | 25 | 11 | 2/2 |
| बॉश क. पूरन ब. आवेश | 20 | 10 | 2/1 |
| दिपक (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **215/7** | | |

**विकेट पतन** : 1-33, 2-88, 3-116, 4-137, 5-157, 6-180, 7-208.

**गेंदबाजी :** मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, दिग्वेश 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-0.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मार्श क. तिलक ब. बोल्ट | 34 | 24 | 3/2 |
| मार्करम क. धीर ब. बुमराह | 09 | 11 | 2/0 |
| पूरन क. सूर्यकुमार ब. जेक्स | 27 | 15 | 1/3 |
| पंत क. करण ब. जेक्स | 04 | 02 | 1/0 |
| बदोनी क. जैक्स ब. बोल्ट | 35 | 22 | 2/2 |
| मिलर क. बॉश ब. बुमराह | 24 | 16 | 3/0 |
| समाद ब. बुमराह | 02 | 04 | 0/0 |
| बिश्नोई ब. बॉश | 13 | 14 | 0/2 |
| आवेश ब. बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| प्रिंस (नाबाद) | 04 | 09 | 0/0 |
| दिग्वेश ब. बोल्ट | 01 | 03 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **161/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-18, 2-60, 3-64, 4-110, 5-135, 6-141, 7-142, 8-142, 9-157, 10-161.

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-20-3, दीपक 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, करण 2-0-25-0, पांड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1.

## बेंगलुरु के गेंदबाजों ने दिल्ली को बड़े स्कोर से रोका



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 46वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजर दिल्ली से उसके घर में बदला लेने पर है।

आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए दिल्ली के ओपनर बल्लेबाज अभिषक पोरेल और फाफ डु प्लेसिस ने पहले ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 11 गेंदों में 28 रन बनाए, जिन्हें हेजलवुड ने जितेश शर्मा के हाथों कैच करवाया। उसके बाद नैयर बल्लेबाजी करने आए और 4 रन बनाकर आउट हो गए। डुप्लेसिस भी 22 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक दिल्ली ने 12 ओवरों में 3 विकेट के नुक्सान पर 94 रन बना लिए थे। केएल राहुल (14) और अक्षर पटेल (15) रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला स्टेडियम के बाहर आईपीएल की टिकटों के लिए उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स में बीच आईपीएल के मैच खेला जाना है, जिसको लेकर पंजाब की और से रविवार को सुबह 11 बजे ही धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मैच की टिकटों को बेचने के लिए ऑफलाइन काउंटर खोल दिया गया। जैसे ही सुबह टिकट काउंटर खुला तो मैच की टिकट लेने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का हजूम उमड़ आया। तेज धूप और लंबी-लंबी लाइनों में लगकर क्रिकेट प्रेमियों ने मैच के टिकट हासिल किए। बता दें कि एक टिकट की कीमत 2 हजार रुपए रखी गई हैं। इस दौरान एक व्यक्ति को केवल मैच के दो ही टिकट दिए गए है।

गुरदासपुर पंजाब से आए प्रदीप कुमार ने कहा कि वह सुबह ही धर्मशाला पहुंच गए और 11 बजे ही लाइन में लग गए और मैच की टिकट हासिल कर ली। वहीं, धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल के मैचों को लेकर अब धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भी पर्यटकों की एंट्री पर भी रोक लगा दी गई है। एक मई को पंजाब की टीम धर्मशाला पहुंच जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## गेंदबाज आक्रामक बने रहे तो उनका भी दिन बन जाएगा : बोल्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। मौजूदा आईपीएल में टीम लगातार 200 से अधिक रन का स्कोर कर रही हैं तथा खिलाड़ियों और खेल विशेषज्ञों का मानना है कि टूर्नामेंट में किसी भी समय कोई भी टीम 300 रन के जादुई आंकड़े को छू सकती है। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। बोल्ट ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस



टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बन जाएगा। ऐसा लगता है कि गेंद सीधी जा रही है, हालांकि मुझे लगता है कि देश के कुछ हिस्सों में यह अब भी स्विंग कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''गेंदबाजों के लिए सकारात्मक बात यह है कि बल्लेबाज आक्रामक होकर खेलना चाहते हैं, जिससे अवसर पैदा होते हैं। अगर हम सटीक गेंदबाजी करते हैं और आक्रामक बने रहते हैं तो मैच के किसी न किसी मोड़ पर गेंदबाजों का भी दिन होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## प्रभसिमरन इस सत्र में दिखा रहे हैं अधिक परिपक्वता : जोशी

**एजेंसी, कोलकाता**

पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र ने अधिक परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं।

पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि, यह मैच पूरा नहीं हो पाया और दोनों टीम में एक-एक अंक बांट दिया गया। जोशी ने मैच के बाद पत्रकारों से



कहा, ''मुझे लगता है कि यह सब आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। टूर्नामेंट से पहले वह अपनी बल्लेबाजी में कितना निखार लाता है यह महत्वपूर्ण होता है। निश्चित रूप से मुख्य कोच रिकी (पोंटिंग) ने बल्लेबाजी कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर जो सकारात्मक माहौल बनाया है उसके अच्छे परिणाम नजर आ रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''प्रभसिमरन सफेद गेंद के प्रारूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल भी उन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी थी। आंकड़े इसके गवाह हैं, लेकिन इस साल वह अधिक परिपक्व हो गए हैं और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया है।''

नाइट राइडर्स ने जब बिना किसी नुकसान के सात रन बनाए थे तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। जोशी ने इस संदर्भ में कहा, ''हम प्रकृति के खिलाफ नहीं जा सकते। हमें इसे स्वीकार करना होगा। अगर खेल होता तो यह एक अच्छा मुकाबला होता। हमारे पास दो अंक हासिल करने का मौका था, लेकिन हमें यह स्वीकार कर रहा होगा कि हमें एक अंक मिला और हम एक और अंक हासिल करने से चूक गए।'' इस बीच नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने कहा कि उनकी टीम एक अंक पाकर संतुष्ट है। (अनंत ज्ञान)

## भारत के 14 मुक्केबाज अंडर-15 व 17 एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

**एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)**



भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। (अनंत ज्ञान)

## एस्टन विला को हराकर क्रिस्टल पैलेस तीसरी बार एफए कप फाइनल में

**एजेंसी, लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे



मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एजे ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फॉरेस्ट से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे कप जीता

**एजेंसी, सेविले**



जूल्स कौंडे के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 3-2 से हराकर इस सत्र में तिहरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए।

राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियाल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है। पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियाल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## रोनाल्डो का एलीट मैच में अल नसर की जीत में अहम योगदान

**एजेंसी, जेद्दा (सऊदी अरब)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के



क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। 40 साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी।

एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया। बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में अल नसर का मुकाबला कतर के अल-साद और जापान के कावासाकी फ्रंटेल के बीच रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** रॉयल्स के खिलाफ टाइटंस की कोशिश तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की

# गुजरात टाइटंस-राजस्थान रॉयल्स आज होंगी आमने-सामने

**एजेंसी, जयपुर**

शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंचना होगा।




शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में से छह जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में शीर्ष पर काबिज है और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो और जीत की जरूरत है। टाइटंस ने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और उसे सिर्फ दो बार हार सामना करना पड़ा है। साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः ऑरेंज (सबसे ज्यादा रन) और पर्पल (सबसे ज्यादा विकेट) कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। गुजरात की इस टीम के लिए गिल, सुदर्शन और जोस बटलर शानदार लय में है। इस तिकड़ी के तीनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में 300 से अधिक रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से अधिक रहा है।

अनुभवी कागिसो रबाड़ा सत्र की शुरुआत में व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौट गए लेकिन इसके बावजूद गेंदबाजी टीम की प्रमुख ताकत बनकर उभरी है। कई चोटों के बाद प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आठ मैचों में 14.12 की औसत से 16 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजों को चकमा देने और गेंद की लंबाई में बदलाव करने की उनकी क्षमता उनकी सफलता की कुंजी रही है। मोहम्मद सिराज भी गेंद से प्रभावी रहे हैं, उन्होंने अब तक 12 विकेट लिए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। आर साई किशोर भी इस सत्र में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में शामिल हैं। इस वामहस्त स्पिनर ने 8.22 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं।

टाइटंस के पास इशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और कुलवंत खेजरोलिया जैसे खिलाड़ी भी है और टीम ने इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उनका प्रभावशाली इस्तेमाल किया है। दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 11 रनों से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल, रियान पराग (कप्तान), नितीश राणा, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महेश तीक्षाना, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, कुमार कार्तिकेय, युद्धवीर सिंह चरक, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, केवेना मफाका, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (चोटिल)।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कागिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।